आज का तापमान
| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 25°C | 13°C |

इनसाइड न्यूज
आकाश सरोज की शतरंजी चाल
अल्फिशा बानो के भाए विचार
उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

रविवार 08 दिसंबर, 2024 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 57 | www.janexpresslive.com/epaper



'2014 के बाद गरीबी से बाहर आए... 12

### स्वर्वेद महामंदिर धाम, वाराणसी में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# देश सुरक्षित तो धर्म भी रहेगा सुरक्षित: सीएम

- सीएम योगी ने कहा, 10 साल में नरेंद्र मोदी ने काशी को चमका दिया है
- योगी ने कहा, सबको जोड़ने की ताकत रखती है भारतीयता और सनातन

जन एक्सप्रेस | वाराणसी





सीएम योगी वाराणसी दौरे के दूसरे दिन स्वर्वेद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल हुए। 25000 कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है। लाखों लोगों के होने के बावजूद यहां की सुचारू व्यवस्था की सीएम योगी ने तारीफ की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी जी कहते हैं कि हर काम देश के नाम होना चाहिए। देश सुरक्षित है तो धर्म भी सुरक्षित है। धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित हैं, इसलिए जो भी कार्य हो, वह व्यक्ति, समाज, मत-मजहब के दायरे से ऊपर उठकर सनातन धर्म के मूल्यों के अनुरूप भारत की वैदिक-आध्यात्मिक परंपरा का अनुसरण करते हुए देश के नाम होना चाहिए। भारतीयता और सनातन सबको जोड़ने की ताकत रखता है।

### 1924 में सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने की थी विहंगम योग संत समाज की स्थापना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 1888 में बलिया के छोटे से गांव में सद्गुरु सदाफल देव महाराज का अवतरण हुआ। उन्होंने 1924 में विहंगम योग संत समाज की स्थापना की। जब समाज शताब्दी समारोह कार्यक्रम के साथ जुड़ रहा है, तब हम भी इसके साक्षी बन रहे हैं। हम सभी को संत की यौगिक साधना का प्रसाद प्राप्त हो रहा है। विहंगम योग संत समाज स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के माध्यम से दिव्य-भव्य मंदिर बनाकर कोटि-कोटि श्रद्धालुजनों को अपने पुरुषार्थ के माध्यम से जोड़ने के साथ ही भारत की योग परंपरा व आध्यात्मिक धारा को जन-जन तक पहुंचाने को कृतसंकल्पित दिख रहा है।

### हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता सच्चा योगी

सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव महाराज ने आध्यात्मिक अभियान को आगे बढ़ाया और यह भी बताया कि सच्चा योगी-संत देश व समाज की परिस्थितियों को देखकर हाथ पर हाथ रखकर बैठा नहीं रह सकता। देश जब गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा था, तब सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ विदेशी दासता से मुक्त कराने के लिए आजादी के आंदोलन में भाग लेकर बैरकपुर से देश के प्रथम स्वातंत्र्य समर के शंखनाद के साथ खुद को जोड़ा था। आप सब भी समृद्ध आध्यात्मिक परंपरा के साथ राष्ट्रधर्म के लिए समर्पित महत्वपूर्ण कड़ी से खुद को जोड़ रहे हैं।

### सद्गुरु की परंपरा का आज भी हो रहा निर्वहन

सीएम योगी ने कहा कि सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज ने उत्तराखंड ने स्वर्वेद रचा। उनकी अद्भुत परंपरा का निर्वहन आज भी हो रहा है। विज्ञान देव जी महाराज एक वर्ष से कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा पर थे। आचार्य जी भी विदेश में भक्तों को जगाने के लिए आध्यात्मिक यात्रा पर निकले थे। यह संदेश देता है कि चुपचाप नहीं बैठना है, बल्कि एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरुआत करनी है और हर काम देश-सनातन धर्म के नाम है। आज हम जिस कार्यक्रम के साथ जुड़ रहे हैं, यह उसी विरासत का सम्मान है, जिसे 100 वर्ष पहले सद्गुरु सदाफल देव महराज ने प्रारंभ किया था। आचार्य स्वतंत्र देव जी महाराज, संत प्रवर विज्ञान देव महाराज उसी परंपरा का अनुसरण करते हुए उसे आगे बढ़ाते हुए जनजागरण के वृहद अभियान से जुड़ रहे हैं।

### 500 सालों का इंतजार समाप्त हुआ

एक कुंभ यहां पर है, तो दूसरा महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाला है। प्रयागराज महाकुंभ को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिला दी है। यही नहीं यह वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में 22 जनवरी 2024 को 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं।

### आज काशी एक नई काशी है

आप देख रहे होंगे कि आज काशी एक नई काशी है। प्रधानमंत्री ने 10 वर्षों काशी को चमका दिया है। आज काशी में नमो घाट है। देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घाट है। जहां हेलीपैड भी है। काशी में देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है। काशी में इन्फ्रास्ट्रक्चर के कार्य- चाहे सड़क, रेल और वायु सेवा की कनेक्टिविटी हो 2014 से पहले था उससे 100 गुना बेहतर बनी है। अब काशी से हल्दिया के बीच जलमार्ग का उपयोग करते हुए भी अपनी यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं।

### अकेले चुपचाप नहीं बैठना है....

अकेले चुपचाप नहीं बैठ जाना है। एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरुआत कर देनी है, लेकिन हर कार्य देश के नाम, सनातन धर्म के नाम पर होना चाहिए। एक सच्चा संत देश और समाज की परिस्थितियों से हाथ पर हाथ रखकर चुपचाप बैठा नहीं रह सकता है

### अच्छा नेतृत्व मिलता है तो परिणाम सुखद आते हैं

सीएम योगी ने कहा कि अच्छा नेतृत्व मिलता है तो सुखद परिणाम आते हैं। आज विरासत का सम्मान भी है तो विकास के माध्यम से लोककल्याण का बड़ा अभियान भी। योग की परंपरा को वैश्विक मंच पर ले जाने का श्रेय पीएम मोदी को जाता है। दुनिया के 175 से अधिक देशों के अंदर लोग योग के साथ जुड़े हैं। जब भी योग की चर्चा होगी, भारत के ऋषियों के प्रति श्रद्धा का भाव दुनिया के नागरिकों के मन में जुड़ेगा। पीएम मोदी ने 21 जून की तिथि को विश्व योग दिवस के रूप में कर दिया प्रयागराज में 13 जनवरी से महाकुंभ प्रारंभ होने वाला है। पीएम मोदी ने इसे भी मान्यता के अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिला दी। मोदी जी के मार्गदर्शन में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं।

### पीएम मोदी ने भी की थी विहंगम योग संत समाज व ट्रस्ट के कार्यों की सराहना

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 18 दिसंबर 2023 को इस समारोह का शुभारंभ किया था। शताब्दी महोत्सव के अवसर पर उन्होंने स्वर्वेद महामंदिर का भव्य उद्घाटन भी करते हुए विहंगम योग संत समाज व स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की थी। 2021 में भी पीएम मोदी के सानिध्य में इस पूरे कार्यक्रम में हमें सहभागी बनने का अवसर प्राप्त हुआ था। इस दौरान आचार्य स्वतंत्र देव जी महाराज, स्वतंत्र प्रवर विज्ञान देव जी महाराज, कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर आदि मौजूद रहे।

### पहले की तुलना में 2014 के बाद से 100 गुना बेहतर हुई काशी की कनेक्टिविटी

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र काशी को 10 वर्ष में चमका दिया है। अब काशी विश्वनाथ धाम, दुनिया का सबसे बड़ा स्नान घाट (नमो घाट) है। यहां हैलीपेड भी है। यहां बड़े-बड़े कार्यक्रम हो सकते हैं। काशी के घाट अब नए भव्य स्वरूप में देखने को मिलते हैं। देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है। पहले की स्थिति के मुकाबले 2014 के बाद से सड़क, रेल, वायुसेवा की कनेक्टिविटी 100 गुना बेहतर हुई है। अब काशी से हल्दिया के बीच में जलमार्ग का उपयोग कर यात्रा को बढ़ा सकते हैं। यह क्षेत्र भी अब तीर्थ के रूप में विकसित हो गया है। स्वास्थ्य हो या शिक्षा, विकास के विभिन्न पक्षों को लेकर काशी आज चमक रही है।

# मायावती ने भाजपा के सुर में मिलाया सुर!

### बसपा सुप्रीमो ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को घेरा

- कहा, कांग्रेस और सपा चुप है और अब केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल-संभल चिल्ला रही है
- बसपा चीफ ने मांग की कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के दलितों को भारत लाना चाहिए

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



बसपा सुप्रीमो मायावती ने बांग्लादेश में हिंदुओं के उत्पीड़न पर भाजपा के सुर में सुर मिलाया है। इस मामले में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को घेरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा चुप है और अब केवल मुस्लिम वोट के लिए संभल-संभल चिल्ला रही है। कांग्रेस, सपा और उसके समर्थक एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। संसद में देश और जनहित के मुद्दे ना उठाने पर बसपा सुप्रीमो और पूर्व यूपी सीएम मायावती ने विपक्ष को घेरा है। बसपा चीफ ने मांग की कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश के दलितों को भारत लाना चाहिए।

### आकाओं को खुश कर रहे दलित वर्ग के सांसद

मायावती ने कहा कि इससे भी ज्यादा दुख की बात ये है कि जिनकी बदौलत से संसद में दलित वर्ग के सांसद पहुंचे हैं वो भी अपनी-अपनी पार्टियों के आकाओं को खुश करने के लिए दलित उत्पीड़न के मुद्दे पर चुप्पी साधकर बैठ गए हैं। चाहे वो दलितों के उत्पीड़न का मामला अपने देश का है या बांग्लादेश का हो।

### बांग्लादेश में हिन्दू जुल्म का शिकार हो रहे उनमें ज्यादातर लोग दलित और कमजोर तबके के

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि वहां जो हिन्दू जुल्म का शिकार हो रहे हैं उनमें ज्यादातर लोग दलित और कमजोर तबके के हैं।

### बीजेपी गरीब-विरोधी और पूंजीपतियों के हितों का समर्थन करने वाली

मायावती ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया था कि राजनीतिक सशक्तीकरण के संघर्ष में दलित और आंबेडकरवादी समुदायों को एकजुट होने की आश्यकता है। मायावती ने प्रदेश की योगी सरकार पर धार्मिक एजेंडे को संवैधानिक जिम्मेदारियों से अधिक प्राथमिकता देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार की तरह ही वर्तमान में बीजेपी की गरीब-विरोधी और पूंजीपतियों के हितों का समर्थन करने वाली नीतियों के खिलाफ लोगों में गुस्सा है। इनसे ध्यान भटकाने के लिए यह पार्टी जातिवादी, सांप्रदायिक और संकीर्ण हथकंडे अपनाती है।

### सपा-कांग्रेस मुस्लिम समाज को भी तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही

बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं को लेकर पूछा कि कांग्रेस और सपा इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं। ये दोनों दल सिर्फ मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए सिर्फ संभल हिंसा की बात कर रहे हैं मुस्लिम समाज को लड़वा रही हैं। इन्हें बाकी मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। आरोप लगाते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस मुस्लिम समाज को भी तुर्क और नॉन तुर्क को आपस में लड़ा रही है। उन्होंने मुस्लिमों को नसीहत दी है कि इनसे सावधान रहें।

# डीजीपी साहब हिस्ट्रीशीटरों पर कार्रवाई नहीं करती आपकी पुलिस

- हिस्ट्रीशीटर परिवार पर एक ही कोतवाली में संगीन धाराओं में 20 मुकदमे
- शिकायतों के बावजूद पुलिस रहती है मौन, नहीं करती कार्रवाई

जन एक्सप्रेस | हेम नारायण द्विवेदी



**लखनऊ।** भले ही योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। अपराधियों को चुन-चुन कर जाहन्नुम भेजा जा रहा है। लेकिन कहीं न कहीं पुलिस की शह पर आज भी कई अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्हीं में से एक है हिस्ट्रीशीटर आनंद सिंह रंजन और उसका परिवार, जिन पर कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है।

### जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं हिस्ट्रीशीटर

कोतवाली कादीपुर में हिस्ट्रीसीटर आनंद और उसके दोनों भाई और पिता के खिलाफ शिकायत करने के बाद भी सुल्तानपुर पुलिस कार्रवाई करने से बचती रही है। ग्राम सभा निवासी अवधेश पांडेय ने कोतवाली में शिकायत कर बताया कि हिस्ट्रीशीटर आनंद सिंह रंजन और उसके परिवार के सदस्य जबरन उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है।

### सुल्तानपुर पुलिस बड़ी घटना का कर रही इंतजार

ग्राम सभा की ही एक महिला सोनी ने भी एप्लीकेशन देकर हिस्ट्रीशीटरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। ऐसा एक बार नहीं कई बार कराया गया। पूर्व में भी सोनी ने आरोपितों पर केस दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने फिर भी आरोपितों पर कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा। पुलिस के इस रवैये से तो लगता है जैसे पुलिस किसी बड़ी वारदात का इंतजार कर रही है।

### हत्या अपहरण व रंगदारी समेत दो दर्जन से अधिक केस

कादीपुर कोतवाली में हिस्ट्रीशीटर आनंद सिंह रंजन और उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। हत्या, हत्या प्रयास, गुंडा एक्ट समेत कई संगीन धाराओं में हिस्ट्रीशीटर के परिवार के ऊपर मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली में आनंद के ऊपर 12 मुकदमे, भाई धीरेंद्र सिंह पर छह और दूसरे भाई विजय विक्रम सिंह पर चार और आनंद के पिता उदयभान सिंह पर भी चार केस दर्ज हैं। एक ही परिवार के सदस्यों पर इतने केस होने के बावजूद पुलिस कार्रवाई की हिम्मत नहीं जुटा पा रही। या कह सकते हैं कि पुलिस कार्रवाई करना नहीं चाहती है।


### अपराधियों पर इतनी मेहरबानी क्यों

लोगों का आरोप है पुलिस का डंडा केवल कमजोर और असहाय लोगों के लिए ही चलता है। अपराधिक रिकॉर्ड और दबंग होने के बावजूद हिस्ट्रीशीटर आनंद सिंह रंजन और उसके परिवार के सदस्यों पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। आखिर अपराधियों पर इतनी मेहरबानी क्यों बरत रही है योगी सरकार की पुलिस, यह जांच का विषय है।

# बेरोजगारी पर योगी सरकार का वार, यूपी में आएगी नौकरी की बहार

- प्रदेश से भागेगी बेरोजगारी, नौकरियों को लगेगा बूस्टर डोज

जन एक्सप्रेस | संतोष कुमार दीक्षित



**राज्य मुख्यालय।** विकास के मार्ग पर अग्रसर उत्तर प्रदेश में जल्द ही नौकरियों की बहार भी आएगी। इसके लिए योगी आदित्यनाथ ने प्लान तैयार कर लिया है। सीएम ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के हिसाब से समयबद्ध तरीके से रोजगार उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता में है। स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने रोजगार सृजन के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो 22 दिसंबर तक रोजगार के प्लान को लेकर सीएम योगी के समक्ष रिपोर्ट पेश करेगी।

### ग्रामीण स्तर पर भी तलाशी जाएंगी नौकरी की संभावनाएं

सरकार ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी मुख्य धारा में जोड़ना चाहती है इसके लिए यहां के युवाओं को भी गांव स्तर पर नौकरियां उपलब्ध कराई जाएंगी। बैंकिंग सखी, ग्राम सचिवालय, बारात घर, सरकारी राशन की दुकान और तालाबों में मछली पालन जैसे क्षेत्रों से जोड़कर रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

### कमेटी तलाशेगी संभावनाएं

रोजगार सृजन को बनाई गई तीन सदस्यीय कमेटी के मेंबर प्रदेश में उन संभावनाओं को तलाशेंगे जिन क्षेत्रों में अधिक से अधिक युवाओं को नौकरी मुहैया कराई जा सके। इसके लिए चिकित्सा, शिक्षा, पर्यटन और कंस्ट्रशन क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर चुना जाएगा। इन क्षेत्रों में नौकरी की संभावनाएं दिनों दिन बढ़ रही हैं। प्रदेश में अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा से लेकर आगरा में भारी संख्या में पर्यटकों का आना-जाना रहता है। सूबा सरकार भी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हर क्षेत्र में काम कर रही है। ताजमहल को जहां रात्रि दीदार के लिए खोलने पर मंथन हो रहा है, वहीं वेडिंग डेस्टीनेशन को बढ़ावा देने पर भी मंथन चल रहा है।

### मुख्य सचिव करेंगे निगरानी

सीएम योगी आदित्यनाथ की बनाई रोजगार सृजन कमेटी में एसीएस वित्त, पीएस, एमएसएमई श्रम शामिल हैं। कमेटी की मॉनीटिरंग मुख्य सचिव करेंगे। कमेठी रोजकार सृजन की योजना के लिए संस्थानों के प्रतिनिधियों से चर्चा करेगी।

## यूपी में छह महीने हड़ताल करने पर लगी रोक

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश सरकार ने अपने अधीन विभागों, निगमों और प्राधिकरणों में छह माह के लिए हड़ताल पर पाबंदी लगा दी है। इस संबंध में प्रमुख सचिव, कार्मिक, एम. देवराज की ओर से शुक्रवार को अधिसूचना जारी की गई। माना जा रहा है कि यह प्रतिबंध निजीकरण के खिलाफ बिजली विभाग के कार्मिकों की संभावित हड़ताल को देखते हुए लगाया गया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1966 के तहत अगले छह माह तक हड़ताल निषिद्ध रहेगी। उत्तर प्रदेश राज्य के कार्यकलापों के संबंध में किसी लोकसेवा और राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले निगमों व स्थानीय प्राधिकरणों में यह प्रतिबंध लागू होगा। पूर्वांचल और दक्षिणांचल को निजी हाथों में देने के मसले पर विभिन्न श्रम संघ एक मंच पर आ गए हैं।

### संगठनों ने आंदोलन तो प्रबंधन ने दी कार्रवाई की चेतावनी

पूर्वांचल और दक्षिणांचल को निजी हाथों में देने को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। कर्मचारी संगठनों ने आंदोलन का एलान कर दिया है। उनका साफ कहना है कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनशिप (पीपीपी) मॉडल के दूरगामी परिणाम कार्मिकों ही नहीं प्रदेश की आर्थिक सेहत के लिए भी हानिकारक होंगे। दूसरी तरफ कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने हड़ताल पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

# हवाई जहाज में सोने की, ट्रेन में चरस की तस्करी

### तस्करों की पसंद बन रहा लखनऊ, गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर 11 किलो चरस लेकर जा रही दो महिला तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

- दोनों आरोपी बिहार के रहने वाली हैं और अवध एक्सप्रेस से बिहार से लखनऊ आई थीं
- पुलिस ने बताया कि जब्त की गई चरस की कीमत बाजार में करीब 5.5 करोड़ रुपये है
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने एक अभियान में दोनों को गिरफ्तार किया

प्रदेश की राजधानी में तस्करी का धंधा बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी का मामला सामने आया था, अब रेलवे स्टेशन पर चरस की तस्करी का खुलासा हुआ है। लखनऊ में बड़े पैमाने पर दूसरे राज्यों से लाई जा रही चरस खपाई जा रही है। गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर 11 किलो चरस लेकर जा रही दो महिला तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूरी खेप जब्त कर ली गई। दोनों आरोपी बिहार के रहने वाली हैं और अवध एक्सप्रेस से बिहार से लखनऊ आई थीं। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई चरस की कीमत बाजार में करीब 5.5 करोड़ रुपये है। लखनऊ रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार रात दो महिलाओं को कथित तौर पर 5 करोड़ रुपये की चरस की तस्करी करने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया गया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की संयुक्त टीम ने एक अभियान में दोनों को गिरफ्तार किया।

### एनसीबी को मिली थी सूचना

एनसीबी को सूचना मिली कि अवध एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 19038) में दो महिला तस्कर सवार हैं। टीम ने तुरंत आरपीएफ से संपर्क किया और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद आरपीएफ और एनसीबी ने एक संयुक्त टीम बनाई और तस्करों की तलाश के लिए अभियान शुरू किया। टीम ने महिलाओं का पता लगाने के लिए संदिग्ध व्यवहार के लिए यात्रियों की जांच की।



### पूरा ऑपरेशन महिला अधिकारियों की मदद से चलाया गया

रात 11:10 बजे जब ट्रेन बुधवाल स्टेशन पर पहुंची, तो टीम ने महिला कोच की तलाशी ली। उन्होंने तुरंत दो महिलाओं को संदिग्ध हरकत करते हुए देखा और उनके सामान की तलाशी ली। इसी दौरान पुलिस को 11 किलो वजनी 22 पैकेट चरस मिली। एनसीबी ने तुरंत ही सामान जब्त कर लिया और दोनों महिलाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। एनसीबी अधिकारी प्रशांत सिंह यादव ने बताया कि पूरा ऑपरेशन महिला अधिकारियों की मदद से चलाया गया।

### आरोपी बिहार के पश्चिमी चंपारण के मझौलिया इलाके के रहने वाली हैं

आरोपियों को ट्रेन में ही हिरासत में ले लिया गया। बाद में जब ट्रेन लखनऊ के गोमती नगर रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी बिहार के पश्चिमी चंपारण के मझौलिया इलाके के रहने वाली हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त ने सुनी समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



चित्रकूट धाम मंडल बांदा आयुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार मऊ में किया गया।

साथ ही अन्य तहसीलों में भी समाधान दिवस का आयोजन कर आम जनमानस की समस्याओं को सुना गया एवं सम्बन्धित को निस्तारण के निर्देश दिए गए। मऊ में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में मंडलायुक्त ने प्राप्त शिकायतों व प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में कहा कि शासन की मंशानुरूप सभी सम्बन्धित अधिकारी निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि जमीन से सम्बन्धित समस्याओं में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम भेजकर स्थलीय निरीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण कराएं। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का शासन की मंशानुरूप समयबद्ध गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं।

शनिवार को जनपद की तहसीलों में आयोजित किए गए सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत मऊ में प्राप्त हुए 144 प्रार्थना पत्रों में से 5 का निस्तारण, मानिकपुर में प्राप्त 76 प्रार्थना पत्रों में से तीन का निस्तारण, राजापुर में प्राप्त 49 प्रार्थना पत्रों में से चार का निस्तारण व कर्वी में प्राप्त 55 प्रार्थना पत्रों में तीन का निस्तारण मौके पर किया गया।

इस मौके पर मऊ में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, उप कृषि निदेशक राजकुमार, प्रभागीय वनाधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इन्द्रनारायण सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खंड संतोष कुमार सिंह, तहसीलदार मऊ रामसुधार सिहं आदि मौजूद रहे।

# कस्तूरबा आवासीय विद्यालय पिडारी में छात्रा की संदिग्ध मौत

जन एक्सप्रेस। उरई

एट थाना क्षेत्र के ग्राम पिंडारी में स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। एट थाना क्षेत्र के ग्राम भरसूडा निवासी छाया 13 वर्ष पुत्री मुलायम सिंह अहिरबार ग्राम पिंडारी में स्थित कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा थी और उसने पिछले वर्ष ही विद्यालय में दाखिला लिया था। बताया गया है कि रोज की तरह वह शनिवार को विद्यालय गई हुई थी। जहां संदिग्ध हालात में उसकी मौत हो गई। मामले में कुछ लोगों ने दबी जुवान से बताया कि छात्रा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। बताया गया कि को विद्यालय में 11 से 12 लोगों का स्टॉप है, लेकिन रात्रि में कोई रुकता नहीं है, सभी बच्चों को छोड़कर चले जाते हैं। जब छाया की हालत सीरियस हो गई, तब विद्यालय की प्राचार्य सुषमा स्वर्णकार और सहयोगी उसे उपचार के लिए पीएससी पिंडारी ले गए।जहां पर डॉ. मनोज राजपूत ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुत्री की मौत होने की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और उन्होंने स्टॉप पर लापरवाही बरतते का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## बीमार छात्रा का आरोप, मिड-डे मील का खाना खाने से बिगड़ी हालत



उरई। छात्रा गौरी ने बताया कि सभी छात्राओं ने शुक्रवार रात में दाल-चावल, लौकी की सब्जी, रोटी और खीर खाई थी। खाना खाने के बाद चार छात्राओं की हालत बिगड़ गई। बताया कि सभी के सिर में दर्द हुआ था और आंख से पानी आने लगा था। हालत बिगड़ने पर स्टाफ ने सभी को दर्द की दवा दी, लेकिन हालत में सुधार न होने पर सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिंडारी में भर्ती कराया गया। जहां पर दो की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जिसमें से छाया ने दमतोड़ दिया। जबकि अन्य छात्राओं की स्थिति देखते हुए उनका इलाज किया जा रहा है।



# सपा ने संगठन को मजबूत बनाने पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में सपा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। साथ ही बैठक में पार्टी नगर अध्यक्ष रामनरेश अग्रहरि के माता के निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि जनपद में सपा का संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। जिसका उदाहरण बीते लोकसभा चुनाव में कर्वी और मानिकपुर दोनों विधानसभा में दिखा है। पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ता को जनहित को सर्वोपरि मानकर काम करना पड़ेगा। सांसद प्रतिनिधि डॉ अंकुर पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता की सारी समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पंचायत चुनाव के लिए तैयार रहकर आने वाले पंचायत चुनावों में अधिक से अधिक कार्यकर्ता को पंचायत चुनाव में जीत दिलाते हुए जिला पंचायत में समाजवादी बोर्ड बनाना है। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहा कि आने वाले 2027 विधानसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी को दोनों विधानसभाओं में जीत दिलाकर उप्र में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना ही सपाईयों का लक्ष्य होना चाहिए। इसके लिए विधानसभा वार बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू करते हुए इसकी शुरुआत मानिकपुर विधानसभा से की जाए। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने बताया कि मानिकपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली जिला पंचायत चुनावों में संगठन द्वारा घोषित सभी प्रत्याशियों को जिताने का काम किया जाएगा।

इस मौके पर कोआपरेटिव अध्यक्ष लवलेश यादव, मो. गुलाब खान, सत्यनारायण पटेल, गोपीचंद्र यादव, अश्विनी विक्की यादव, महिला सभा अध्यक्ष रमा यादव, मकरी ग्राम प्रधान सरनाम यादव, सीताराम कश्यप, संतोष कोटार्य, जगदीश यादव, राज सिंह, समीर विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव, रमेश यादव, राधेश्याम निषाद, अमर पटेल, अजय यादव, जलाल खान, रुद्र यादव, सियाराम गुप्ता, बब्लेश यादव, राजा यादव, आकाश पटेल आदि मौजूद रहे।

# रामनगर में डीएम ने लगाई जन चौपाल

जन एक्सप्रेस। रामनगर, चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में विकासखण्ड रामनगर में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जन चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में कराएं जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए कार्य को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जन चैपाल में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों एवं जल जांच करने वाली महिलाओं से जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। ग्राम पंचायत वार कार्यों की जानकारी प्राप्त करके डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों, निर्माण कंपनी एवं टीपीआई को बचे हुए कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कुछ ग्राम प्रधानों ने कहा कि कुछ घरों में पानी सप्लाई रह गई है। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि कंपनियों द्वारा कार्य को हैंड ओवर किए जाने से पहले पेयजल सप्लाई से सम्बन्धित समस्याओं को बताएं। कहा कि पेयजल योजना में कनेक्शन, सप्लाई व क्वालिटी तीन उद्देश्य है ताकि सभी ग्राम पंचायत में पानी की उपलब्धता रहे। अगली बैठक में पेजयल से सम्बन्धित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उसके आधार पर ही सहमति दी जाएगी। इस दौरान प्रधानों, ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति सदस्यों तथा ग्रामीणों को जल जीवन मिशन की टीशर्ट, कैप, बैग, कॉन्फ्रेंस पैड का वितरित किया गया। साथ ही अंबर प्रेस पार्टी द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जल संरक्षण के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, ब्लॉक प्रमुख गंगाधर मिश्र, अधिशासी अभियंता जल निगम आशीष भारती, टीपीआई अभय नारायण दीक्षित, जूनियर इंजीनियर हरिकेश कुमार, सहायक अभियंता गुलाम शिवताब आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को दी कैरियर सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी



जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को शिक्षक तथा विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को कवैरियर सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

शैक्षणिक गोष्ठी में बीबीएस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन प्रयागराज के काउंसलर एसपी पाल व संदीप सिंह ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति योजना के बारे में भी बताया। इसके अलावा विद्यार्थियों को प्रवेश परीक्षा के महत्व के बारे में भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, बीबीए, बीसीए, विधि विभाग, फार्मेसी कोर्सेज की विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर कॉलेज के प्रभारी शिक्षक शशि कला, श्रुति पांडे, प्रज्ञा पाठक आदि मौजूद रहीं।

# डीएम एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

जन एक्सप्रेस। उरई

डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे शिकायकर्ताओं के कुल 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतकर्ता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान के अवसर पर डीएम ने निर्देशित किया कि भूमि विवादों में जैसे सरकारी भूमि, रास्तों, चकमार्गो एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो राजस्व, पुलिस की टीम मौके पर जाए और तत्काल अवैध कब्जा खाली कराया जाए। अब जिन क्षेत्रों में अवैध कब्जे की शिकायत मिलेगी तो सम्बंधित क्षेत्र के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। डीएम ने शहर की साफ सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ रखने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की तैनाती की। अधिकारी सुबह वार्ड टू वार्ड सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठान आदि व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर डीएफओ प्रदीप कुमार, सीओ उमेश कुमार पाण्डेय, तहसीलदार शेर बहादुर, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, कृषि अधिकारी गौरव यादव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मेले में छात्रों को कैरियर बनाने के लिए दिए गए टिप्स

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट




समग्र शिक्षा अभियान के तहत शनिवार को राजकीय हाईस्कूल सेमरिया चरणदासी में कैरियर गाइडेन्स मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कैरियर हब में छात्रों ने चार्ट और पोस्टर के जरिए भविष्य में अपने लिए चुने जाने वाले क्षेत्र के सम्बन्ध में भावनाओं का इजहार किया। जिला विद्यालय निरीक्षण संतोष कुमार मिश्रा और क्षेत्राधिकारी सदर राजकमल ने मेले का शुभारम्भ करने के बाद कहा कि यहां अध्ययनरत बच्चे पूरे मनोयोग से पढ़ाई करें। साथ ही अपने लिए लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपने मनपंसद क्षेत्र को आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों पर पढ़ाई के लिए विषय चुनने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। बल्कि बच्चों को अपनी पसंद के विषय चुनकर शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दिया जाना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य सनत कुमार द्विवेदी ने बताया कि यहां कैरियर हब बनाया गया है। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कैरियर निर्माण सम्बन्धी सम्पूर्ण जानकारी चार्ट, पोस्टर और प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जाती है। साथ ही विद्यालय में कैरियर क्लब का गठन भी किया गया है। शिक्षक कैलाश चन्द्र शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस विद्यालय के बच्चें आने वाले समय में हर क्षेत्र में तरक्की करेंगे।

इस मौके पर वित्त एवं लेखाधिकारी वेदप्रकाश, शाखा प्रबंधक मनोज कुमार, प्रों. शशिकांत त्रिपाठी, लोकनाथ पाण्डेय, हरिश्चन्द्र, सुरेश कुमार, प्रेमशंकर तिवारी, विशेष्वर सिंह, पार्वती, कमला साहू, शारदा प्रसाद गुप्ता, भैरो प्रसाद, चन्द्रभान, सुमित कुमार साहू, कुंवर सिंह आदि मौजूद रहे।

# देश के बहादुर सैनिकों के परिवारों की मदद के लिए सभी नागरिक रहते हैं तत्पर: जिला जज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अध्यक्षता में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर शनिवार को न्यायालय परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस 1949 से हर साल सात दिसंबर को मनाया जाता है। भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए आम जनता से टोकन झंडे जारी करके धन एकत्र किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत के बहादुर सैनिकों को सलाम करने के लिए इस दिन को मनाने की परंपरा बन गई है। इस दिवस पर एकत्र होने वाली धनराशि को भारतीय सेना के सैनिक, जो देश की सेवा में निरन्तर समर्पित रहते हैं, उनके कल्याण के लिये प्रयोग की जाती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि यह दिन भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के वीर जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। यह दिवस थलसेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों व उनके परिवार के कल्याण के लिए मनाया जाता है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए भारत की जनता से धन-संग्रह के प्रति समर्पित एक दिन है। इसके पूर्व कर्नल अवधेश सिंह ने सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास के लिए मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह को प्रतीक झंडा लगाया। उन्होंने इस दिवस पर सभी देश-वासियों से आर्थिक सहयोग लेने के क्रम में जनपद न्यायालय में कार्यरत न्यायिक अधिकारियों को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का झंडा लगाकर आर्थिक सहयोग लिया।

# अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया साप्ताहिक निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। उरई

जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में शनिवार को न्यायिक अधिकारी ने जिला कारागार का सप्ताहिक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल के अंदर किसी भी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली। निरीक्षण के दौरान महिला व पुरूष बैरकों का निरीक्षण किया। जिसमें जिला कारागार में कुल 726 बन्दी निरूद्ध पाए गए। अपर जिला जज राजीव सरन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में जिला कारागार में महिला और पुरूष बैरक का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज ने जेल में निरूद्ध सभी बन्दियों के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की। कारागार में साफ-सफाई अच्छी पायी गई। जेल में निरूद्ध बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान की गई। वहीं अपर जिला जज ने कहा कि यदि किसी बन्दी के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अपने मुकदमे की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाएगी। जेल में लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त की जा सकती है। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देशित किया गया कि सभी बन्दियों का वर्तमान डेटा जेल के पराविधिक स्वंयसेवक के माध्यम से कम्प्यूटर पर फीड कराया जाए।निरूद्ध सभी महिला बन्दी स्वस्थ्य पायी गई। कुछ महिला बन्दियों के साथ बच्चे भी रह रहे हैं। बच्चों व उनके स्वास्थ्य का विशेष देखभाल रखने व उन्हें पोषण युक्त भोजन दिये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान किसी बन्दी ने कोई भी शिकायत नहीं की। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक नीरज देव, उप कारापाल अमर सिंह, डा. राहुल बर्मन, शुभम शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## मजदूर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कालोनी में मजदूर युवक ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। कोंच कोतवाली क्षेत्र के काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 26 निवासी ध्रुव रायकवार 19 वर्ष पुत्र शिशुपाल एक गरीब मजदूर था। जो हर रोज मजदूरी कर अपना और परिवार का भरण पोषण कर रहा था। बताया गया कि शनिवार को उसने किन्हीं हालातों के चलते अपने आवास के कमरे में पंखे की हुक से फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। घटना की जानकारी तब हुई जब उसका पिता उसे मजदूरी के लिए बुलाने पहुंचा। जहां उसने पुत्र को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो उसके होश उड़ गए। वहीं खबर फैलते ही कालोनी के बाशिनदे मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी।जानकारी मिलते ही कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि वह नशे का आदी था। शायद नशे की हालत में ही उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पदयात्रा निकालकर आम जनमानस को दिया समरसता संदेश

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सीतापुर नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलिज में सामाजिक समरसता पदयात्रा का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक तेज प्रकाश ने बताया कि विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में सामाजिक समरसता दिवस को प्रत्येक वर्ष डॉ अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य लोगों के बीच में समरसता का भाव पैदा करना तथा छुआछूत व जातिपाति की भावना को समाप्त करना है। आज विद्यालय के 942 विद्यार्थियों द्वारा सामाजिक समरसता पदयात्रा निकाली गई।

जिसमें माध्यम से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने डॉ अम्बेडकर के समाज को एकता के सूत्र में बांधने के विचार को आम जनमानस तक पहुंचाया। सामाजिक समरसता पदयात्रा सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलिज से चलकर जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से होते हुए पुनः विद्यालय प्रांगण में समाप्त की गई। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव पाठक ने विद्यार्थियों को डॉ अंबेडकर के विचारों का अनुसरण करने तथा समाज में समरसता का भाव लाने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर बांदा विभाग के विभाग संयोजक नीतीश निगम, जिला संगठन मंत्री रामजी, नगर सहमंत्री दुर्गेश, अनंत, आदर्श सहित विद्यालय के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# सांसद ने रेल मंत्री से की उरई से दिल्ली ट्रेन चलाने की मांग

- 30 किलोमीटर के अंतर्गत बने दो टोल टैक्सों में से एक को हटाने की उठाई मांग, प्रेसवार्ताकर दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। उरई



जालौन गरौठा भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद नारायणदास अहिरवार ने उरई से सीधी दिल्ली के लिए ट्रेन चलाने की मांग को लेकर केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र से दिल्ली से सीधी ट्रेन सेवा नहीं है। सांसद ने रेलमंत्री को बताया कि कानपुर से दिल्ली जाने वाली श्रम शक्ति एक्सप्रेस कानपुर में करीब 18 घंटे खड़ी रहती है। यदि इसे उरई या झांसी से संचालित कर दिया जाए तो लोगों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने बरौनी से ग्वालियर के बीच संचालित होने वाली छपरा मेल को ग्वालियर से बढ़ाकर दिल्ली तक करने का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि झांसी कानपुर के बीच चलने वाली मेमू का झांसी पहुंचने का समय ढाई बजे है, लेकिन यह ट्रेन समय से झांसी नहीं पहुंचती है। जिसकी वजह से कई यात्रियों की ट्रेन छूट जाती है। यदि मेमू समय से चलेगी तो लोगों को दिल्ली जाने के लिए ताज एक्सप्रेस जैसे ट्रेन या अन्य ट्रेनों में यात्रा करने में आसानी होगी। सांसद ने बताया कि रेल मंत्री ने भरोसा दिया है कि मेमू को समय से पहुंचने का जो मामला है, उसे तत्काल ठीक कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने भरोसा दिया कि उरई होकर दिल्ली की जो ट्रेन है, उसमें कुछ तकनीकी समस्या है। उसे दूर करने के लिए वह प्रयासरत है। उम्मीद है कि अगले साल तक यह समस्या दूर हो जाएगी। वहीं पर उन्होंने बताया की सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें बताया कि जालौन जिले में 30 किलोमीटर के अंदर दो टोल टैक्स बने हुए हैं। जिनमें से एक एट और दूसरा आटा जो नियमतः गलत है। दोनों टोल टैक्स की दूरी कम से कम 60 किलोमीटर होनी चाहिए। दो में से एक टोल टैक्स हटवाने की मांग रखी है। इस दौरान कार्यालय प्रभारी अनुराग बड़ौनिया, विक्रांत यादव, बली मुहम्मद, राजीव शर्मा, सनी यादव, प्रताप यादव, मुन्ना अंसारी, अनुरुद्ध पाल आदि रहे।



### अपने बयान से पलटे कर्नाटक के डिप्टी सीएम...

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने शनिवार को अपने बयान पर यूटर्न लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी को भी उनके और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच सत्ता साझेदारी को लेकर किसी भी तरह के समझौते के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। सत्ता साझाकरण को... पढ़ें पेज 12 पर...

# आकाश सरोज की शतरंजी चाल अल्फिशा बानो के भाए विचार

- श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक खेल उत्सव क्षितिज 2024 का भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**





पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पास गोसाईगंज स्थित श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को वार्षिक खेल उत्सव ÷क्षितिज 2024÷ का आयोजन किया गया। छात्रों के बीच टीमवर्क और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप्र आरटीआई कमिश्नर वीरेंद्र प्रताप सिंह और विशेष अतिथि आवास विकास के विशेष सचिव महेंद्र भारती मौजूद रहे। क्षितिज 2024 के तहत कबड्डी, दौड़, खो-खो, वॉलीबॉल जैसे खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विजेताओं को अतिथियों ने सम्मानित किया। मुख्य अतिथि आरटीआई कमिश्नर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कवि वीरेन्द्र वत्स की कविता प्रचंड अग्निज्वाल हो, अपार शैलमाल हो। तू डर नहीं सिहर नहीं, तू राह में ठहर नहीं..। को पढ़कर मौजूद दर्शकों में जोश भर दिया।

### कल्पना और अतुल की रफ्तार सबसे तेज

100 मीटर दौड़ में बालिका वर्ग मे नैंसी वर्मा प्रथम, माही द्वितीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालिका वर्ग में नैंसी वर्मा प्रथम ,राज प्रिया सिंह द्वितीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में कल्पना प्रथम नैंसी वर्मा दूसरे पायदान पर रहीं। इसी तरह 100 मीटर बालक वर्ग दौड़ में हिमांशु पाल प्रथम, रौनक कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर बालक वर्ग दौड़ हिमांशु पाल प्रथम और सतीश कुमार द्वितीय पर रहे। 400 मीटर बालक वर्ग दौड़ में अतुल यादव प्रथम और आदेश सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया।

### खो-खो, वालीबॉल और सोलो डांस में शगुन थापा अव्वल

शतरंज प्रतियोगिता में आकाश सरोज प्रथम शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। वेस्ट आउट ऑफ़ द बेस्ट प्रतियोगिता में मनमोहन राय प्रथम और प्रियांशी द्वितीय स्थान पर रहीं। कैरम प्रतियोगिता में आशीष चंद्रा प्रथम और वैभवी द्वितीय स्थान पर रहीं। खो-खो,वालीबॉल और सोलो डांस मे शगुन थापा प्रथम स्थान पर रहीं और रुद्र मौर्य ने दूसरा स्थान पाया। विचार प्रतियोगिता में अल्फिशा बानो प्रथम और अंशी कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। वॉल पेंटिंग, ऊंची कूद और कबड्डी प्रतियोगिता में भी छात्रों ने कमाल दिखाया। कार्यक्रम में संस्थान के वाइस चेयरमैन निरमेश सिंह, निदेशक डॉ. ज्योति सिंह, डीन प्रो. विवेक मिश्रा, प्रो. डॉक्टर एकता रस्तोगी के साथ वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार दीक्षित और बृजेश पांडेय समेत करीब 50 से अधिक विद्यालय के बच्चे अध्यापक मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बीकेटी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

- जनपद की पांचो तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 738 प्रकरण प्राप्त हुए, 167 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। आज के समाधान दिवस में जनसुनवाई से पहले जिलाधिकारी द्वारा तहसील का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा खतौनी रूम, कानूनगो कक्ष, लेखपाल कक्ष, स्वान कंप्यूटर रूम आदि का किया निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई कक्षों में प्रपत्र टेबल आदि पर रखी मिली जिसके लिए निर्देश दिए कि तहसील के सभी कमरों में रैक बनवाने के लिए जिले पर प्रस्ताव भेजा जाए और प्रपत्रों को रैक में रखा जाएं। उक्त के साथ ही तहसील परिसर में जो भी निष्प्रयोज्य वस्तुएं पड़ी है उनका निस्तारण तत्काल कराया जाए। खतौनी रूम में जा कर जिलाधिकारी द्वारा खतौनी जारी करने की प्रक्रिया को भी देखा और जनता से मानक के अनुसार फीस ली जा रही है इसका भी सत्यापन किया। उक्त के साथ ही जिलाधिकारी द्वारा कानूनगो कक्ष में रखे निस्तारित वरासत के प्रकरणों का सत्यापन स्वयं अपने द्वारा किया गया की निस्तारण करने में कोई त्रुटि तो नहीं हुई। श्री सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि तहसील बीकेटी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 256 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 89 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** शुक्रवार बीती रात देवा रोड पर परिवहन विभाग से सेवानिवृत रमेश पांडेय (62) गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनके मोबाइल नंबर से परिजनों को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उनकी मौत हो हुई। वाहन की जानकारी जुटाई जा रही है।बाइक से जरूरी काम कह कर घर से थे निकले चिनहट के सराय शेख निवासी रमेश पांडे (62) शुक्रवार शाम को एक जरूरी काम की बात कह कर घर से निकले थे। बेटे अमन ने बताया रात को सूचना मिली कि देवा रोड पर पापा घायल अवस्था में पड़े हैं। पुलिस ने उनके फोन से दुर्घटना होने की सूचना दी। चिनहट पुलिस के मुताबिक परिजनों ने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है। घर में उनकी पत्नी वंदना, दो बेटे और दो बेटियां है। टक्कर मारने वाले वाहन के विषय में जानकारी जुटाने के लिए घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

### पिता के ऊपर दबाव बना, बेटे को जायदाद से किया जा रहा है बेदखल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** काकोरी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टेड़वा गांव के रहने वाले इरशाद हुसैन ने बताया परिवार के ही सौतेले चाचा क़ारीब हुसैन, आसिफ हुसैन व अन्य लोग मेरे पिता शमशाद अली को भड़का दिया और मेरे पिता की उम्र के साथ-साथ उनका दिमाग मानसिक रूप से बिगड़ा हुआ है। मैंने अपनी मर्जी से करीब 3 महिने पूर्व में शादी कर ली है उसकी वजह से मेरे सौतेले चाचा व उनके लड़के लोग मुझे पिछले महीने दिनांक 20 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे बुरी तरह से मारा पीटा और मुझे घायल कर दिया। जिसकी सूचना मैंने पुलिस को दी पुलिस की मदद से मेरी जान बच पाई और मेरा मुकदमा काकोरी कोतवाली में इन लोगों के खिलाफ लिखा गया। जिसमें सौतेले चाचा व कुछ अन्य गांव के लोग शामिल हैं और मेरी पत्नी को छोड़ देने का दबाव बनाते हैं और मुकदमे में सुलह का दबाव बनाते हैं, ऐसा ना करने पर जमीन व जायदाद से बेदखल कराने की धमकी देते हैं।

### डिप्टी सीएम ने 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री के प्रति व्यक्त किया आभार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने देश भर में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री व केन्द्रीय मंत्रिमंडल के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश भर में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना की मंजूरी दी है, जिनमें से 5 उत्तर प्रदेश में स्थापित किए जाएंगे। इस परियोजना की अनुमानित लागत 5,872.08 रूपये करोड़ होगी।इन नए केंद्रीय विद्यालयों से 82,560 छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, साथ ही 5,388 स्थायी नौकरियों के अवसर भी सृजित होंगे। निर्णय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रसार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### अवनीश अवस्थी पहुंचे राजकीय आईटीई, लिया एडटेक प्रशिक्षण संस्थान का जायजा

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज लखनऊ में टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड द्वारा स्थापित एडटेक प्रशिक्षण संस्थान का आज मुख्य सलाहकार मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अवनीश अवस्थी ने निरीक्षण किया। उन्होंने संचालित कोर्सों की प्रशिक्षकों से जानकारी ली और मशीनों को चालू कर प्रशिक्षुओं को दी जा रही प्रशिक्षण गुणवत्ता का मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं उच्च स्तर की पाई गईं। अवस्थी ने कुशल प्रशिक्षकों की नियुक्ति पर जोर दिया। उन्होंने कच्चे माल की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के निर्देश उच्च अधिकारियों को दिए। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव की अल्प समय में की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की गई।निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक मानपाल सिंह निदेशक प्राविधिक डीके सिंह संयुक्त निदेशक अनिल वर्मा उपनिदेशक विजय बहादुर सिंह, श्रीवास्तव और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिजली के निजीकरण का फैसला वापस ले सरकार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा उत्तर प्रदेश राज्य प्रभारी कन्हैया शाही ने सरकार से बिजली के निजीकरण का फैसला वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि पावर कार्पोरेशन के घाटे के कारण निजीकरण की दलीलें बेबुनियाद और जनता जनता के आंख में धूल झोंकने वाली है, सरकार इसके लिए पिछले कई सालों से प्रयास कर रही थी, जो संयुक किसान मोर्चा और बिजली कर्मचारियों मजदूरों के कड़े विरोध के चलते सफल नहीं हो पाई।

# यादगार प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भरा रहा गौरैया संस्कृति महोत्सव

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**




आज गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा आयोजित गौरैया संस्कृति महोत्सव का आयोजन बेहद उत्साह और उमंग के साथ किया गया। आज महोत्सव का आखिरी दिन था, जो यादगार प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भरा रहा। शिव संस्कृति कला फाउंडेशन द्वारा सुंदर और मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया। भजनों के माध्यम से माहौल भक्ति और सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर हो गया। बच्चों ने अपनी नृत्य प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। उनकी परफॉर्मेंस इतनी शानदार थी कि दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। हर प्रस्तुति के साथ माहौल और भी खुशनुमा हो गया। नन्हे कलाकारों के इस अद्भुत प्रदर्शन ने सभी का दिल छू लिया। इसके अलावा, महिलाओं द्वारा भी सुंदर गीत प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने समां बांध दिया। बच्चियों ने मैं एक जोगन बनके गीत पर नृत्य कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उनकी इस प्रस्तुति को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए और माहौल में एक अलग ही रंग छा गया। गौरैया संस्कृति महोत्सव का यह समापन दिन सांस्कृतिक धरोहर और नई पीढ़ी की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का प्रतीक बन गया। हर कोई इस आयोजन से बेहद प्रभावित और प्रसन्न नजर आया।

# डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने की आन्ध्र प्रदेश के सीएम से भेंट, महाकुंभ का दिया निमंत्रण

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- आन्ध्र प्रदेश के लोगों से महाकुंभ में सम्मिलित होने की अपील
- एक भारत- श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत' की दिव्य और जीवंत झांकी है महाकुंभ-केशव

डिप्टी सीएम के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को विजयवाड़ा में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्र बाबू नायडू से भेंटकर महाकुम्भ-2025 के भव्य आयोजन में सम्मिलित होने के लिए निमंत्रण दिया। उप मुख्यमंत्री ने विजयवाड़ा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री वाईएस चौधरी सुजाना चौधरी से उनके आवास पर भेंट कर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आगमन के लिए निमंत्रित किया।महाकुंभ में आने के लिए उप मुख्यमंत्री ने वहां रोड शो किया और वहां के लोगों को महाकुंभ की महत्ता व महत्व के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें महाकुंभ में सम्मिलित होने की अपील की। इस दौरान विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह भी मौजूद रहे। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के साथ बैठक को संबोधित कर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ 2025 के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के लिए बहुत ही उच्च कोटि की व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रयागराज में अलग-अलग राज्यों से आने वाले भारतीय श्रद्धालुओं और विदेशी पर्यटकों की राह आसान होगी। भारतीय भाषाओं के अलावा छह विदेशी भाषाओं में भी साइनेज लगाए जाएंगे। इससे संबंधित प्रमुख स्थलों, मार्गों को जानने में किसी तरह की परेशानी न होने पाए, इसलिए भाषा के स्तर पर भी कई कदम उठाए गए हैं। महाकुंभ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाकुम्भ- भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का स्पंदन है। 'एक भारत- श्रेष्ठ भारत-समावेशी भारत' की दिव्य और जीवंत झांकी है। सभी से अनुरोध किया कि महाकुंभ में अवश्य आयें और आस्था के संगम में डुबकी लगायें।उप मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश के अमरावती स्थित अमरलिंगेश्वर स्वामी मंदिर में देवाधिदेव महादेव भगवान शिव जी के दर्शन और पूजन किया व भगवान शिव से सभी के सर्व कल्याण की प्रार्थना की।अमरावती में भगवान बुद्ध के प्राचीन स्तूप और भव्य प्रतिमा के दर्शन करते हुए कहा कि मौर्य साम्राज्य की विशाल सीमाओं और गौरवशाली विरासत को साक्षात देखकर मन आनंद से भर गया।जो बातें केवल किताबों में पढ़ीं थीं, आज उन्हें अपनी आँखों से देखना अद्भुत और अलौकिक अनुभव रहा। यह पवित्र स्थल न केवल सम्राट अशोक की बौद्ध धर्म के प्रति अटूट निष्ठा का प्रमाण है, बल्कि मौर्य वंश की शक्ति, सांस्कृतिक समृद्धि और धर्म के प्रचार-प्रसार का प्रतीक भी है। अमरावती स्तूप ने भारतीय स्थापत्य, धर्म और इतिहास को अमर बना दिया है।ऐसे स्थलों पर आकर भारतीय होने पर गर्व होता है!उप मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा स्थित कनक दुर्गा मंदिर में पूर्व कैबिनेट मंत्री व वर्तमान विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह के साथ माता दुर्गा जी के दर्शन और पूजन किया व माता दुर्गा से देश एवं प्रदेश वासियों के सर्वमंगल की कामना की। इससे पूर्व उन्होंने मातृभूमि की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहने वाले भारतीय सेना के जवानों को सशस्त्र सेना झंडा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि आइए, हम सब लोग ,देश की सेवा में समर्पित वीर सैनिकों के अविस्मरणीय बलिदान एवं उनकी अतुल्य सेवाओं के प्रति कृतज्ञ होकर उन्हें नमन करें।

# भू-माफिया सरकारी जमीन व खाली प्लाट देख करते हैं अवैध कब्जा



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- पीड़ित ने सरोजनी नगर तहसील समाधान दिवस में गिरोह बनाकर सरकारी जमीन व खाली प्लाट पर कब्जा करने वालों के खिलाफ नामजद दिया शिकायती पत्र

सरोजनी नगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पीड़ित शिव प्रसाद मौर्य ने कुछ ऐसे भू-माफियाओं के खिलाफ शिकायती पत्र दिया है जो गिरोह बनाकर सरकारी जमीन व खाली प्लाट पर जबरन कब्जा करने का ठेका लेते हैं। उन्होंने बेहसा गांव की सीलिंग में दर्ज जमीन खसरा संख्या 1361 पर अभय बाजपेई उर्फ छोटू, संजीत मौर्या, रविंद्र यादव व अन्य लोगों के साथ गिरोह बनाकर सीलिंग में दर्ज सरकारी जमीन पर जबरन रेडीमेड बाउंड्री वॉल खड़ा कर कब्जा किए जाने का शिकायती पत्र दिया है। यह भी बताया कि यह पहली बार नहीं है इससे पहले भी इन लोगों ने कई इस तरह की बेहसा गांव में स्थित सरकारी जमीन व खाली प्लाटों पर कब्जा किया है। इन लोगों द्वारा किसी दूसरे नंबर की रजिस्ट्री लाकर फर्जी तरह से चौहद्दी डालकर लोगों को गुमराह कर जमीन पर कब्जा करते हैं। वही इस काम में इन लोगों की स्थानीय चौकी ट्रांसपोर्ट नगर की पुलिस भी इनका पूरा साथ देती है। पीड़ित ने बताया कि जब भी उनके द्वारा कब्जे का विरोध किया और पुलिस को सूचना दी तो पुलिस आती है और चौकी पर दोनों पक्षों को आने को कहती है जब मैं चौकी पर जाता हूं तो वहां दबंगों द्वारा रेडीमेड बाउंड्री वॉल वालों का काम शुरू कर दिया जाता है। इस तरह से कई बार मैं पुलिस से शिकायत की और हर बार चौकी बुलाकर काम शुरू करा दिया जाता है। उक्त दबंगों के खिलाफ सरोजनी नगर तहसील में समाधान दिवस पर शिकायती पत्र दिया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए उपजिलाधिकारी सरोजनी नगर द्वारा नयाब तहसीलदार को आदेशित किया है कि वह स्थलीय जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए हैं। अब देखना है कि इस तरह के भूमाफियाओं पर कार्यवाही होती हैं कि नहीं क्योंकि पीड़ित शिव प्रसाद मौर्य के द्वारा विरोध करने पर उन्हें आए दिन जान माल की धमकी दी जा रही है।

# संघ कार्यालय भारती भवन के प्रांगण में आज शहीदी दिवस का होगा भव्य आयोजन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

- सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का हो रहा आयोजन
- लखनऊ के राजेंद्र नगर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय भारती भवन के प्रांगण में होगा कार्यक्रम



देशभर में मुगलों के अत्याचार व उनकी निर्ममता के विरुद्ध खड़े होने की चेतना जागृत करने वाले सिखों के नौवें गुरु तेगबहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बंध में श्री गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस आयोजन समिति लखनऊ की ओर से कार्यक्रम संयोजक निर्मल सिंह जी ने बताया कि शहीदी दिवस के पावन अवसर पर गत तीन वर्ष की भांति यह भव्य आयोजन इस बार भी बड़े भाव आदर सत्कार के साथ भारती भवन संघ कार्यालय में 8 दिसम्बर सायं 6:00 बजे से भव्य कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इस बीच भारती भवन के प्रांगण में बड़े सत्कारयोग श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की हजूरी में पाठ, कीर्तन दीवान- दशमेश पब्लिक स्कूल, चढ़दी कला क्लासेस लखनऊ के बच्चे कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त गुरु तेगबहादुर साहिब जी पर आधारित चित्र प्रदर्शनी प्रस्तुत करेंगे। उक्त कार्यक्रम में समूह लखनऊ की सिख, सिंधी, पंजाबी व सर्व धर्म समाज के 31 विभिन्न मत, पंथ एवं सम्प्रदायों के 100 से अधिक श्रद्धालु शामिल होंगे। भाई गुरमीत सिंह जी, भाई दिनेश सिंह जी, गुरमत लेक्चर सरदार दिलबाग सिंह जी अमृतसर व बीबी रवनीत कौर जी अपने विचार प्रकट करेंगे। लखनऊ के समूह गुरुद्वारा सिख संगत व सिंधी आश्रम, सनातनी महासभा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक होकर श्री गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस आयोजन समिति द्वारा यह कार्यक्रम करा रहे हैं। इसमें अयोध्या से कई संत, विभिन्न समाजों - धर्म के प्रमुख संत आदि अतिथि सम्मिलित होंगे। इस भव्य आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक एवं कार्यकर्ता व्यवस्था सम्भालेंगे। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन के पश्चात लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। श्री गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस आयोजन समिति की ओर से कार्यक्रम संयोजक निर्मल सिंह जी ने बताया गया कि हिंद की चादर के नाम से पूजित गुरुजी ने विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय आदर्शों, मूल्यों एवं सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने में कोई संकोच नहीं किया। अपने प्राण देकर समाज को राह दिखाने वाले गुरुजी का इस विश्व में अद्वितीय स्थान है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी अनिल जी व श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी गोपाल जी, गौ सेवा के अखिल भारतीय सह-संयोजक नवल किशोर जी, राष्ट्रधर्म मासिक पत्रिका के निदेशक मनोजकांत जी, प्रशांत भाटिया जी आदि उपस्थित रहेंगे। निर्मल सिंह जी ने कहा कि श्री गुरु तेगबहादुर शहीदी दिवस की ओर से आयोजित किये जा रहे इस कार्यक्रम में कीर्तन व गुरमति विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गुरु तेगबहादुर जी ने मुगल काल के सबसे क्रूरतम बादशाह औरंगजेब के शासनकाल को न केवल देखा बल्कि उसकी नीतियों के विरुद्ध अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया। उन्होंने बताया कि एक आततायी शासक की सनातन धर्म विरोधी और वैचारिक स्वतंत्रता का दमन करने वाली नीतियों के विरुद्ध समाज के सबसे शांत और अहिंसक हिंदू व्यक्ति तक का क्या दायित्व बनता है यह जानने के लिये हमें श्री गुरु तेगबहादुर जी के जीवन को जानना चाहिये। उन्होंने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा, हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए गुरु तेगबहादुर जी द्वारा किया गया सर्वोच्च बलिदान हम सबके लिये स्मरणीय है। यह चेतना जागृति का एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक उदाहरण है, जिसे सबको जानना चाहिये।

उक्त प्रेस वार्ता में सरदार निर्मल सिंह जी, सरदार सतपाल सिंह मीत, सरदार सुरिंदर सिंह बख्शी, सरदार राजेन्द्र सिंह राजू, सरदार भूपिंदर सिंह पिंदा, सरदार कुलदीप सिंह, प्रशान्त भाटिया, सरदार हरपाल सिंह जग्गी (गुरुद्वारा सदर), सरदार रणबीर सिंह भसीन, आदि उपस्थित रहे ।

## श्रीराम मंदिर ट्रस्ट ने जारी की निर्माणाधीन मंदिरों की तस्वीरें

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

यूपी के अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के विराजमान होने को एक वर्ष का समय पूर्णता की ओर है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्रतिष्ठा द्वादशी समारोह पूर्वक मनाने की योजना तैयार की है। इसी के अनुसार मंदिर निर्माण के शेष कार्य में तेजी आई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने निर्माण कार्य की ताजा तस्वीरें साझा की हैं। शिखर, प्रथम तथा द्वितीय तल पर निर्माण की तस्वीरें साझा की गई हैं। इससे पहले परकोटे में निर्माणाधीन शिव मंदिर, सूर्य मंदिर, दुर्गा माता मंदिर, गणेश मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर और हनुमान मंदिर में से कुछ का स्पष्ट स्वरूप उभर आया है। शेष में निर्माण कार्य तेजी पर है। यही स्थिति मंदिर के शिखर निर्माण की है। निर्माण की प्रगति स्पष्ट परिलक्षित होने लगी है। निर्माण कार्य की देखरेख में लगे दायित्वधारी श्रम और ऊर्जा के साथ जुटे हैं। मंदिरों के निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसी तरह राम मंदिर के शिखर का निर्माण भी तेज गति से किया जा रहा है।

### तहसील सदर में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 82 शिकायतें प्राप्त 03 का मौके पर हुआ निस्तारण

- डीएम ने 15 भवन स्वामियों को घरौनी का किया वितरण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सदर तहसील में जनता की फरियाद सुनी। इस दौरान उनके सामने कुल 82 मामले आए जिनमें तीन का मौके पर निस्तारण कराया गया। उन्होंने शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए सख्त निर्देश दिया कि इसका समयान्तर्गत व गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। इस अवसर पर राजस्व विभाग ,पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, नगर पंचायत और समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों के मामले जिलाधिकारी के सामने आए। जिलाधिकारी ने पैमाइश एवं भूमि विवाद से संबंधित मामलों में कहा कि राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौका-मुआयना करके सही व्यक्ति को तत्काल राहत दिलाएं। समय से हर किसी की शिकायत का समाधान सरकार की प्राथमिकता है, सभी अधिकारी इस बात का ख्याल रखें। उन्होंने पिछले संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अगर निस्तारण में अनावश्यक विलंब हुआ या निस्तारण सही नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगीसंपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने ग्राम कोलवाखुर्द के 15 भवन स्वामियों को घरौनी का वितरण किया। जिसमें जितेंद्र कश्यप, सोहनलाल, राजेंद्र, सुशील कुमार, रामसुमेर, ओम प्रकाश, धुन्नीलाल, सुजीत गौतम, मलखान, हनुमान, रंजीत, रामखेलावन, महेश, कमलेश व भूटानी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और मातहतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सदर प्रफुल कुमार, सीओ सिटी अमित सिंह, पीडी सतीश चंद्र मिश्रा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## सुग्रीव किला से लेकर राम मंदिर के परकोटा तक दर्शन मार्ग पर लगाए जाएंगे स्थायी कैनोपी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक का आज दूसरा दिन, राम मंदिर निर्माण प्रगति की जानकारी निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मीडिया से साझा की। सुग्रीव किला से लेकर राम मंदिर के परकोटा तक दर्शन मार्ग पर लगाए जाएंगे स्थाई कैनोपी, जल्द शुरू होगा निर्माण,रामनवमी से पूर्व बनकर तैयार हो जाएगा कैनोपी, कैनोपी में श्रद्धालुओं के लिए होगी सारी सुविधाएं, लोअर प्लिंथ पर बन रहे 85 स्टोन के बनाए जाएंगे म्यूरल, म्युरल पर बाल्मीकि रामायण के अंकित होंगे श्लोक, हिंदी और अंग्रेजी में होगा अनुवाद, फरवरी के बाद श्रद्धालुओं को देखने की मिलने लगेगी सुविधा, परिसर में बन रहे सप्त मंदिर भी फरवरी तक पूर्ण हो जाएंगे।

## दबंगो के हौसले बुलंद, बैनामे की जमीन पर कर रहे हैं कब्जा

जन एक्सप्रेस । अमेठी

- पीड़ित ने समाधान दिवस में की शिकायत

बैनामे की जमीन पर दबंगो द्वारा दबंगई के बल पर कब्जा किया जा रहा है।पीड़ित द्वारा कई बार इसकी शिकायत थाने से लेकर प्रसाशन से की गई।इसके बावजूद कोई कार्यवाही नही हुई।शनिवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत तहसील दिवस में की।जिसके बाद एडीएम ने संबंधित थाने के सीओ को जांच का आदेश दिया है।

जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरडीह गांव के रहने वाले पुष्पेंद्र सिंह ने शिकायती पत्र में कहा है,कि उनके द्वारा गाटा संख्या 414 का बैनामा लिया गया था।और उस पर दो मंजिला के मकान का भी निर्माण किया जा चुका है।मकान के सामने स्थित गाटा संख्या 415 को भी बैनामा करवा लिया था।और उस तरफ दरवाजा लगाकर सेहन के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं।उन्होंने आरोप लगाया है कि विपक्षी हेमंत कुमार सिंह,अविनाश और अशोक कुमार सिंह द्वारा बैनामे की जमीन पर थाना प्रभारी पीपरपुर के सहयोग से जबरन निर्माण कर रहे है।पीड़ित ने बताया कि जब निर्माण कार्य रोकने के लिए कहा जाता है,तो विपक्षी आमादा फौजदारी हो जाते है।उन्होंने कहा कि कई बार इसकी शिकायत की गई।लेकिन थाना प्रभारी द्वारा अधिकारियों को गलत सूचना दे दी जाती है।पीड़ित द्वारा तहसील दिवस में एक बार फिर मामले की शिकायत की गई।जिसके बाद एडीएम अर्पित गुप्ता ने पूरे मामले की जांच अमेठी सीओ जगदीश कुमार को सौंपी है।

# जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरूकता शिविर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पुरुष बैरक व महिला बैरक पाकशाला व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं हैइस दौरान अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की पुरुष बैरक व महिला बैरक पाकशाला व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो निरीक्षण के पश्चात जिला कारागार में बन्दियों की सुविधा हेतु संचालित बन्दी रेडियो के माध्यम से अनुपम शौर्य, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त बन्दियों को विधिक अधिकारों व निःशुल्क अधिवक्ता के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी उक्त अवसर पर जिला कारागार में निरुद्ध नवीन बन्दियों को विधिक रूप से जागरूक करने हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित नवीन बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते है।

शिविर में बन्दियों को लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के कार्यों से परिचय कराते हुए उन्हें बताया गया कि निःशुल्क अधिवक्ता के रूप में सभी बन्दी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल की सेवाएं ले सकते है। दौरान निरीक्षण जेल अधीक्षक अमन कुमार सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला, डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउंसिल जय सिंह यादव, जेलर सुमैया परवीन, डिप्टी जेलर धर्मपाल सिंहअंकित गौतम व पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति उपस्थित रहे।

## न्यायिक अधिकारियों की निगरानी समिति द्वारा बालिका आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

माननीय जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का निरीक्षण किया गया। समिति के अध्यक्षा प्रतिमा, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य व सदस्य प्रभाष त्रिपाठी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय व श्रेया सोलंकी अपर सिविल जज(जू0डि0) द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालिकाओं से बातचीत करके उनका हालचाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाली बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत करायासमिति के द्वाराआवासित बालिकाओं के शैक्षणिक मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस अवसर पर प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसलिंग कराये। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि जो बालिकाएँ पढ़ने की इच्छुक है उनका दाखिला सम्बन्धित संस्था में कराया जाए व आवासित बालिकाओं के माता-पिता से सम्पर्क कर बालिकाओं को उनके घर भेजने का प्रयास किया जाए। दौरान निरीक्षण पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति भी उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान का दीक्षांत समारोह आज

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जनपद के बहादुरपुर के निकट स्थित राजीव गाँधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में आज संस्थान के अष्टम दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह के पूर्व संध्या पर शनिवार को पत्रकारों से रुबरु होते हुए संस्थान के निदेशक प्रो.आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आठवें दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024 की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं को उपाधि एवं मेडल प्रदान किये जायेंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष पीएचडी में पच्चीस, एमबीए पाठ्यक्रम में सैंतीस, एम. टेक में सात, बी.टेक. रासायनिक अभियांत्रिकी एवं जैव-रासायनिक अभियांत्रिकी में सोलह, बी.टेक. कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में सरसठ, बी.टेक इल्केट्रिकल एवं इलेक्ट्रानिक्स अभियांत्रिकी में इकतीस एवं बी.टेक. पेट्रोलियम आभियांत्रिकी एवं भूअभियांत्रिकी में पैंतालीस छात्र-छात्राएँ उत्तीर्ण हुए हैं। संस्थान के निदेशक ने बताया कि इस अवसर पर अध्यक्ष भारतीय राष्ट्रीय अभियांत्रिकी अकादमी एवं कुलपति बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, रांची आचार्य इंद्रनील मन्ना मुख्य अतिथि एवं हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक अन्वेषण डॉ.कौस्तव नाग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।तथा छात्र,छात्राओं को उपाधि व मेडल प्रदान करेंगे। संस्थान के संचालक मण्डल के अध्यक्ष, आचार्य अनिरूद्ध बी पंडित समारोह की अध्यक्षता करेंगे। संस्थान का प्रतिवेदन संस्थान के निदेशक प्रस्तुत करेंगे।

इस अवसर पर सात छात्र,छात्राओं को मेडल भी प्रदान किये जायेंगे।जिनमे प्रेसीडेण्ट स्वर्ण पदक बी.टेक 2024 के समस्त पाठ्यक्रमों में अकादमिक उत्कृष्टता के लिए उत्कर्ष शुक्ल, निदेशक स्वर्ण पदक बी.टेक के समस्त पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट सर्वांगीण प्रदर्शन के लिए आस्था शायल को प्रदान किए जाएंगे। साथ ही संस्थान स्वर्ण पदक बी.टेक रासायनिक अभियांत्रिकी परीक्षा 2024 में प्रथम अंशू पाण्डेय, बी. टेक कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी में प्रथम दिव्यांशी सिंह, बी.टेक इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी में प्रथम सुभ्रदीप चक्रवर्ती, बी.टेक पेट्रोलियम अभियांत्रिकी परीक्षा में प्रथम उत्कर्ष शुक्ला व्यवसाय प्रशासन परास्नातक परीक्षा में प्रथम दीपांककुमार पाण्डेय को प्रदान किए जाएंगे।

## श्री के0वी0 सिन्हा रा0बा0इं0 कॉलेज देवानन्दपुर में मनोवैज्ञानिक व आई केयर कैम्प का आयोजन कराया गया



जन एक्सप्रेस । रायबरेली

के श्री के0वी0 सिन्हा रा0बा0इ0 कालेज की प्रधानाचार्या डा0 बरखा भारती ने बोर्ड परीक्षा में 10 और 12 के कक्षाओं के परिक्षार्थियों के तनाव को कम करने के लिये शहर की मशहूर मनोवैज्ञानिक वरिष्ठ परामर्शदाता डा0 रूमा परवीन एवं उनकी टीम द्वारा आई0 केयर कैम्प का आयोजन किया कराया गया। दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं जल्द ही शुरू होने वाली हैंछात्रों को पढ़ाई और परीक्षा को लेकर अक्सर टेंशन रहती है। बोर्ड एग्जाम के समय पर यह और भी ज्यादा बढ़ जाती है बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर छात्रों को कम नंबर आने का डर लगा रहता है, ऐसे में स्ट्रेस होना आम बात है। एग्जाम के स्ट्रेस को दूर करने के लिए कई टिप्स को अपना सकते हैं । डा0 आकाश कक्कड़, डा0 अंकिता सिंह ~~स्थ~~. स्थ सभी ने बच्चों का परीक्षा तनाव कम करने के उपाय बताये जिससे बोर्ड परीक्षा में बच्चों को लाभ पहुंचे। इस कार्यकम में बोर्ड परीक्षा प्रभारी अन्जू शरण एवं समस्त शिक्षिकाएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

# सपा की मासिक बैठक संपन्न, भाजपा राज में आम जनमानस उपेक्षित है : इं0 वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट रायबरेली में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार में किसान, मज़दूर, छात्र, महिलायें पीड़ित एवं निराश है। किसानों की सिंचाई के लिए नहरों में पानी नहीं आ रहा है जनपद की नहरों में सिल्ट जमा है नहरों की सफाई के नाम पर सत्तापक्ष से जुड़े लोग खानापूर्ति कर सरकारी धन का बंदरबांट कर रहे हैं छात्र एवं नौजवान बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं बेरोजगारी के कारण छात्र अवसाद में निराश एवं दुःखी है, मजदूरों को मनरेगा योजना में रोजगार नहीं मिल रहा है वर्षों से मज़दूरी का भुगतान भी लम्बित होने के कारण भुखमरी का जीवन जीने को विवश है महिलाओं का उत्पीड़न बढा है वृद्धावस्था पेंशन कन्या विद्या धन बंद है। आमजन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के मुख्यमंत्रितत्व काल को याद कर उम्मीद कर रहे कि प्रदेश में विकास परक योजनायें देने वाली समाजवादी पार्टी की सरकार बने। बैठक को जिला उपाध्यक्ष डी0पी0 पाल ने संबोधित करते हुए कहा कि जनहित की समस्याओं की अनदेखी करने वाली भाजपा सरकार की नाकामियों को जनजागरण का उजागर करना है बैठक का संचालन जिला महासचिव मो0 अरशद खान नें किया बैठक में वरिष्ठ नेता ओ0 पी0 यादव, मिश्री लाल चौधरी, राजेश मौर्या मुशीर अहमद राजेन्द्र यादव नीलेश यादव सुरेन्द्र निर्मलबुधेन्द्र सिंह, विनोद यादव, बृजेन्द्र पटेल, योगेश्वर पटेल, शुभम लोहिया, राकेश यादव, जगदेव, संदीप शुक्ला, गिरिजाशंकर लोधी, कृपाशंकर यादव, श्रवण चौधरी, धनीराम मौर्य, रामनेवाज यादव, डा0 अर्जुन यादव, अरविन्द चौधरी नें भी विचार व्यक्त किया इस अवसर पर शिव बहादुर सिंह फौजी, ब्रजेश यादव, देवतादीन पासवान, फिरोज अहमद, आशुतोष यादव, रेहान अहमद, अमर देव यादव, शिवम अटरा विनय यादव, रिजवान, अभिकल यादव पहनवान महेन्द्र बाजपेई वीरेन्द्र कुमार यादव सहित अनेकों पार्टी पदाधिकारी एवं नेता उपस्थित रहे।

## छह दिसंबर पर रामधुन में मगन रही अयोध्या, मठ-मदिरों में रात तक गूंजते रहे मंगलगीत

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

छह दिसंबर की तिथि पर रामनगरी के खुशनुमा माहौल से यही संदेश निकलता रहा। पहले छह दिसंबर को अयोध्या आशंकाओं के बादल से घिर जाती थी, बंदिशों में तब्दील हो जाती थी, आज वही अयोध्या रामधुन में लीन रही। शौर्य दिवस व यौम-ए-गम अब अतीत की बात हो चुकी है, चारों ओर बस उत्सव और आनंद है। छह दिसंबर की तिथि पर रामनगरी के खुशनुमा माहौल से यही संदेश निकलता रहा। पहले छह दिसंबर को अयोध्या आशंकाओं के बादल से घिर जाती थी, बंदिशों में तब्दील हो जाती थी, आज वही अयोध्या रामधुन में लीन रही। मठ-मंदिरों में भक्तों का हुजूम रहा तो सुबह से लेकर देर रात तक मंगल गीत गूंजते रहे। अपने आराध्य के विवाहोत्सव के आनंद रस में अयोध्या डूबी नजर आ रही थी। शुक्रवार को छह दिसंबर के साथ-साथ विवाह पंचमी भी थी। रामनगरी में हर तरफ अमन की बयार बह रही थी। पर्यटन व आस्था का माहौल था। न कहीं शौर्य दिवस मनाया गया न कहीं मुस्लिम समाज ने यौम-ए-गम मनाया, जो आयोजन हुए भी वे परंपरा निर्वहन तक सीमित रहे। सुबह करीब 11ः10 बजे बेनीगंज स्थित मस्जिद पर शांति का माहौल दिखा। इससे आगे बढ़ने पर उदया चौराहे पर पुलिसकर्मी तो मौजूद थे, लेकिन कोई रोकटोक नहीं थी। साकेत महाविद्यालय छात्र-छात्राओं से गुलजार दिख रहा था। इस दिन स्कूल कॉलेज बंद हुआ करते थे। जिस टेढ़ी बाजार चौराहे पर छह दिसंबर को बिना चेकिंग के कोई आगे नहीं बढ़ पाता था, वहां सुबह 11 बजे कोई सख्ती नहीं दिखी। सुबह 11ः20 बजे राम जन्मभूमि दर्शन पथ पर रामलला के जयकारे गूंज रहे थे। कुछ श्रद्धालुओं को तो याद ही नहीं था कि आज छह दिसंबर है। दिल्ली से आए सचिन अरोड़ा बोले कि भूल जाइये छह दिसंबर को...आज की अयोध्या देखिए। तभी लाउड स्पीकर में गूंज रहे गीत नाचें दसों दिशाएं, जैसे सगुन मनाएं, राम आएंगे...गीत के बोल के साथ बोले मिलाते हुए जयघोष करने लगे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ऊंचाहार शाखा के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

ऊंचाहार बैंक ऑफ बड़ौदा की ऊंचाहार शाखा में शनिवार की सुबह में आग लग गई। आग शार्ट सर्किट के चलते लगने बात कही जा रही है। आग सबसे पहले बैंक मैनेजर के आफिस में लगी। खिड़की के बाहर आग की लपटें निकली तो आसपास के लोगों को जानकारी हुई। इसकी सूचना बैंक मैनेजर, पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी गई बैंक मैनेजर भी मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई आग लगने से बैंक में रखी कुर्सियां, फर्नीचर, एसी, पैसा गिनने की मशीन, वायरिंग व कुछ अभिलेख जल गये। बैंक मैनेजर का आफिस पूरी तरह जला है। बैंक कर्मियों की मानें तो कैश बच गया हैमामला ऊंचाहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊंचाहार कस्बे का है जहां पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा ऊंचाहार की शाखा के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई है।जानकारी के मुताबिक बताया जा रहा है कि आग,सुबह के करीब बैंक ऑफ़ बड़ोदा ऊंचाहार शाखा बैंक के अंदर मैनेजर के केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटे और धुआं इतनी तेज सा उठ रहा था कि बाहर आने जाने वाले लोगों ने देखकर इसकी सूचना ऊंचाहार पुलिस और फायर विकेट को दी वही मौके पर पहुंचे विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि बिजली के तारों के सार्ट हो जाने से मैनेजर के केबिन में और उसके बगल के एक केबिन में आग लग गई है जिसको फायर ब्रिगेड की टीम व पुलिस टीम की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है बैंक के अंदर मैनेजर के केबिन में और बगल के केबिन में जरूरी दस्तावेज और कंप्यूटर इत्यादि चलकर राख हो गए हैं बाकी किसी प्रकार की कोई भी हानि नहीं हुई है।

## बिजली बकाएदारों के लिए शुरू होगी समाधान योजना

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

बिजली बकाएदारों के लिए 15 जनवरी से एकमुश्त समाधान योजना शुरू होगी। आगे पढ़ें और जानें कितना लाभ मिलेगा, क्या करना होगा? यूपी के अयोध्या में मिल्कीपुर के विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बकाएदारों के लिए एकमुश्त समाधान योजना आ गई है। तीन चरणों में चलने वाली योजना की शुरुआत 15 जनवरी से होगी, जिसके तहत बिजली के बकाएदार बकाए का 30 प्रतिशत जमा करके योजना का लाभ उठा सकते हैं।

उपखंड अधिकारी विद्युत अमित कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक एकमुश्त भुगतान करके शत-प्रतिशत, जबकि किश्तों में भुगतान करने पर 75 प्रतिशत बकाया अधिभार में छूट पा सकते हैं।

### जब तक नहीं मिलेगी पुरानी पेंशन तब तक जारी रहेगा अटेवा का संघर्ष

# शहीद चौक पर मनाई गई शहीद डॉ. राम आशीष सिंह की 8वीं पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



अटेवा के प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर शनिवार को डॉ.राम आशीष सिंह की 8वीं पुण्यतिथि पर नम आंखों से उन्हें याद किया गया। शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित शहीद चौक में अटेवा जिला कार्यकारिणी द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा व संकल्प दिवस के बारे में जानकारी देते हुए अटेवा के जिला संयोजक इरफान अहमद ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षक डॉ. राम आशीष सिंह के द्वारा दिये गए बलिदान को पूरा देश याद करता है।

जिला संयोजक इरफान अहमद ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर हुये आंदोलन में डॉ. रामाशीष सिंह वर्ष 2016 में शहीद हो गये थे। उनकी पुण्य तिथि (7 दिसंबर) के मौके पर अटेवा यूपी के सभी जिलों में श्रद्धांजलि सभा और कैंडल मार्च निकालेगा।

जिला सरक्षक सुरेंद्र वर्मा व राजेश यादव ने बताया कि इस मौके डा0 राम आशीष सिंह के संघर्ष एवं बलिदान को याद किया गया। संकल्प लिया जाएगा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल न हो जाए तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब पुरानी पेंशन बहाल होगी जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य व जिला महिला संयोजिका सरला वर्मा ने बताया कि आज इस मौके पर संकल्प लिया गया कि स्व. डॉ राम आशीष सिंह की 8वीं पुण्य तिथि पर यह शपथ लेते हैं कि जब तक सरकार के द्वारा हम सभी शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल नहीं की जाती है तब तक विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में संघर्ष का कारवां निरंतर प्रयास करता रहेगा। हम संकल्प लेते हैं कि डॉ राम आशीष सिंह की शहादत को हम शिक्षक, कर्मचारी बेकार नहीं जाने देंगे और सरकार से अपना हक लेकर रहेंगे अटेवा के जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है 7 दिसंबर 2016 को विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस लाठी चार्ज में डॉ. राम आशीष सिंह शहीद हो गए थे।

तब से लगातार अटेवा उनके पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाती चली आ रही है इस मौके पर अनिल, कुलदीप, आशुतोष, सच्चिदानंद वर्मा, आशीष पटेल, मो. नसीम, अनवर, महिला महामंत्री ममता यादव, कंचन वर्मा, सरिता श्रीवास्तव इन्द्रसेन राम सजीवन, रामबाबू, शुतांशु सोनकर, मयंक वर्मा, पवन पांडेयसुधीर कुमार, सैकड़ों दर्जनों अटेवियन उपस्थित रहे।



**अपने देश की मशीन तमाम देशों में उपयोगी...**

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय टीवी अभियान का शुभारंभ करने केंद्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्रालय......

▸ खबर पेज 11 पर...

# शिवराजपुर ब्लॉक के अंदर बना शौचालय जंगल में हुआ तब्दील, एक और में लटकता मिला ताला






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**शिवराजपुर।** शिवराजपुर ब्लॉक में कार्यरत अधिकारियों पर चिराग तले अंधेरा वाली मसल बिल्कुल सटीक बैठती है। क्योंकि शिवराजपुर ब्लॉक में दो शौचालय बने हुए हैं एक शौचालय जो की पशु चिकित्सालय के पीछे बना हुआ है पूरी तरीके से जंगल में तब्दील हो चुका है वही दूसरा शौचालय जिसमें हमेशा ताला लटकते हुए देखा जा सकता है। मजे की बात तो यह है कि ब्लॉक के अंदर महिला कर्मचारी भी काम करती हैं। ऐसे में ब्लॉक में बने शौचालय में लटकते ताले की वजह से उन्हें भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में वहां पर काम करने वाले कर्मचारी बिल्डिंग का पिछवाड़ा ढूंढते हैं। आपको बताते चलें उत्तर प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान शौचालय बनवाए जाने को लेकर पैसा भी आवंटित किया गया। ब्लॉक में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या को देखते हुए ब्लॉक में एक बड़ा शौचालय बनवाया जाना चाहिए था।

### बीडीओ साहब बोले दो शौचालय बने हैं बाकी मुझे नहीं पता

वर्तमान समय में चौबेपुर एवं शिवराजपुर ब्लॉक की कमान बीडीओ आशीष मिश्रा जी के हाथों में है। जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के संवाददाता ने शनिवार को शिवराजपुर ब्लॉक जाकर ग्राउंड जीरो पर देखा तो वहां पर केवल दो ही शौचालय बने हुए हैं जिसमें से एक अव्यवस्थाओं के चलते पूरी तरीके से जंगल में तब्दील हो चुका है। वही दूसरा शौचालय जो कि ब्लॉक प्रमुख जी के कार्यालय के पीछे बना हुआ है उसमें हमेशा ताला लटकता रहता है। इस संदर्भ में जब जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के रिपोर्टर ने बीडीओ सब से जानकारी करनी चाहिए तो उन्होंने बताया कि ब्लॉक में दो शौचालय बने हुए हैं जिसमें से एक प्राइवेट है और एक वहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए बना हुआ है। शायद बीडीओ सब को अपने अंदर में काम करने वाले कर्मचारियों की जरा सी भी दिक्कत का एहसास नहीं है। शौचालय ना बने होने की वजह से ब्लॉक में काम करने वाले कर्मचारियों को काफी दिक्कत हो रही है। अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर कब ब्लॉक में काम करने वाले कर्मचारियों की दिक्कतों का निवारण होता है।

# गर्लफ्रेंड से फोन पर कहा तुम मेरी नहीं तो जीने से क्या फायदा, लगाई फांसी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



युवक ने गर्लफ्रेंड से फोन पर कही ये बात तुम मेरी नहीं हुई तो जी कर क्या करूंगा और फांसी लगा ली। ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ पर लटका देखा तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया। ग्रामीण द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का जायजा करने के बाद साक्ष्य जुटाए है। जांच पड़ताल पूरी होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूत्रों के मुताबिक सेन के बिनगांव का रहने वाला नंदलाल मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। नंदलाल कश्यप ने बताया कि उसका 19 वर्षीय बेटा जीतू ट्रक ड्राइवर है। जीतू साढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाली मौसी के घर अक्सर आया जाया करता था। इस दौरान उसका वही की रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग हो गया। परी जिन्होंने बताया कि जीतू करीब 3 महीने से ट्रक चलाने नहीं जा रहा था।उन्होंने यह भी बताया कि ज्योति की दूसरी जगह शादी तय हो गई थी। जिसको लेकर वह हमेशा परेशान रहता था। 2 दिन पहले जीतू घर में रखे जेवर समेत 40 हजार नगदी और एक मोबाइल अपनी गर्लफ्रेंड को दे आया था। जानकारी होने पर परिजनों ने इसका विरोध किया तो जीतू ने जेवर व नगदी वापस लाने के बाद कही थी। जीतू अपनी गर्लफ्रेंड को दिया हुआ पूरा सामान वापस मांग रहा था। लेकिन गर्लफ्रेंड और उसके परिजनों ने जेवर माणक दी वापस देने से इनकार कर दिया। जिससे परेशान होकर युवक ने गांव के किनारे स्थित एक पेड़ पर फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों ने युवक केशव को पेड़ पर लटका देखा तो पुलिस और परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही युवक के घर में हाहाकार मच गया। वहीं पुलिस मौके पर पहुंच गई। सेन पश्चिम पारा पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जाना पड़ताल करने के बिद युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है शरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पोलियो उन्मूलन को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली

■ **रविवार को 2077 बूथ पर पिलाई जाएगी बच्चों को दो बूंद जिंदगी की**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को पोलियो को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया। रैली का मकसद 8 दिसम्बर (रविवार) से शुरू हो रहे पल्स पोलियो अभियान में शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए अभिभावकों को जागरूक करना था। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ यूबी सिंह ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हुमायूबाग़ से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में सीसामऊ प्राइमरी विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी हाथों में पोलियो से जुड़े जागरूकतापरक नारे लिखी तख्तियां लिये हुए थे।

इस अवसर पर डीआईओ ने अभिभावकों से अपील की कि अभियान के दौरान अपने शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा जरूर पिलाएं। इस अवसर पर उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश्वर सिंह, डीएमसी यूनिसेफ फ़ुज़ैल अहमद, विश्व स्वास्थ्य संगठन से अरशद अली, यूएनडीपी से वीसीसीएम धनंजय सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ नायला, डॉ रोहित, आशा, एएनएम, विद्यालयों से शिक्षक विद्यार्थी तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश्वर सिंह ने बताया- जनपद में 8 दिसम्बर को करीब 2077 बूथ पर बच्चों को पोलियो से बचाव की दवा पिलाई जाएगी।

इसके बाद 9 से 13 दिसम्बर तक टीम घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाएंगी। इसके लिए लगभग 1818 टीम बनाई गईं हैं, जो लक्षित 5.51 लाख बच्चों को दवा पिलाने का कार्य करेंगी। टीम की मॉनिटरिंग के लिए 578 सुपरवाइजर बनाये गये हैं, जो टीम की निगरानी करेंगे। जिला स्तर पर जिला स्तरीय अधिकारी भी पल्स पोलियो टीम का औचक निरीक्षण करेंगे। रोजाना शाम को ब्लाक स्तर के नोडल अधिकारियों द्वारा अभियान का फीडबैक लिया जाएगा और अभियान की समीक्षा होगी। साथ ही बताया -पोलियो का टीका नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में भी शामिल है।

पल्स पोलियो की दवा जन्म के समय ही दी जाती है। इसके अलावा छह, दस और चौदह सप्ताह पर भी यह ड्रॉप पिलायी जाती है। इसकी बूस्टर खुराक सोलह से चौबीस महीने की आयु में भी दी जाती है। उन्होंने बताया-पल्स पोलियो की दवा सुरक्षित और असरदार है।

इसके प्रति मिथक और भ्रांतियों के कारण कुछ पड़ोसी देशों में पोलियो का उन्मूलन नहीं हो सका, जबकि भारत में पोलियो उन्मूलन संभव हो गया। चूंकि पड़ोसी देशों में पोलियो के वायरस मौजूद हैं, इसलिए एहतियातन भारत में भी शून्य से पांच वर्ष तक के हर बच्चे को पोलियो से पूर्ण प्रतिरक्षित किया जाना अनिवार्य है। इसलिए प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है कि वह शून्य से पांच वर्ष तक के अपने बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं।

## खेलकूद प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ब्लॉक प्रमुख ने किया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**बिठूर।** कल्याणपुर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय देशामऊ में आयोजित ब्लाक स्तरीय बाल कीड़ा प्रतियोगिता के दौरान संस्कृत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तो वही खेलकूद के माध्यम से विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने अपनी प्रतिभागिता का भी प्रदर्शन किया।

विद्यालय में आयोजित किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनुराधा अवस्थी ने प्रतियोगिता का सरस्वती मां के चित्र के सामने दीप जलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। खेलकूद प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कल्याणपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अनुराधा अवस्थी ने सम्मानित भी किया। इस दौरान बच्चों ने प्रतियोगिता में भी खेलों को माध्यम से मौजूद लोगों का दिल जीत लिया।

# वन्य प्राणी उद्यान में आदमखोर टाइगर की हार्ट अटैक से हुई मौत



**लखीमपुर खीरी से 10 दिन पहले लाया गया था टाइगर**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के नवाबगंज स्थित वन्य प्राणी उद्यान में आदमखोर टाइगर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। लखीमपुर खीरी में इस टाइगर ने दो लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। टाइगर को 26 नवंबर के दिन रेस्क्यू कर घायल हालत में कानपुर चिड़ियाघर लाया गया था। यहां उसे 14 दिन के लिए क्वॉरेंटाइन किया गया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। टाइगर का पोस्टमार्टम कराया गया है। इसमें मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट और सेप्टीसीमिया बताया जा रहा है। वन्य प्राणी उद्यान के डॉक्टर अनुराग ने बताया कि लखीमपुर खीरी के महेशपुर रेंज के मन्नापुर गांव में टाइगर का आतंक पचरा हुआ था। नवंबर महीने में या किसान कन्हैयालाल और एक अन्य व्यक्ति को खो गया। इसके बाद से वन विभाग के टीम कांबिंग करके इसको रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही थी। गांव में आदमखोर को पकड़ने के लिए जगह-जगह पिंजरे लगा दिए गए थे। साथी वन विभाग में इमलिया और धरथनियां मैं कर पिंजरे और निगरानी के लिए 24 कैमरे लगाए गए थे। 23 नवंबर को आदमखोर टाइगर वन विभाग टीम के जाल में फस गया। इसके बाद उसे पिंजरे में कैद कर 26 नवंबर को कानपुर चिड़ियाघर लाया गया था। यहां इसका इलाज किया जा रहा था। टाइगर ने तीन दिनों के बीच में 5 किलो तक मीट भी खाया था। इसके बावजूद वह लगातार शांत होता जा रहा था। डॉ अनुराग ने बताया कि जब बात को कानपुर लाया गया था। तब उसके सिर पर 12 से ज्यादा चोट के निशान थे। पीठ पेट समेत चेहरे पर कई चोटे लगी हुई थी। पिछले बाएं पैर में एल्बो ज्वाइंट पर चोट के चलते व पिंजरे में बैठकर गुर्राता रहता था। उसके दांत घिस हुए थे और केनाइन भी टूट गया था। उन्होंने बताया कि वन्य प्राणी के चिकित्सकों द्वारा काफी प्रयास किए जाने के बाद भी टाइगर को नहीं बचाया जा सका। इलाज के दौरान ही उसे हार्ट अटैक आ गया था जिससे उसकी मौत हो गई।

## जौहर एसोसिएशन का नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर 7 को

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** समाजिक संस्था एमएमए जौहर



फैन्स एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फ़र हाशमी ने बताया कि हिना मैरिज हाल चमनगंज मे प्रात:11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया किया गया। इस शिविर में ढाई सौ से अधिक मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई। जिसमे हड्डी, जर्नल फिजिशियन, नाक, कान, गला, नेत्र रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। शिविर संयोजक मोहम्मद ईशान ने बताया कि शिविर मे मोतियाबिंद के मरीजों की जांच के बाद भर्ती उसी दिन जवाहरलाल रोहतगी हास्पिटल सर्वोदयनगर मे कराया गया। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष हयात ज़फ़र हाशमी के प्रयास से उन्हें निशुल्क खाना, दवा, व निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कर चश्मा भी निशुल्क ही दिया गया। संयोजक मोहम्मद ईशान, शहनवाज़ अन्सारी, सैय्यद सुहेल, सैफी अन्सारी ने जरूरतमंदों से अपील है कि मौक़े का लाभ उठाएं।

# दोस्त की कार हड़पने के मामले में दोस्त पर एफआईआर दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चकेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। दोस्ती यारी का फायदा उठाकर एक ट्रेवल एजेंट ने अपने दोस्त की कर को ही हड़प लिया। पीड़ित जब कर वापस मांगी तो उसने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। पीड़ित ने चकेरी थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। वही चकेरी पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बागपुर के रहने वाले विनोद कुमार ने बताया कि उन्होंने तीन माह पहले मारुति सुजुकी की अर्टिगा कर खरीदी थी। विनोद के मुताबिक कर आने के बाद से ही उनके बेटे विनय के दोस्त राम सिंह का पुरवा भीमसेन का रहने वाला राहुल व शिवम शुक्ला की कर के ऊपर नियत खराब थी। विनय के मुताबिक इन दोनों ने पुत्र को बुलाया और उसे जानकारी दी की मित्र राहुल सिंह की पत्नी का एक्सीडेंट हो गया है। उसे कर की आवश्यकता है इसके बाद विनय ने घटना को सुनकर कर दे दी। चार-पांच दिन बाद कर वापस मांगी गई तो आरोपियों ने आजकल करके टाल मटोली शुरू कर दी। इधर जब आरोपियों ने गाड़ी देने से मना कर दिया तो विनय ने राहुल सिंह से संपर्क किया। वहां जाकर पता चला कि उसकी पत्नी बिल्कुल ठीक है। साथी यह भी पता चला कि विनय की कर का गलत कामों में इस्तेमाल किया जा रहा है। विनय ने 14 अक्टूबर 2024 को राहुल सिंह और शिवम शुक्ला को फोन किया तो आरोपियों ने जवाब दिया कि ज्यादा परेशान मत हो गाड़ी मिल जाएगी। अगर ज्यादा शिकायत करोगे तो गाड़ी से कोई अप्रिय घटना करके तुम्हें फंसा दिया जाएगा। मामले में विनय द्वारा चकेरी थाने में आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया गया है। चकरी इंस्पेक्टर अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## तापमान में आएगा उतार-चढ़ाव, बर्फबारी के बाद बढ़ सकती ठंडक

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** लगातार चलीं पश्चिमी हवाओं से रात का पारा 24 घंटे में 1.2 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। यह सामान्य औसत से भी एक डिग्री कम है। इससे रात में ठंड बढ़ गई है। हवाओं में निरंतरता बने रहने से धुंध भी छंट गई है। सुबह और शाम को दृश्यता सामान्य दो किमी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर पश्चिमी हवाओं की यह स्थिति रही तो हल्की ठंड बढ़ेगी और अगर दिन में बादल आ गए तो दिन का पारा भी लुढ़क जाएगा। वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि आठ दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ जम्मू कश्मीर पहुंचने की उम्मीद है। इसके आगे बढ़ने के साथ ही चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बनेगा। इससे हवाओं की गति सुस्त पड़ेगी। इसके साथ ही तापमान में एक-दो डिग्री का उतार चढ़ाव होगा। इस वक्त उत्तर पश्चिमी हवाओं में निरंतरता के कारण कानपुर परिक्षेत्र समेत विभिन्न इलाकों में रात का न्यूनतम तापमान गिरा है।

# पेट्रोल पंप कर्मी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



घाटमपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुगल रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को गंभीर हालत में घाटमपुर सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सूत्रों के मुताबिक दुर्गागंज का रहने वाला मनीष उम्र 30 वर्ष पुत्र अरविंद घाटमपुर के एक पेट्रोल पंप में नौकरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। युवक देर शाम नौकरी कर अपने घर वापस लौट रहा था। तभी मुगल रोड पर स्थित मुस्कान धर्म कांटे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन घटना स्थल से नौ दो ग्यारह हो गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को घायल अवस्था में घाटमपुर सीएचसी पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से पारिवारिक जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस ने पंचायत नामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही क्षेत्रीय पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। घाटमपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडे ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



**चौबेपुर।** रौतापुर कलां गांव में शनिवार को भव्य कलशयात्रा निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हो गया। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए संतोषी माँ निखिलेश्वर महादेव मन्दिर के पास कथास्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। जगह-जगह भक्तों ने कलश यात्रा का स्वागत किया। पहले दिन की कथा में कथा व्यास राजेश पाण्डेय काशीपुर ने भागवत कथा की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है। आयोजक सुदामा प्रसाद राजपूत ने बताया कि 14 दिसंबर को भंडारे के साथ कथा का समापन होगा। इस दौरान अखिलेश राजपूत, चिन्टू राजपूत, कमल राजपूत, रज्जी लाल रामविलास मिश्रा, सौरभ शुक्ला रामजी, सुमित दुबे मौजूद रहे।

# छह साल लड़ी लड़ाई, सेवानिवृत्ति के बाद मिला न्याय

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में रामादेवी निवासी राधा रमण तिवारी को बैंक प्रबंधन ने पदोन्नति नहीं दी तो उन्होंने खुद ही संघर्ष करने का फैसला किया। छह साल के संघर्ष के बाद गुजरात हाइकोर्ट ने उन्हें उप महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति देने और इस अवधि के सभी लाभ देने के निर्देश दिए। खास बात यह है कि कोर्ट ने सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें पदोन्नति का आदेश दिया है। न्याय पाने के लिए उन्होंने खुद ही आरटीआई से जानकारी जुटाई। बैंक प्रबंधन ने उनके आरटीआई न लगाने के लिए भी वाद दाखिल किया था। राधारमण 31 दिसंबर 2018 को मुजफ्फरपुर बिहार से क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक आफ बड़ौदा से सहायक महाप्रबंधक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अपने सेवाकाल में ही उप महाप्रबंधक पद के लिए साल 2016 में लिए गए साक्षात्कार में सफल हुए और तीन मई 2016 को जारी सूची में वो वेटिंग लिस्ट में 48वें नंबर पर थे। यह लिस्ट एक अप्रैल 2017 तक ही वैध थी। उनके चयन के बाद बैंक प्रबंधन ने उन्हें एक लोन के एनपीए मामले में कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया, जिसके बाद बैंक प्रबंधन ने पदोन्नति के मामले में केंद्रीय सतर्कता आयोग सीवीसी में क्लीयरेंस की मांग की। इस पर बैंक प्रबंधन ने कोई भी जवाब नहीं दिया। उन्होंने 2017 में बैंक के एमडी को अपने पदोन्नति के मामले में पत्र लिखा, जिसका बैंक के उच्चाधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। इसी बीच में उनसे वरिष्ठता में छोटे सहायक महाप्रबंधक को उप महाप्रबंधक के रूप में बैंक ने पदोन्नत कर दिया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट गुजरात की सिंगल ब्रांच में याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने 30 नवंबर 2017 को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ उन्होंने डबल बेंच में आदेश को चुनौती दी। उन्होंने बताया कि चार दिसंबर 2024 को गुजरात हाईकोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को पलट दिया। फैसले में कोर्ट ने बैंक प्रबंधन की ओर से 2017 के तत्कालीन लखनऊ जोन के माइनर पनिशमेंट वाले मामले में सीवीसी क्लीयरेंस के मामले को प्रमोशन के बाद का मामला माना, कहा कि प्रमोशन की लिस्ट साल 2016 में निकली थी।

# समाधान दिवस पर जिलाधिकारी ने 106 समस्याओं को सुना, दो को किया तुरंत निस्तारित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस बाल भवन में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलत होकर प्राथमकिता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिस भी विभाग द्वारा शिकायत निस्तारण में यदि गलत आख्या लगाई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। समस्त विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालयों में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा 10 बजे से जनता दर्शन का आयोजन किया जाए, जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों को जन शिकायत रजिस्टर में अवश्य दर्ज कराते हुए समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की जनपद में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के 320 सभी तहसीलों में पेंडिंग प्रकरणों को आज ही प्रत्येक दशा में निस्तारण कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा 08 प्रकरणो में तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में बीते दिन कुल 106 शिकायतें प्राप्त हुए, जिनमें 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकयतों के निस्तारण हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराएं गए कि प्रकरणों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। श्रीमती तनीषा दिवेदी द्वारा राशन कार्ड न बनने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया की उनका राशन कार्ड तत्काल बनाया जाए। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा उनका राशन कार्ड बनवाया गया। श्रीमती फरबीना परवीन निवासी 97झ35 तलाक महल द्वारा शिकायत की गई कि उनके पीटीआई की रेल दुर्घटना में मृत्यु हो गई है उनको पारिवारिक लाभ नहीं मिला जिस पर तत्काल जिलाधिकारी द्वारा समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि आज ही उनका पारिवारिक लाभ दिलाया जाए 7 समाज कल्याण अधिकारी द्वारा उनके खाते में परवारिक लाभ का भुगतान कराया गया। साहिल रहमान निवासी 137/7 विजय नगर द्वारा शिकायत की गई कि राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनान्तर्गत स्वीकृति सहायता उनके खाते में न भेजकर किसी अन्य व्यक्ति के खाते में चली गई, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल सहायक समाज कल्याण अधिकारी को उनके खाते में राशि भेजने के निर्देश दिए। राहुल निषाद निवासी 332 कोयल नगर द्वारा शिकायत की गई कि कुछ क्षेत्रीय दबंगो द्वारा केडीए की भूमि पर जबरन कब्जा किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने वी0सी0केडीए को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। राम स्वरूप सिंह निवासी ग्राम पसे कापुरवा मौजा कुल्होळी बिधनू द्वारा शिकायत की गई कि दबंगो द्वारा उनकी फसल को जबरन नष्ट कर दिया गया जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार सदर को निर्देशित किया गया की राजस्व व पुलिस टीम के साथ जांच कराकर आवश्य कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर श्रीमती ॠतु प्रिया, तहसीलदार सदर, सहित सभी सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

▶ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भारतीय संविधान में कलात्मकता

**संविधान का भाग इइइ, जो प्रथम अनुसूची के भाग, में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आँखें बंद करके और हथेलियाँ एक दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं और फ्रेम में एक मोर भी दिखाई दे रहा है जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दर्शाता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिज़ाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं।**

*हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को दस्तावेज के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है। यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वर्गीकृत किया गया है- मोहनजोदड़ो काल, वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएँ। संविधान की शुरुआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है। संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दर्शाया गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है। संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिज़ाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दर्शाता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से पेरुमलदा कहा जाता था।*

### एक्सप्रेस आलेख

**2014 में पहली बार महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद फडणवीस अपनी कल्पनाशीलता, दूरदर्शिता, दृढ़संकल्प, राजनीतिक कौशल एवं अभिनव परियोजनाओं के माध्यम से उन्होंने अपनी असीम क्षमताओं को आकार दिया। उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का अंदाज इसी बात से लगाया जा सकता है कि 2014, 2019 और 2024 के विधानसभा के चुनाव भाजपा ने फडणवीस के नेतृत्व में लड़े और शानदार प्रदर्शन किया, तीनों बार भाजपा सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी। 2019 में उनके नेतृत्व में भाजपा की चुनावी जीत के बावजूद अविभाजित शिवसेना के मुखिया उद्धव ठाकरे की जिद के कारण वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाए।**

# देवेंद्र फडणवीस भाजपा के लिए चाणक्य बन चमक रहे हैं



ललित गर्ग

**यह प्रयोग विफल होने के बाद उनके विरोधियों ने उनकी रणनीतिक क्षमता पर सवाल भी उठाए थे लेकिन देवेंद्र फडणवीस को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा था और उन्होंने कहा भी था कि वे पूरे जोश से आयेंगे, तमाम तूफानों के बीच से विजेता की तरह फिर उभरेंगे। ऐसा उन्होंने करके दिखाया।**

महाराष्ट्र में सरकार गठन की राजनीति में दस दिन की सघन वार्ताओं और खासी नाटकीयता के बाद आखिर अंधेरा छंट गया और देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं। फडणवीस का मुख्यमंत्री बनना न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश की राजनीति को एक नई दिशा एवं दृष्टि देगा। क्योंकि फडणवीस ने अपने राजनीतिक कौशल से न केवल नये मानक गढ़े हैं बल्कि सकारात्मक राजनीति को नये आयाम दिये हैं। हार का कारण स्वयं को मानने एवं जीत का श्रेय पार्टी एवं सहयोगी दलों को देने की विराट सोच रखने वाले फडणवीस को अब भाजपा के शीर्ष नेताओं में शुमार किया जाने लगा है। फडणवीस ने राजनीति के चाणक्यों के चक्रव्यूहों को कुछ ऐसा भेदा कि लोग उन्हें आधुनिक अभिमन्यु भी कहने लगे। बात सही भी है फडणवीस अब किसी चक्रव्यूह में फंसते नहीं बल्कि उसे भेदकर बाहर निकलते हैं। सामने कोई भी हो शह और मात के खेल में उनकी जीत अब गारंटी बन चुकी है। वे भाजपा के लिए चाणक्य हैं तो विपक्ष के लिए अबूझ पहेली। पिछले एक दशक से महाराष्ट्र की राजनीति उनके ही इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे कद्दावर राजनेता के नेतृत्व में निश्चित ही अगली पारी सफल होने वाली है। बावजूद इसके विशाल बहुमत वाली इस सरकार के मुखिया के तौर पर फडणवीस की यह पारी किसी भी रूप में कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। फिर भी महाराष्ट्र को राजनीतिक स्थिरता और विकास के नए दौर में ले जाने की जिम्मेदारी निभाते हुए वह हर चुनौती के पार जायेंगे, लोगों ने उनकी पार्टी और सहयोगी दलों पर जो भरोसा जताया है, महायुति सरकार उनकी उम्मीदें पूरी करके एक नये इतिहास का सृजन करेंगी, इसमें कोई शंका दूर तक नजर नहीं आती। तीसरी बार मुख्यमंत्री का ताज पहनने वाले देवेंद्र फडणवीस ने प्रखर राजनेता, अजातशत्रु, दूरदर्शी नायक एवं महाराष्ट्र-निर्माता के रूप में न केवल देश के लोगों का दिल जीता है, बल्कि विरोधियों के दिल में भी जगह बनाकर, अमिट यादों को जन-जन के हृदय में स्थापित कर अनेक राजनीतिक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। फडणवीस यह नाम महाराष्ट्र राजनीतिक इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम पृष्ठ है, जिससे एक सशक्त जननायक, स्वप्नदर्शी राजनायक, आदर्श चिन्तक, नये महाराष्ट्र के निर्माता, कुशल प्रशासक के साथ-साथ राजनीति को एक खास रंग देने की



**भाजपा को प्रचंड बहुमत दिलाने के बावजूद फडणवीस को मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए खासी जद्दोजहद करनी पड़ी है। भाजपा के प्रदर्शन में फडणवीस ने अपने योगदान का पुरजोर दावा किया है। वे चुनाव-प्रचार अभियान के दौरान पार्टी का मुख्य चेहरा थे और उन्होंने राज्य के सभी छह क्षेत्रों में 64 रैलियां कीं।**

महक उठती है। उनके व्यक्तित्व के इतने रूप हैं, इतने आयाम हैं, इतने रंग हैं, इतने दृष्टिकोण हैं, जिनमें वे व्यक्ति और नायक हैं, प्रशासक और राजनेता हैं, प्रबुद्ध और प्रधान है, वक्ता और नेता हैं, शासक एवं लोकतंत्र उन्नायक हैं। महाराष्ट्र राजनीति की एक खास स्थिति जहां सहयोगी दलों की आकांक्षाओं का ध्यान रखने और उन्हें यथासंभव संतुष्ट रखने की जरूरत से जुड़ी चुनौती है वहीं आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में महायुति से जुड़े दलों पर बेहतर प्रदर्शन की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि पहली चुनौती मंत्रिमंडल में विभागों के बंटवारे को संतोषजनक ढंग से निपटाने की है। एक बड़ी चुनौती महाराष्ट्र में भाजपा की ताकत को बलशाली बनाने की भी है। इन सब चुनौतियों एवं परिस्थितियों के बीच संतुलन बनाने एवं उनसे पार पाने की क्षमता फडणवीस में दिखती है। जो व्यक्ति 2022 में एकनाथ शिंदे मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री की भूमिका मंजूर कर लेता है, पद से ज्यादा पार्टी हित को सामने रखता है, विशिष्ट परिस्थितियों में पार्टी के आग्रह पर न केवल सरकार का सुचारू संचालन सुनिश्चित करता है बल्कि चुनाव में पार्टी की अगुआई करते हुए उसे शानदार जीत भी दिलाता है, तो उन्हें मुख्यमंत्री की भूमिका सौंपी जा रही है तो अपनी पात्रता तो वह पहले ही अच्छी तरह सिद्ध कर चुके हैं, अब तो शासन के नये मानक गढ़ने है। यह स्पष्ट है कि देवेंद्र फडणवीस के राजनीतिक जीवन के नए दौर की शुरुआत संभावनाभरी है। भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद उन्होंने अपने भाषण में हिंदवी स्वराज से लेकर अहिल्याबाई होलकर का नाम लेकर अपनी राजनीतिक धारा को बिल्कुल स्पष्ट किया। चुनाव प्रचार के दौरान भी उनकी छवि आत्मविश्वास से भरे हिंदुत्ववादी शुद्ध स्वयंसेवक भाजपा नेता की बनी। उन्होंने कट्टरपंथी मुस्लिम नेताओं और उनको समर्थन देने वाले महाविकास आघाड़ी के विरुद्ध लगातार प्रखर प्रहार से अपनी छवि वर्तमान राजनीतिक धारा के अनुरूप बनाई। चुनाव के समय लगा था कि एक हैं तो सेफ हैं और बंटेंगे तो कटेंगे नारे को लेकर महायुति में मतभेद के बावजूद उन्होंने गजब का संतुलन बनाते हुए इन नारों के बल पर महायुति की जीत को उच्च शिखर देकर सबको आश्चर्यचकित किया। महायुति सरकार की नई पारी पिछली पारी जैसी सहजता और स्थिरता दिखा पाएगी या नहीं यह सवाल तो खड़ा ही है, लेकिन इस सवाल को नकारते हुए नयी सरकार अपना पूरा कार्यकाल उतार-चढ़ाव के बावजूद निष्कंटक पार करेगी। दो पुरानी और सुगठित राजनीतिक पार्टियों में हुई असाधारण तोड़फोड़ के परिणास्वरूप बनी महायुति ने हालांकि 2024 विधानसभा चुनावों में अपनी सार्थकता सिद्ध कर दी है और इसलिए अब इसे किसी भी रूप में कृत्रिम गठबंधन नहीं कहा जा सकता। फिर भी नए मुख्यमंत्री और भाजपा नेतृत्व को सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने और किसी भी असंतोष से बचने पर खास ध्यान देना होगा। फडणवीस का राजनीतिक जीवन अनेक विशेषताओं एवं उपलब्धियों से भरा रहा है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के माध्यम से उसकी शुरुआत की। उनके पिता स्व. गंगाधरराव फडणवीस विधान परिषद सदस्य थे। लेकिन इस राजनीतिक विरासत का सहारा लेने के स्थान पर फडणवीस ने अपनी खुद की पहचान बनाई। सामान्य कार्यकर्ता की तरह खुद को तराशा। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे, अनूठे रहे।

### एक्सप्रेस कविता

*गुमान हो गर जमीर में झांक कर देख,*
*मजलूम की जिन्दगी में झांक कर देख।*
*पराई दीवारो में झांकना आसां है बहुत,*
*कभीअपनी गिरेंबा में झांक कर देख।*
*पराई चादरों में सुराख़ करना आसां बहुत,*
*कभी फटी पैबन्द अपनी टांक कर देख।*
*खुश है नुक्स पर पराई मीनारों के,*
*बारिश में अपनी छत ढांक कर देख।*
*भ्रम है तुझे जिंदगी रंगीन है बहुत,*
*मुफलिसी में जरा झांक कर देख,*
*पराई दौलत से किसका भला हुआ,*
*फकीरी का तजुर्बा फांक कर देख,*
*बेईमीनी चार दिन की चाँदनी यहां*
*जरा एक जोत पवित्र जला कर देख।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

**कोई भी सपना बड़ा नहीं होता, बस उसे पूरा करने की हिम्मत होनी चाहिए**

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 09:43 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 15:52 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | वज्र, 27:46 |
| सूर्योदयः | 07:05 |
| सूर्यास्तः | 17:19 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 16:03-17:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:52-12:33 |

## जन एक्सप्रेस

### अवसर रहे निहार !

*है चर्चा विस्तार की ।*
*हो रही पर देर ।।*
*बन रही रणनीति ।*
*करना कुछ को ढ़ेर ।।*
*सबके अपने दावे ।*
*और करना भी खेल ।।*
*ना जिनसे है पटती ।*
*कसना भी नकेल ।।*
*हैं सारे अब होशियार ।*
*अवसर रहे निहार ।।*
*मिले थोड़ा मौका ।*
*करें कुछ प्रहार ।।*
*आ गया वो पल ।*
*खबर बनने वाली ।*
*देखते हैं कब तक ?*
*दिखती ये खुशहाली ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मन और शरीर को शांत करने के लिए रोजाना करें 3 ब्रीदिंग तकनीक, मेंटल हेल्थ में होगा सुधार

**प्रदूषण,** तनाव और खराब लाइफस्टाइल के कारण लिवर या हार्ट से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आज के समय में बच्चे से लेकर बुजुर्ग हर वर्ग के व्यक्ति में बीमारी और तनाव की समस्या देखने को मिल रही है। लेकिन, स्ट्रेस या एंग्जाइटी को कम करने के साथ अपने लिवर को स्वस्थ रखने के लिए आप कुछ ऐसी एक्सरसाइजों को अपने फिटनेस रूटीन में शामिल कर सकते हैं, जो आपके शरीर और दिमाग दोनों के लिए फायदेमंद माना जाता है।

**बेली ब्रीदिंग के फायदे:** बेली ब्रीदिंग करने से शरीर में ऑक्सीजन का लेवल बढ़ता है, प्रदूषण के कारण फेफड़ों को पहुंचने वाले नुकसान कम होता है। यह एक्सरसाइज पैरासिम्पेथेटिक नर्व सिस्टम को एक्टिव करता है, जिससे तनाव कम होता है और मन शांत रहता है।

**बेली ब्रीदिंग कैसे करें?:** बेली ब्रीदिंग यानी पेट से सांस लेने का तरीका है, जिसे डायाफ्रामिक ब्रीदिंग भी कहते हैं। इसे करने के लिए आप एक आरामदायक स्थान पर बैठ जाए और अपनी आंखें बंद कर लें। एक हाथ को पेट पर रखें और नास से धीरे-धीरे सांस लें। सांस लेते समय पेट को फैलते हुए महसूस करने की कोशिश करें। इसके



बाद आप अपनी सांस को कुछ सेकेंड के लिए रोकें और फिर धीरे-धीरे लगातार सांस बाहर निकालें। इस प्रक्रिया को 15 बार दोहराएं।

**4-7-8 ब्रीदिंग एक्सरसाइज के फायदे:** इस ब्रीदिंग एक्सरसाइज को करने से दिल की धड़कन को नॉर्मल करके, तनाव को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा ऑक्सीजन के लेवल में सुधार होता है, श्वसन प्रणाली पर प्रदूषण के प्रभावों को कम करने में मदद मिलती है।

**4-7-8 ब्रीदिंग एक्सरसाइज कैसे करें?:** इस ब्रीदिंग एक्सरसाइज को करने के लिए अपने होठों को बंद करें और चार तक गिनते हुए नाक से सांस अंदर की ओर लें। इसके बाद 7 तक गिनने तक अपनी सांस को रोककर रखें। फिर आठ तक गिनते हुए %हूश% की आवाज निकालते हुए अपने मुंह से पूरी सांस बाहर छोड़ें।

**हमिंग बी ब्रीदिंग के फायदे:** यह ब्रीदिंग एक्सरसाइज आपके शरीर में एक शांत कंपन पैदा करता है, जो तनाव को कम करता है और नर्व सिस्टम को शांत करता है। इसके साथ ही इस एक्सरसाइज को करने से नाक के रास्ते को साफ करने में मदद मिलती है, जिससे प्रदूषित वातावरण में सांस लेना आसान हो जाता है।

**हमिंग बी ब्रीदिंग एक्सरसाइज कैसे करें?:** हमिंग बी ब्रीदिंग एक्सरसाइज करने के लिए एक शांत मुद्रा में बैठ जाएं और अपनी दोनों औंखों को बंद करते हुए गहरी सांस लें। अब अपनी तर्जनी उंगलियों से अपने कान को बंद करें। इसके बाद मधुमक्खी की तरह भिन-भिनाने की आवाज निकालते हुए सांस को छोड़ें। खराब प्रदूषण से अपने स्वास्थ्य को बेहतर रखने और तनाव कम करने के लिए आप इन ब्रीदिंग एक्सरसाइज का अभ्यास कर सकते हैं, जो आपके सेहत के लिए काफी फायदेमंद हैं और इन्हें करना भी बेहद आसान है।

### एक्सप्रेस विशेष

# स्मृति में संसार, स्मृति से संसार



हृदयनारायण दीक्षित

**हमारे स्मृतिकोष के सारे अनुभव अंशी हैं। हम हैं, वस्तुए हैं। हम हैं और वन उपवन। हम हैं और यह संसार है। गहन सम्पूर्णता के बोध में हमारी स्मृति संपूर्ण को समेट लेती है। वृहदारण्यक उपनिषद् के एक मंत्र में ऋषि ऐसी ही स्मृति की चर्चा करते हैं यह पूर्ण है, वह पूर्ण है।**

**मोह नष्ट होना बोध प्राप्ति नहीं है। स्मृतिलाभ वास्तविक लाभ है। अर्जुन को मिली स्मृति असाधारण है। हमारी स्मृति में अपने गांव, क्षेत्र की सड़कों के नाम, संख्या, लम्बाई, चौड़ाई हो सकते हैं। मित्रों-शत्रुओं के नाम, फोन नंबर भी स्मृति का भाग हो सकते हैं। होते भी हैं। अर्जुन के पास ऐसी स्मृति थी। यहां वस्तुत: मूल स्मृति का उल्लेख है। हम अनंत के अंश हैं। हम अनंत ही हैं लेकिन हमारा बोध इकाई का है।**

**स्मृति** को सामान्यतया अतीत का भाग कहा जाता है लेकिन स्मृति हमेशा वर्तमान होती है। घटनाएं या विचार अभिव्यक्ति या अन्य सरोकार बेशक अतीत का भाग होते हैं लेकिन उनकी स्मृति हमेशा वर्तमान है। अच्छी स्मृति परम सौभाग्य है। जो जितना जीवंत है, वह उतना ही स्मृतिपूर्ण। जीवन के अंतिम भाग में स्मृति क्षीण होती जाती है। बुढ़ापा में परिजन बताते हैं कि अब वे पहचान नहीं पाते। स्मृति समृद्धि परिपूर्ण तरुणाई है और स्मृतिलोप परिपूर्ण रूग्णता। परिवार, सम्पत्ति, ममत्व, अपनत्व, नेह-स्नेह का घनत्व सब कुछ स्मृति के सहारे हैं। स्मृति गई तो सब कुछ गया। स्मृति में संसार है। स्मृति से संसार है। स्मृति नहीं तो संसार नहीं। स्मृति में शुभ है, अशुभ भी है। स्मृति के अनेक भाग आहतकारी होते हैं और अनेक भाग आह्लादकारी। भारतीय चिंतन में स्मृति को विशेष महत्व मिला है। याज्ञवल्क्य स्मृति और मनुस्मृति आदि चर्चित स्मृतियां हैं। मनुस्मृति की प्रशंसा नीत्से जैसे विद्वानों ने की और भर्त्सना डॉ. अम्बेडकर जैसे महान नेताओं ने। मनुस्मृति में एक कल्पित विधि व्यवस्था है। ऐसी विधि व्यवस्था भारतीय इतिहास की किसी भी राज्यव्यवस्था में नहीं थी। अंग्रेजी राज में बेशक अनुसूचित जातियों के एक बहुत बड़े भाग को आपराधिक जातियां घोषित किया गया था। ब्रिटिश संसद ने क्रिमिनल ट्राइब एक्ट बनाया था। समाज के सक्रिय और श्रमशील भाग को जाति जन्म के कारण अपराधी घोषित किया गया था। क्रिमिनल ट्राइब एक्ट की स्मृति अंग्रेजीराज के प्रति घृणाभाव पैदा करती है। 'स्मृति' तंत्र अद्भुत है। देखे, सुने, पढ़े और अनुभूति प्रतीति का संचित कोष। स्मृति और विवेक ज्ञान का पर्याय हैं। ब्रिटेन के प्रतिष्ठित स्मृति विशेषज्ञ ईडी कूक ने स्मृति क्षमता के विकास पर मजेदार बात कही है। कूक के अनुसार रोमांस और यौन सम्बंधों के बारे में सोचने से मस्तिष्क तीव्र होता है। भावनाएं और आकर्षण मिलते हैं, रुचि बढ़ती है। इससे स्मृति क्षमता में वृद्धि होती है। कूक ने जोड़ा है कि प्राचीन रोम और यूनान के राजनेता और तर्कशास्त्री वाद-विवाद के पूर्व यौन सम्बंध और रोमांस के बारे में सोचते थे। उनका मानना था कि इससे तर्कशक्ति का विकास होता है। भारतीय परंपरा में स्मृति क्षमता के लिए सतत् अध्ययन व 'शांति पाठ' का प्रावधान है। हरेक उपनिषद् के प्रारम्भ व अंत में शांति पाठ के मंत्र हैं। अशांत चित्त ज्ञान ग्राह्य नहीं होता। प्रशांत चित्त की ग्राह्यता का क्या कहना? पढ़े या सुने को स्मृति का स्थायी भाव बनाने के लिए पाठ के अंत में फिर से शांति पाठ की व्यवस्था है। केनोपनिषद् के शांतिपाठ में स्तुति है ÷यहां प्रतिपादित तत्व मुझमें रहें, मैं उनमें रहूं।÷ मेरा सुना देखा गया सुरक्षित रहे। ऐतरेय उपनिषद का शांति पाठ ध्यान देने योग्य है, ÷मेरी वाणी मन में स्थिर हो। मन वाणी में स्थिर हो। मन और वाणी अलग अलग न हो। हे मन और वाणी! तुम दोनों मुझे ज्ञान प्राप्त कराओ। आचार्य से सुना और अनुभव से प्राप्त ज्ञान मेरा त्याग न करे। यहाँ स्मृति को सुदृढ़ और सर्वकालिक बनाने की स्तुति है। यौन विचार या रोमांस चित्त प्रशांत नहीं करते। चित्त अशांत करने में ही उनकी भूमिका है और अशांत चित्त मूल स्मृति को भी अव्यवस्थित करते हैं। स्मृति ज्ञान संपदा है। हमारा भोगा और जाना हुआ सार। पाया हुआ, खोया हुआ, कहा सुना और पढ़ा हुआ अमूल्य संचय। यहां कोई चुनाव नहीं। स्मृति में सार्थक निरर्थक का सहअस्तित्व है। इतिहास स्मृति है और संस्कृति भी। वेद, भौतिकी, पराभौतिकी, खगोल या भूगोल भी स्मृति हैं। वैदिक संहिता को श्रुति कहा जाता है। वे सुने गये हैं। तब लिपि नहीं थी। वे सुनाए गये थे। तब वे सुनाने वाले ऋषियों की स्मृति में थे। बाद में सुनने वाले भाग्यवानों की स्मृति का भाग बने। स्मृति में अनंत रंग रूप हैं। इनमें से सत्य, शिव और सुंदर का चयन हमारा काम है। सत्य, शिव और सुंदर के निर्णय भी हम स्मृतिकोष से ही करते हैं। स्मृतिकोष में उपस्थित तथ्यों से उनकी जांच करते हैं। तब उन्हें सत्य-असत्य, शिव-अशिव या सुन्दर असुन्दर के खांचे में डालते हैं। हमारा चित्त निर्णायक भूमिका का निर्वहन करता है। लेकिन निर्णय के हरेक क्षण और चुनौती में स्मृति ही आधारभूत भूमिका निभाती है। स्मृति प्रकृति का प्राणवान उपहार है मानव जाति के लिए। मनुष्य को ही क्यों सभी प्राणियों के लिए भी। पौधों की संवेदनशीलता स्मृतिपूर्ण है। वे पानी देने वाले किसान या कर्मचारी को देखकर प्रसन्न होते हैं और लकड़ी काटने वाले को देखकर सन्न। पशु भी पालक को देखकर पुलकित होते हैं और कसाई को देखकर भयग्रस्त। सारे खेल प्रकृति और स्मृति के हैं। स्मृति हमें सचेत करने का काम करती है। निर्णय लेना हमारा ही काम है। पान मसाले की पुड़िया पर ÷स्वास्थ्य के लिए खतरा है/तम्बाकू जानलेवा है÷ पढ़कर भी हम सजग नहीं होते। स्मृति संदेश देती है। अशुभ के प्रति सावधान करती है।

# प्राथमिक विद्यालय का परिसर बना कार पार्किंग स्टैंड

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**








**कार पार्किंग स्टैंड आज से नहीं दशकों से चल रहा लेकिन न विद्यालय स्टाफ न शिक्षा विभाग दे रहा इस ओर ध्यान**

**लखीमपुर खीरी।** भ्रष्टाचार में पूरी तरह से जकड़ा बेसिक शिक्षा विभाग अपने भ्रष्ट कारनामों को सुधारने का नाम नहीं ले रहा है जैसा कि लखीमपुर नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मिश्राना में शिक्षा की जगह अब मोहल्ले के पूंजी पतियों के वाहनों को खड़े करने का स्थान बन चुका है जैसा कि इससे पूर्व सिंगाही के एक स्कूल में नृत्य करने वाले महिलाओं को वहां के भ्रष्ट प्रधान अध्यापक ने रुकने के लिए स्थान दिया था इसी भ्रष्टाचार के चलते ग्रामीण इलाकों में गरीब के बेटियों की शादी में बारात रुकने के लिए मास्टर साहब कहते हैं कि बरात नहीं रुक सकती है यह सरकारी आदेश है परंतु यह बात जन सामान्य की समझ में नहीं आ रहा है कि नगर के प्राथमिक विद्यालय मिश्राना में किसके आदेश से मोहल्ले के पूंजीपति अपनी गाड़ी खड़ी करते हैं मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि हमारे मोहल्ले के पूंजी पति गाड़ी खड़ी करने के लिए मिश्राना प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक को हर माह कुछ रकम देते हैं इसके चलते हमारे मोहल्ले के लोग इस प्राथमिक विद्यालय में अपने चार पहिया आदि वाहन खड़े करते हैं एक तरफ सरकार व उसके नियम कार्य कुछ अलग ही कहते हैं। जब संवाददाता इस प्राथमिक विद्यालय में पहुंचा तो वहां पर मात्र एक शिक्षामित्र पढ़ाते देखे गए, प्रधान अध्यापक के बारे में पूछने पर बताया कि वह मेरी बड़े अफसर हैं मुझे मना किया है कि मेरे बारे में किसी को कोई जानकारी मत देना,मेरा काम है बच्चों को पढ़ाना, समय से स्कूल खोलने तथा बंद करना इस संबंध में नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी का फोन लगाया गया फोन यह बता रहा था कि नेटवर्क के बाहर है इस संबंध में शिक्षा विभाग के मुखिया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को फोन लगाया घंटी गई परंतु उनका फोन नहीं उठा ऐसा लगता है कि बीएसए खीरी किसी अर्जेंट काम में व्यस्त होंगे। यह बात समझ में नहीं आती है कि क्या प्राथमिक विद्यालय मिश्राना का कोई भी बेसिक शिक्षा विभाग का अफसर निरीक्षण करने नहीं जाता है? क्या ऑफिस में बैठकर महज खाना पूर्ति करके अपना वेतन निकालते हैं? इस तरह जिम्मेदार स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य बर्बाद करने पर तुले हुए हैं तथा अगर इस स्कूल में कोई बेसिक शिक्षा विभाग का अफसर कभी भी स्कूल जाता तो तब यहां वाहन खड़े करने का स्टैंड नहीं बनता, लोग बताते हैं कि मास्टर के सिवाय और भी मोहल्ले के बेसिक शिक्षा विभाग को इसलिए नहीं सुधारना चाहते हैं कि इसमें मोहल्ले के कमजोर वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं अगर सब पढ़कर कुछ जागरूक बन जाएंगे तो शायद सरकार व उसके अमले के लिए मुसीबत ही बनेंगे। मोहल्ले की जनप्रतिनिधि भी अपनी आंख मूंद लिए हैं अगर गरीबों के बच्चे पढ़ जाएंगे तो सरकार से राशन सामग्री कौन लेगा प्राथमिक विद्यालय के अफसर विद्यालय मैं बने चार पहिया दुपहिया वाहन स्टैंड को हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाते हैं यह मोहल्ले का सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। ***जिसकी लाठी उसकी भैंस कहावत चरितार्थ हो रही है।***

# दबंग बाधित कर रहे रास्ता उठवा रहे मकान की नींव

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



## पीड़ित ने अधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

थाना भीरा की पड़रिया तुला चौकी के अंतर्गत ग्राम दरियाबाद निवासिनी पीड़ित ने दबंगों द्वारा बनवाए जा रही दीवार के को तुड़वाने के संबंध में अधिकारियों से गुहार लगाई है। पीड़ित माया देवी पत्नी रामकुमार ने उच्च अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में यह कहा है की दबंग विपक्षीगण रामविलास पुत्र सुकई आदि उसके निकास का रास्ता बंद कर अपनी दीवार बनाने हेतु नींव भर दी है जबकि इस निकास की जगह के संबंध में करीब 2 वर्ष पूर्व पुलिस ने जब दोनों पक्षों में समझौता कराया था तो छह हाथ रास्ता छोड़ने की बात हुई थी जिसका दस्तावेज लिखित है। विपक्षियों द्वारा यह दीवार उठाने पर पीड़ित का रास्ता इतना बंद हो जाएगा कि वहां कोई वहां कोई वाहन नहीं जा सकता। दिनांक 5 दिसंबर को पीड़ित के पुत्र ने इस अवैध निर्माण की सूचना 112 नंबर पर दी जिस पर पुलिस ने आकर कार्य को रुकवा दिया और पीड़ित से थाने पर प्रार्थना पत्र देने को कहा। इसके बाद पीड़ित के ससुर कामता प्रसाद ने पुलिस चौकी पड़रिया तुला पर अपना प्रार्थना पत्र दिया जिस पर इंचार्ज ने मौके पर आकर रास्ता छोड़कर दीवार उठाने को कहा जिस पर विपक्षी तुरंत तो रुक गए लेकिन पुलिस के जाने के बाद पुनः उसी जगह पर दीवार उठने लगे तब फिर इतने इसकी सूचना जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को भी फोन से दी जिस पर उन लोगों ने भी रास्ते का अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश जारी किए। बताते हैं कि उच्च अधिकारियों को बताने के बाद दरोगा जी उल्टे पीड़ित को ही हड़काने लगे। दीवाल उठती देख पीड़ित ने पुनः उच्च अधिकारियों को सूचित करने के लिए मुख्यालय पर चक्कर काट रहे हैं यह भी आरोप है की विपक्षीगढ़ खुला कह रहे हैं कि जो भी कर लो हम सब पैसा देकर मैनेज कर लेंगे मेरा कुछ नहीं कर पाओगे उच्च अधिकारियों को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीड़ित द्वारा मांग की गई है कि मामले में प्राथमिक सूचना दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई करते हुए तरीके से भरी गई नींव को तुड़वाया जाए तथा मकान तक जाने का रास्ता साफ किया जाए।

# सेवा से संतृप्तिकरण शिविर में छात्राओं के रंगारंग कार्यक्रम ने मन मोहा

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

विभिन्न विभागों द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के प्रत्येक पात्र ग्रामवासी को संतृप्त किये जाने तथा जनसमस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर संचालित किये जा रहे सेवा से संतृप्तिकरण अभियान के द्वितीय चरण अन्तर्गत ब्लाक मिहींपुरवा की ग्राम सेमरहना स्थित शिव प्रसाद, विन्देश्वरी प्रसाद इण्टर कालेज में आयोजित सेवा से संतृप्तिकरण शिविर का विधायक बलहा सरोज सोनकर ने जिलाधिकारी मोनिका रानी, ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा (सौरभ) व अन्य अधिकारियों, गणमान्य व संभ्रान्तजन के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर शिक्षण संस्थाओं की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

# राष्ट्रीय झंडा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी में चयनित विद्यालय के भैया वंश मिश्र को सम्मानित किया गया

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**




मानक परिषद् के अवलोकन के तृतीय दिवस पर विद्यालय के वंदना सत्र में कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज दिवस शनिवार को विद्यालय में झंडा दिवस का आयोजन मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया तत्पश्चात प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने अतिथि परिचय के साथ मुख्य अतिथि के समक्ष विद्यालय के लिए मानक परिषद् के महत्व को भी बताया तत्पश्चात अतिथियों का रोली टीका बैच लगाकर स्वागत सम्मान किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में स्क्वाड्रन लीडर अरविंद दीक्षित उपस्थित रहे जिन्होंने झंडा दिवस का महत्व बताते हुए बच्चों का मार्गदर्शन किया साथ ही साथ विद्यालय के छात्र वंश मिश्र का चयन राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी में हुआ इस अवसर पर उन्हें क्षेत्रीय संपर्क प्रमुख राजेंद्र बाबू के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही आनंदी देवी सरस्वती विद्या मंदिर सीतापुर के प्रधानाचार्य रामनिवास जी ने विद्यालय के छात्र छात्राओं को उनके शिक्षा के कर्तव्य का कर्तव्य बोध कराया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने कहा कि मानक परिषद् के सदस्यों का आगमन विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। हमें उम्मीद है कि अवलोकन से हमें विद्यालय की गतिविधियों में सुधार करने के लिए उपयोगी सुझाव मिलेंगे। अंत में विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य संजय द्विवेदी जी ने सभा में उपस्थित अतिथि महानुभावों, आचार्य परिवार व छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# करियर काउंसलिंग कार्यक्रम : छात्रों के भविष्य को नई दिशा देने का प्रयास



**यह कार्यक्रम न केवल छात्रों के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य किया बल्कि उन्हें उनके करियर के संभावित आयामों की खोज करने के लिए भी प्रेरित किया। इस तरह के आयोजन शिक्षा और पेशेवर विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होते हैं, जो हमारे युवाओं के भविष्य को संवारने का काम करते हैं।**

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

शनिवार को जिला पंचायत इंटर कॉलेज निघासन में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम ने छात्रों के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों से अवगत कराना था, ताकि वे अपने भविष्य की योजनाओं को और स्पष्टता से बना सकें। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अनुदेशक राजेश कुमार ने की, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की महत्ता और तैयारी के लिए उपयोगी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा साझा की गई जानकारी छात्रों के लिए न केवल उपयोगी रही, बल्कि उनकी प्रेरणा को भी बढ़ाने में सहायक साबित हुई।मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे डॉक्टर सी0पी0 मिश्रा, रिटायर्ड कर्नल, जिन्होंने सेना में रोजगार के अवसरों के साथ-साथ वहां चलने वाले विभिन्न कोर्सों की जानकारी प्रदान की। उनकी बातें छात्रों के मन में सेना में करियर बनाने की इच्छा को जागृत करने में सफल रहीं।कंप्यूटर के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर बात करने के लिए काउंसलर एम0 सी0 सी0 विवेक यादव, ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में कंप्यूटर ज्ञान की कितनी अधिक मांग है और इसे प्राप्त करने के लिए कौन से कोर्स उपलब्ध हैं। उनकी जानकारी ने छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में करियर के प्रति उत्साहित किया। कार्यक्रम के समापन पर, विद्यालय के प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों का हृदय से आभार व्यक्त किया, जिन्होंने छात्रों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सफल करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में कुल 278 छात्रों ने भाग लिया, जो उनके उत्साह और उपलब्धि की कहानी बयां करता है।

## डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी।** तहसील सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ इस दौरान फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी और अपनी शिकायतों को लेकर लोगों ने अधिकारियों के सामने अपनी बात रखी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए उन्होंने कहा समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए ताकि जनता को राहत मिले संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 77 शिकायतें दर्ज की गईं डीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी मामलों की विधिवत जांच कर निस्तारण किया जाए किसी भी शिकायत को अनदेखा करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी जिले के आला अधिकारी रहे मौजूद इस मौके पर एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक, एसडीएम राजीव निगम, तहसीलदार भीमचंद, सीओ महक शर्मा सहित जिले के अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए डीएम और एसपी खुद पूरे समय मौजूद रहे अधिकारियों ने समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित करने की कोशिश की और कई मामलों को तत्काल हल कराया गया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जनता की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों को त्वरित और प्रभावी राहत पहुंचाना है।

# छुट्टा पशुओं से भरी डीसीएम पुलिस ने पकड़ी, एक आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



ईसानगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव से छुट्टा पशुओं को डीसीएम में भरकर पश्चिम बंगाल ले जा रहे तस्करों की सूचना गोरक्षकों ने खमरिया पुलिस को दी। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर दरिगापुर गांव में डीसीएम को पकड़ लिया। इस दौरान दो तस्कर फरार हो गए, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। ईसानगर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव से छुट्टा 22 पशुओं को पंजाब के नंबर पीबी 0 5 ए एन 7053 की डीसीएम में लादकर ले जाने की सूचना गोरक्षक रिंकू पांडेय व शिवम पांडेय ने खमरिया प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय और ईसानगर प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र कुमार गंगवार को दी। सूचना पर खमरिया थाना पुलिस ने घेराबंदी की और दरिगापुर चौराहे के पास डीसीएम को पुलिस टीम ने पकड़ लिया। अंधेरे का फायदा उठा डीसीएम चालक सहित दो तस्कर फरार हो गए, जबकि पुलिस ने गोतस्कर नूर इस्लाम निवासी उत्तरी नीनाजपुर पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार उपाध्याय ने बताया कि गोरक्षकों की सूचना पर पशुओं से भरी डीसीएम पकड़ी है। एक अभियुक्त गिरफ्तार किया है। जबकि चालक सहित दो अन्य साथी फरार हो गए। जिनकी तलाश की जा रही है।

# दो अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करों को अवैध ब्राउन शुगर सहित किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी**




शनिवार को थाना पलिया पुलिस द्वारा 02 नफर अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करों को अवैध नशीले पदार्थ (ब्राउन शुगर) के साथ गिरफ्तार किया गया। इन अन्तर्राष्ट्रीय तस्करों के द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर एवं नेपाल स्थित धनगढ़ी में नेपाली नागरिको को मादक पदार्थ बिक्री का कार्य किया जाता था। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण अनमोल गुप्ता पुत्र लाला गुप्ता उर्फ शिव कुमार निवासी मोहल्ला बाजार प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी। हाल पता मोहल्ला थारूपुरवा कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी।सुरेश कुमार मौर्या पुत्र रामौतार निवासी ग्राम छेदनीपुरवा थाना पलिया जनपद खीरी।द्वारा पूछताछ पर जानकारी मिली कि इनके द्वारा पलिया, भारत नेपाल सीमा पर स्थित इलाकों व नेपाल स्थित धनगढ़ी के होटलों व केसिनो इत्यादि में मादक पदार्थों की स्मगलिंग कर बिक्री की जाती रही है। अभियुक्तगणों के पास से बरामद माल उपरोक्त की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग 14 लाख रुपये है। पूछताछ के आधार पर आसपास के क्षेत्र में और अधिक गहनता से जाँच जारी है जिसमें मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी में संलिप्त लोगो के विरुद्ध उचित आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। अभी युक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुरेश चन्द्र, उप निरीक्षक राजीव कुमार, उप निरीक्षक अरशद खां, कांस्टेबल जीवन सिंह, कांस्टेबल माताप्रसाद, कांस्टेबल उपेन्द्र कुमार थाना पलिया जनपद खीरी की उपस्थिति रही।

## एक्सप्रेस खबरें...

### लड़की के अपहरण में वांछित युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** गांव की एक लड़की को बहला फुसलाकर भगा देने के मामले में वांछित एक अभियुक्त को थाना मोतीपुर की पुलिस ने अपहरण के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में जेल रवाना कर दिया है। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक मोतीपुर राकेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम की ओर से शुक्रवार को अपहरण के अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त शाहिद पुत्र कादिर निवासी ग्राम चोरपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच को थाना क्षेत्र अन्तर्गत रायबोझा चौराहा के पास से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अभियुक्त शाहिद पुत्र कादिर निवासी ग्राम चोरपुरवा थाना मोतीपुर जनपद बहराइच द्वारा अपने गांव की लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिस पर अपहर्ता के पिता द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 614/24 धारा 137(2)/351(3)/352 बीएनएस व 3(2)(ड्ड) स्ष्/स्ञ्.ष्ठ्ठ पंजीकृत कराया गया था।

### समन्वय स्थापित कर किया जाएगा बहराइच का विकास-ओंकार सिंह

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में सम्मिलित पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के नेतृत्व वाली पार्टी जनता दल सेक्युलर के प्रदेश अध्यक्ष श्री ओंकार सिंह आज जनपद भ्रमण पर बहराइच पहुंचे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री सिंह ने एल आर पी डाकबंगला में कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों से संगठन के विस्तार व उसे और चुस्त एवं दुरुस्त करने की अपील की। इस दौरान उन्हें अपने पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों जैसे उर्वरकों व खाद्यान्नों की अन्तर्राष्ट्रीय कालाबाजारी, बहराइच से वाराणसी तक चलने वाली इण्टर सिटी ट्रेन के संचालन बन्द होने, बहराइच से लखनऊ तथा बहराइच से सीतापुर तक रेलमार्ग तक रेलमार्ग विस्तार करके उसे प्रमुख रेलमार्गों से सम्बद्ध करने जनपद में एग्रीकल्चरल विश्व विद्यालय स्थापित करने तथा चहलारी रेलवे सेतु के निर्माण आदि को सम्बंधित केन्द्रीय मंत्रियों व प्रधानमंत्री से मिलकर सार्थक कोशिश करने का आश्वाशन दिया। श्री सिंह कल 9.30पर सुबह जनपद के पत्रकारों से मिलकर पत्रकार वार्ता करेंगे व अन्य गणमान्यजन से मिलेंगे। इस अवसर पर सीताराम भास्कर प्रदीप कुमार मिश्र, रवीन्द्र स्वरूप संजय सिंह, अनुज मिश्र सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पेड़ से लटका मिला ग्रामीण का शव

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** जिले के थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत कतर्नियाघाट के जंगल में एक ग्रामीण का शव एक पेड़ पर फंदे से लटकता मिला है जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। मामला हत्या और आत्महत्या के बीच झूल रहा है। थाना सुजौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीकोट के नारायण ताड़ा गांव निवासी कुद्दन 50 पुत्र मोती एक माह पूर्व छठ पूजा पर्व के दिन घर से लापता हो गया था जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने थाने में दर्ज कराई थी। काफी खोजबीन के बाद भी ग्रामीण का कुछ पता नही लग पा रहा था इस दौरान परिवार को लोग थकहार कर मायूस हो चुके थे।

## जब जब होई धरम की हानी: व्यास साध्वी सुधा पांडेय

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** मासाडीहा बाबा विहारी दास हनुमान मंदिर प्रांगण में चल रही पंच दिवसीय गायत्री महायज्ञ एवं रात्रि में श्रीराम कथा के तीसरे दिन वृहस्पतिवार रात्रि में कथा प्रवक्ता साध्वी सुधा पांडेय मानस विदुषी ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास जी रामचरित मानस में भगवान के अवतार के हेतु बतलाते हुए लिखते हैं कि जब जब होई धरम कै हानी, बाढ़हि असुर अधम अभिमानी। तब-तब धरि प्रभु विविध शरीरा, हरहि दयानिधि सज्जन पीरा। अर्थात जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, दुष्टों और अभिमानियों का प्रभाव बढ़ने लगता है, सज्जनों की पीड़ा को हरने के लिए करुणानिधान प्रभु श्रीराम काल-समय और परिस्थिति के अनुसार अलग रूपों मे अवतार लेते हैं। समिति के पदाधिकारी राम जी बाजपेई व रामानंद बाजपेई ने बताया कि बाबा विहारी दास हनुमान मंदिर आश्रम में यह गायत्री महायज्ञ एवं रात्रि में श्रीराम कथा का आयोजन विगत 15 वर्षों से किया जा रहा है। इस वर्ष भी 03 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार से दिनाक 07 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार तक विशाल मां गायत्री यज्ञ एव प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य प्रवचनकर्ता साध्वी सुधा पाण्डेय मानस विदुषी वाराणसी, उत्तर प्रदेश के मुखारबिंदु से किया जा रहा है। बाबा बिहारी दास आश्रम की कथा के प्रमुख श्रोतागण पंडित रामजी बाजपेई,रामानंद बाजपेई, पुण्डरीक पांडे,चंचरीक पांडेय, मोहित बाजपेई, पुत्तिलाल बाजपेई, शिव शंकर बाजपेई,वीरेंद्र बाजपेई, बृजेन्द्र शुक्ला प्रधान लखनापुर सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं का जमावड़ा रहा।

# समाधान दिवस में आए 249 मामले, निस्तारित हुए सिर्फ 31

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह दिसम्बर के प्रथम शनिवार को तहसील नानपारा में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी मोनिका रानी ने की। इस मौके पर विभिन्न तहसीलों में कुल 249 मामले सामने आए जिसमें से 31 का निस्तारण किया गया। डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 04 गर्भवती महिलाओं गीता, निकिता, रीनू व फुलसरा की गोद भराई की गई तथा 03 बच्चों आदिल, राजगीर व दिव्या को अन्नप्राशन भी कराया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम ने एसपी वृंदा शुक्ला, सीडीओ मुकेश चन्द्र, एसडीएम अश्वनी पाण्डेय, सीओ प्रद्युम्न सिंह, सीएमओ डॉ. संजय कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सीवीओ डॉ. राजेश उपाध्याय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ.जितेन्द्र कुमार, डीएसओ सूबेदार यादव, डीएसडब्ल्यूओ रमाशंकर, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीओ राजकपूर, बीएसए आशीष कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, तहसीलदार अजय यादव, नायब तहसीलदार शैलेश अवस्थी व मनीष वर्मा, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस प्राप्त 73 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 10, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 09 के सापेक्ष 01, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 20 के सापेक्ष 02, पयागपुर में प्राप्त 109 के सापेक्ष 06, कैसरगंज में प्राप्त 98 के सापेक्ष 08 व महसी में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# जिले में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के दिये निर्देश

## जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा सम्भावित हड़ताल/ आन्दोलन के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए निर्देश दिया कि ऐसी प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाय कि हड़ताल के समय विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर किसी प्रकार से प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। डीएम ने कहा कि ऐसे कार्मिक जो हड़ताल/आन्दोलन में प्रतिभाग नहीं करना चाहते है तथा अपने कार्य पर बने रहना चाहते है उन्हे यथा आवश्यक सुरक्षा प्रदान की जाये तथा उनका किसी प्रकार से उत्पीड़न/शोषण न होने पाये।

डीएम ने निर्देश दिया कि संवेदनशील प्रतिष्ठानों यथा अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, टेलीफोन एक्सचेंज, वाटर वर्कस, राजकीय नलकूप, महत्वपूर्ण कार्यालयों की सूची तैयार कर यह दिखवा लिया जाये कि इन प्रतिष्ठानों पर विद्युत आपूर्ति किस प्रकार व किन-किन उपकेन्द्रों से प्राप्त हो रही है। ऐसे उपकेन्दों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था रखी जाये तथा किसी भी आकस्मिकता से निपटने के लिये वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कार्मिकों की तैनाती अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर ली जाये।

डीएम ने कहा कि पूर्व से ही आईटीआई प्रशिक्षित छात्रों, पॉलिटेक्निक, अभियन्त्रण विभाग, यथा लोक निर्माण, सिंचाई विभाग, समाज कल्याण निर्माण निगम इत्यादि विभागों से इलेक्ट्रिकल अधिकारियों तथा विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सूची भी जनपद स्तर पर प्राप्त कर ली जाये। डीएम द्वारा विभागीय अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि हड़ताल/ आन्दोलन की वजह से आम जनमानस को कोई असुविधा न हो तथा संवेदनशील कार्यालयों/ प्रतिष्ठानों/ संस्थानो की विद्युत आपूर्ति बहाल रखने हेतु सभी लोग पूर्ण लगन व निष्ठा के साथ के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

बैठक का संचालन अधीक्षक अभिचन्ता विद्युत सत्य प्रकाश ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीएम सदर राकेश मौर्या सहित विद्युत वितरण के अधिशासी अभियन्ता व उपखण्ड अधिकारी, मेसर्स आल सर्विस ग्लोबल प्रा.लि. व एन.सी.सी. प्रा.लि. के प्रतिनिधि सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### विद्युत कर्मियों के आंदोलन के खिलाफ विभाग ने कसी कमर

**जन एक्सप्रेस । बहराइच।** ऊर्जा क्षेत्र में आगामी रिफार्म के दृष्टिगत प्रस्तावित प्रान्त व्यापी आन्दोलन को ध्यान में रखते हुए विभाग ने कमर कस ली है। आंदोलन के दौरान सुचारू विद्युत आपूर्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत नगर मजिस्ट्रेट एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त विद्युत उपकेन्द्रों का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो विद्युत उप केन्द्रों पर पूर्व से ही भ्रमणशील रहते हुए विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होंगे।

# गोरखपुर में पिता और दो बेटियों समेत पांच की मौत

## दो बाइकें आमने-सामने टकराई, ससुराल से बच्चों को लेकर लौटने के दरम्यान हुआ हादसा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें पिता, दो बेटियों और दो दोस्त शामिल हैं।3 घायल हैं, जिन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसा मोहद्दीपुर बिजली घर के मोड़ पर शुक्रवार रात 12 बजे हुआ।

### तीसर बाइक बचने में ट्रक में जा घुसा

मोहद्दीपुर बिजली कॉलोनी निवासी विक्रांत के साले की 11 दिसंबर को शादी थी। 5 दिन पहले से ही कार्यक्रम शुरू हो जाता है। सभी रिश्तेदार वहां जुटे थे। विक्रांत भी पत्नी निकिता (30), बेटे अंगद (5), दो बेटियां लाडो और (1) परी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने जटेपुर उत्तरी गए थे। चूल्हा रस्म में शामिल होकर शुक्रवार देर रात विक्रांत बाइक से परिवार के साथ घर आ रहा था। रात 12 बजे मोहद्दीपुर बिजली घर के पास नहर रोड की ओर मुड रहा था, तभी कूड़ाघाट की ओर से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इसी बीच एक तीसरा बाइक सवार आ गया। वह बचने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक में घुस गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचा। यहां डॉक्टरों ने विक्रांत, उनकी बेटियां लाडो, परी और दो दोस्त मोनू चौहान (32), सूरज (28) को मृत घोषित कर दिया। रुस्तमपुर निवासी मोनू-बेतियाहाता हनुमान मंदिर निवासी सूरज मुंडन कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। विक्रांत की पत्नी, उनका बेटा और ट्रक में घुसे चिन्मयानंद मिश्र की हालत गंभीर है।

### डीएम-एसएसपी मेडिकल कॉलेज पहुंचे

घटना की सूचना पाकर डीएम कृष्णा करुणेश और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर देर रात मेडिकल कॉलेज पहुंचे। वहां उन्होंने डॉक्टरों से बात कर घायलों का हाल जाना। डीएम ने बताया कि हादसे में 5 लोगों की मौत हुई है।



### काश! मान ली होती ससुराल के लोगों की बात

अस्पताल पहुंच विक्रांत के ससुराल वालों ने कहा- हम लोगों ने खाना खाने के बाद विक्रांत को घर पर ही रुकने का कहा था, लेकिन उनका घर शहर में ही है। इसलिए वह पत्नी और बेटियों के साथ निकल दिए और हादसा हो गया। बच्चियों की नानी का रो-रो कर बुरा हाल है। वह रोते हुए कह रही थीं कि अब शादी में कौन नाचेगा। परिजनों ने बताया कि लाडो शादी में डांस करने को लेकर काफी उत्सुक थी।

### मुख्यमंत्री ने जताया दु:ख

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## सदर सांसद ने राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निक्षय वाहन को दिखाई हरी झंडी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में सात दिसंबर से 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान शुरू हो गया । इस क्रम में सदर सांसद शशांक मणि ने क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत देवरहा बाबा मेडिकल कालेज के धनवंतरी सभागार में मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य और चिकित्सकों के साथ बैठक कर पूरे जनपद में निक्षय वाहन के भ्रमण के लिए विस्तृत चर्चा की और 5 क्षय रोगियों को गोद लिया । इस दौरान उन्होंने निक्षय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर यह कार्यक्रम पूरे देश चलाया जाएगा जिसके क्रम में अपने जनपद में यह कार्यक्रम 7 दिसंबर से 24 मार्च 2025 तक चलेगा। इस संबंध में सदर सांसद ने अभियान को गति देने का निर्देश दिया है। ऐसे में विशेष अभियान के जरिए नए टीबी रोगियों को खोजने, टीबी मरीजों की मृत्यु दर को कम करना और स्वस्थ व्यक्तियों में टीबी संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

# गोरखपुर में दंपति से 9.85 लाख की ठगी

## लॉटरी का झांसा देने वाले 13 पर केस दर्ज, साइबर पुलिस ने की सतर्क रहने की अपील

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**



गोरखपुर के पास देवरिया जिले में एक दंपती को 25 लाख रुपये की लॉटरी का झांसा देकर 9.85 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। यह घटना अप्रैल 2022 की है। जब पीड़ितों को पुलिस से न्याय नहीं मिला, तो उन्होंने कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने 13 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कैसे दिया ठगी का झांसा?

चौरी चौरा क्षेत्र के शत्रुघनपुर लोनिया टोला निवासी लालती देवी ने बताया कि उनके दामाद दिलीप चौहान के मोबाइल पर फोन आया। जिसमें उन्हें 25 लाख रुपये की लॉटरी जीतने की जानकारी दी गई। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से फोन कर उन्हें झांसे में लिया गया और डिजिटल माध्यमों से 9.85 लाख रुपये की ठगी की गई।

### ठगों की और पैसों की मांग

जब ठगों ने और पैसे की मांग की, तो दंपती ने इनकार कर दिया और अपने पैसे वापस मांगे। ठगों ने इसके बाद उनके मोबाइल नंबर बंद कर दिए। साइबर थाने में शिकायत करने पर पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण लालती देवी ने कोर्ट का सहारा लिया। कोर्ट के आदेश पर साइबर थाना पुलिस ने 13 आरोपियों पर मामला दर्ज किया और जांच शुरू की।

### आरोपियों की पहचान

पुलिस ने आरोपियों अरुण कुमार, राहुल, पप्पू अलबेला, अशोक, रोहत, सुनील, निजाम खान, मियां महफूज आलम, अक्षय सिंह, संगीता, कालिता महफूज आलम और सलाउद्दीन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पुलिस की चेतावनी और जागरूकता

साइबर थाना पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस ने कहा कि किसी भी अज्ञात कॉल, इनाम या लॉटरी की बातों पर विश्वास न करें और ठगी का शिकार होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# शिक्षा और समरसता से होता है मजबूत राष्ट्र का निर्माण: अजय

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पडरौना द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं महान शिक्षाविद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के पुण्यतिथि के रूप में मनाई जा रहे सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन वीणा वादिनी बालिका इंटर कॉलेज पडरौना में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से मारवाड़ी युवा मंच की अध्यक्ष मीनू जिंदल ने बताया कि सामाजिक समरसता का अर्थ है की धर्म वर्ग से ऊपर उठकर एक साथ रहना एक दूसरे की मदद करने के लिए प्रेरित करते रहना एक मजबूत रिश्ते और मजबूत समाज के निर्माण में सामाजिक एकता का विशेष महत्व रहता है द्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक अजय कुशवाहा ने बताया कि परिषद प्रत्येक वर्ष 6 दिसंबर को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी के पुण्यतिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाती है बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का मानना था कि शिक्षा ही सशक्तिकरण की कुंजी है। उन्होंने लोगों को खुद को शिक्षित करने और उन पर लगाए गए सामाजिक अवरोधों से ऊपर उठने के लिए प्रोत्साहित किया। सामाजिक भेदभाव के खिलाफ उनका संघर्ष और शोषितों के उत्थान के उनके प्रयास हमारे समाज के लिए उनके द्वारा किए गए सबसे महत्वपूर्ण योगदानों में से कुछ हैं। उनकी विरासत ने यह सुनिश्चित करके आधुनिक भारत को आकार दिया है कि संविधान प्रत्येक नागरिक के लिए समानता, न्याय और मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है द्ध भारत एक विभिन्न संस्कृति, परंपरा और धर्म आधारित देश है। हमारे देश में अनेक भाषा, धर्म, जाति एवं संस्कृति को मानने वाले वाले लोग एक ही समाज के अंदर रहते हैं जोकि हमारे आने वाली पीढ़ी के समाज को भी सामाजिक एकता और समरसता के बारे में शिक्षा देने का अवसर देता है। राष्ट्रीय एकता किसी भी देश व जाति के लिए महत्वपूर्ण होता है।

## बजरंग दल ने किया भगवान बुद्धा चैरिटेबल ब्लड बैंक मे रक्तदान शिविर का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** कसया भगवान बुद्धा चैरिटेबल ब्लड बैंक में बजरंग दल के जिला संयोजक मंटू मद्धेशिया द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बजरंग दल के तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे और बजरंग दल की तरफ से कुल 17 कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया । मंटू मद्धेशिया, डिक्शन पटेल, विपिन सिंह, अमित कुमार, सागर चौरसिया, दुर्गेश कुमार, धर्मराज गोड, अंकित मद्धेशिया, आकाश मिश्रा पत्रकार ,अंकित कुमार ,धर्मराज गुप्ता ,राजेश कुमार गुप्ता, रामसेवक राजभर पत्रकार ,जय मद्धेशिया ,राजू विश्वकर्मा, अजय मद्धेशिया ,बजरंगी मद्धेशिया आदि लोगो ने रक्तदान किया । वही मीडिया बंधु से बातचीत करते हुए मंटू मद्धेशिया ने बताया की जो भी लोग ब्लड रक्तदान किए हैं मै उनको दिल से आभार व्यक्त करता हु और बहुत बहुत धन्यवाद देता हु कि आप लोगो ने एक दूसरे के मदद के लिए अपना हाथ बढ़ाया आपके एक यूनिट ब्लड से किसी ना किसी की जीवन बचाने का काम आए अगर उनको बारह बजे रात को भी ब्लड की आवश्यकता होती है।

# गीता प्रेस की मैगजीन के नाम पर एमपी में फर्जीवाड़ा

- घर घर जाकर काटी जा रही है रसीद, प्रबंधन ने की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गीता प्रेस से निकलने वाली प्रसिद्ध मैगजीन कल्याण के नाम पर मध्य प्रदेश (एमपी) में फर्जीवाड़ा चल रहा है। वहां कुछ लोग घर-घर जाकर वार्षिक एवं पांच वर्षीय सदस्यता के लिए रसीद काट कर वसूली कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के एक पाठक ने गीता प्रेस को यह जानकारी दी। गीता प्रेस की ओर से मध्य प्रदेश सरकार, वहां की पुलिस से व गोरखपुर में साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है।

### मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर के रहने वाले एक व्यक्ति ने गीता

प्रेस को इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति उनकी दुकान में आया था। वह गीता प्रेस की रसीद छपवाकर उसके जरिए कल्याण मैगजीन का वार्षिक सदस्य बना रहा है। रसीद के नाम पर पैसा वसूल किया जा रहा है।



### शिकायत मिली है, जांच कराकर दोषियों पर की जाएगी कार्रवाई – एसपी सिटी

मामले के संबंध में एसपी सिटी अभिनव त्यागी



ने बताया कि इस बात की शिकायत साइबर सेल को मिली है। इसकी जांच की जा रही है। साक्ष्य के आधार पर जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### घर-घर जाकर सदस्य नहीं बनाता गीता प्रेस

गीता प्रेस कभी भी किसी के घर जाकर मैगजीन के लिए सदस्य नहीं बनाता है। गीता प्रेस अपने गीता प्रेस के प्रतिष्ठान या किसी आधिकारिक बुक डिपो के जरिए ही पंजीकरण करता है। संस्था के ट्रस्टी देवी दयाल ने बताया कि गीता प्रेस कभी भी किसी के घर जाकर पंजीकरण नहीं करता।

### की गई शिकायत

ट्रस्टी ने बताया कि एक व्यक्ति ने जानकारी दी थी कि मध्य प्रदेश में कल्याण मैगजीन के नाम पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। मामले में जानकारी मिलने के बाद गोरखपुर के साइबर सेल में शिकायत की गई है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से भी संपर्क किया गया है। उन्होंने कहा कि गीता प्रेस अब 90 प्रतिशत काम ऑनलाइन करता है।

### कल्याण मैगजीन का चल रहा 99वां साल

कल्याण मैगजीन शुरू हुए 98 साल हो गए हैं। यह 99वां साल चल रहा है। 1926 से लगातार इसका प्रकाशन हो रहा है। भाईजी हनुमान प्रसाद पोद्दार इसके प्रथम संपादक थे। आध्यात्मिक जगत में कल्याण के विशेषांकों का संग्रहणीय साहित्य के रूप में प्रमुख स्थान है। हर वर्ष जनवरी में किसी उपयोगी आध्यात्मिक विषय पर इसका विशेषांक प्रकाशित होता है।

### बिक चुकी हैं 16.25 करोड़ प्रतियां

गीता प्रेस से कल्याण की अब तक 16.25 करोड़ प्रतियां बिक चुकी हैं। वर्तमान में हर माह 2 लाख 15 हजार प्रतियां छपती हैं। गीता प्रेस प्रबंधन का कहना है कि यह मैगजीन लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है।

# गोरखपुर में दीवार गिरी, पांच लोग दबे

- नाली निर्माण के लिए जेसीबी से चल रही थी खुदाई, घायलों में एक महिला की हालत नाजुक

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर में शनिवार को एक बड़ा हादसा हुआ, जब बिजली विभाग की दीवार अचानक गिर गई। इस घटना में नाली निर्माण का काम कर रहे पांच मजदूर घायल हो गए। इनमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना नॉर्मल इलाके की है।

### इलाके में सुरक्षा के नए उपाय

इस हादसे के बाद इलाके में सुरक्षा को लेकर नई योजनाएं बनाई जा रही हैं। प्रशासन ने पुरानी और कमजोर संरचनाओं की पहचान करने और उनकी मरम्मत का कार्य प्राथमिकता से शुरू करने का आश्वासन दिया है।





### खुदाई के दौरान भरभराकर गिरी दीवार

दरअसल, नगर निगम की नाली निर्माण के लिए जेसीबी से खुदाई हो रही थी, तभी अचानक बिजली विभाग की पुरानी दीवार गिर गई। दीवार के गिरने से कई मजदूर मलबे में दब गए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दीवार काफी समय से कमजोर हालत में थी और इसे पहले ही ठीक करवाने की जरूरत थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से मलबे में फंसे मजदूरों को बाहर निकाला गया। सभी घायलों को तुरंत सादर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक मजदूर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### लापरवाही पर उठे सवाल

हादसे के बाद प्रत्यक्षदर्शियों ने संबंधित विभाग पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि दीवार की हालत खराब होने के बावजूद इसे नजरअंदाज किया गया, जिसके चलते यह दुखद घटना घटी। प्रशासन ने दिए जांच के आदेश प्रशासन ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही, जर्जर इमारतों और दीवारों की तुरंत मरम्मत के निर्देश भी जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि इस घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सशक्त महिलाएं ही करती है सशक्त राष्ट्र का निर्माण: दीपशिखा

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जिला मुख्यालय पर मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को एस बी इंटर मीडिएट कॉलेज साड़ी खुर्द थाना रविंद्र नगर धूस में जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां महिला उप निरीक्षक दीप शिखा द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सशक्तिकरण और कार्य क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया गया। छात्राओं को आत्म सुरक्षा, साइबर अपराध तथा गुड टच और बेड टच, महिलाओं के साथ हो रहे हैं विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 108, 101, 1090, 1098, 1076, 181, 1930 आदि की जानकारी दी गई। महिला उपनिरीक्षक दीपशिखा द्वारा यह भी बताया गया कि जब बालिकाएं व महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होगी तभी नारी शक्ति का सशक्तिकरण होगा।

# दबंगों द्वारा सड़क पर कब्जा करने का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । चौरीचौरा**



गोरखपुर जिले के चौरीचौरा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ग्राम पंचायत ठकुराई मुंडेरा के ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश के सामने यह मामला उठाया कि गांव के एकमात्र सरकारी इंटरलॉकिंग रास्ते पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि दबंगों ने इस रास्ते को पार्किंग स्थल में तब्दील कर दिया है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह रास्ता गांव का एकमात्र प्रमुख मार्ग है, और इसके बंद होने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में पहले भी थाना दिवस और तहसील दिवस पर शिकायत की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। फरियादियों ने जिलाधिकारी से तत्काल इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। विकास खंड सरदारनगर के तिलौली गांव के विवेक चंद्र शुक्ला ने पंचायत भवन की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर भी जिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि कुछ लोग पंचायत भवन की जमीन पर कब्जा करके स्थानीय लोगों को परेशान कर रहे हैं।सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने इन मामलों पर तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया और संबंधित अधिकारियों को जांच कर शीघ्र समाधान देने के निर्देश दिए। फरियादियों ने जिलाधिकारी की कार्रवाई से उम्मीद जताई है कि उनके मामलों का शीघ्र समाधान होगा।

# प्रख्यात समाजसेवी डॉक्टर सौरभ श्रीवास्तव की माता का निधन, जिले में शोक की लहर

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

रामनाथ देवरिया निवासी प्रख्यात समाजसेवी, धर्मपरायण डॉ0 सौरभ श्रीवास्तव की माता प्रीतिबाला श्रीवास्तव का शुक्रवार की रात गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं और लम्बे समय से अस्वस्थ चल रही थीं। गोरखपुर से शव निज निवास देवरिया लाया गया। जैसे ही खबर जिले में पहुंची जिले के आला अधिकारियों, समाजसेवियों, विभिन्न पार्टियों से जुड़े नेता, व्यवसायी व जन सामान्य लोग उनके आवास पर इकट्ठा होना शुरू हो गए। उनका अंतिम संस्कार बरहज नगर के गौरा स्थित मुक्तिधाम पर किया गया। मुखाग्नि उनके सबसे छोटे पुत्र मोहित श्रीवास्तव ने दी। जहां



हजारों की संख्या में पहुँचकर लोगों ने शोक प्रकट किया । शोक सम्वेदना प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम सदर, बीजेपी विधायक सुरेंद्र चौरसिया, विधायक शलभमणि त्रिपाठी, रामलीला समिति के अध्यक्ष अरुण बरनवाल, शशांक मणि त्रिपाठी, राणाप्रताप सिंह, डॉ0 दाऊद अन्सारी, डॉ0 किसलय गोंड़, डॉ0 दिव्या त्रिपाठी, डॉ0 प्रमोद त्रिपाठी, दिवाकर तिवारी देव, दिनेश त्रिपाठी, नित्यानंद पाण्डेय, डब्ल्यू मणि, आदित्य पाण्डेय, प्रशांत श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, मनीष आनंद मिश्रा, बालेश्वर पाण्डेय, बड़े श्रीवास्तव, दिव्यांशु श्रीवास्तव, रामप्रवेश यादव आदि ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

## जान है तो जहान है, रॉन्ग साइड वाहन चलाना खतरे का निशान है

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर/यातायात अंशुमान श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में दिनांक 1 दिसंबर 2024 से 15 दिसंबर 2024 तक चलाए जा रहे 15 दिवसीय ओवरस्पीडिंग एवं रॉन्ग साइड अभियान के अंतर्गत यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय टीम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहा, तिराहों पर तेज गति से तथा रॉंग साईड पर वाहन न चलाने की अपील करते हुए आमजन को जागरूक करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का नियमानुसार चालान किया गया।

इसी क्रम में यातायात उपनिरीक्षक अमित कुमार पाण्डेय, कांस्टेबल प्रदीप व सलमान आदि द्वारा एसएसबीएल इंटर कालेज में एनसीसी के छात्र/छात्राओं को यातायात जागरुकता अभियान के तहत यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया।

# विधायक श्रवन निषाद ने राप्ती नदी पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रम में किया मत्स्य अंगुलिकाओं का प्रवाह

**जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा**

प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत विधायक चौरी चौरा, श्रवन निषाद की गरिमामई उपस्थिति में राप्ती नदी के विशुनपुर मटियारा घाट पर रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विधायक ने 70-80 एम.एम. आकार की 1,30,000 मत्स्य अंगुलिकाओं को राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड, हैदराबाद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत नदी में प्रवाहित किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में संतोष कुमार राम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने मत्स्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और मछुआ समुदाय को इन योजनाओं से होने वाले लाभों के बारे में बताया। उप निदेशक मत्स्य, गोरखपुर मंडल बृजेश कुमार ने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना और मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना जैसे प्रमुख योजनाओं का विवरण दिया और आम जनमानस से इनका अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।





### विधायक ने नदी की स्वच्छता और जैव विविधता बनाए रखने की अपील की

विधायक ने कार्यक्रम को सिर्फ एक पर्यावरणीय पहल के रूप में नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक विकास और रोजगार सृजन के लिए भी महत्वपूर्ण कदम बताया। इसके साथ ही, उन्होंने नदी की स्वच्छता और जैव विविधता को बनाए रखने के लिए सभी से सक्रिय योगदान की अपील की।कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, ब्रम्हपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष चौरी चौरा, संतोष निषाद, जिला अध्यक्ष निषाद पार्टी, ग्राम प्रधान विशुनपुर मटियारा, ग्राम प्रधान जयरामपुर, मत्स्य विभाग के कर्मचारीगण और मछुआ समुदाय के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

- संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने फरियादियों की सुनी शिकायतें , गुणवत्तापूर्ण ढंग से शिकायतों के निस्तारण का दिया निर्देश
- डीएम ने सीमांकन कार्य में फर्जी रिपोर्टिंग पर लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का दिया निर्देश



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

माह के पहले शनिवार पर डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने को निर्देशित किया गया।

इस दौरान डीएम ने लेखपाल क्षेत्र धामपुर महावीर नाथ को सीमांकन कार्य में फर्जी रिपोर्टिंग पर प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कड़ी चेतावनी दी कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस दौरान एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

तहसील तुलसीपुर में मंडलायुक्त एवं डीआईजी ने समाधान दिवस में सुनी जनता की समस्याएं निस्तारण के दिए निर्देश तहसील तुलसीपुर में मंडल आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील एवं डीआईजी अमित पाठक की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ , इस दौरान उनके द्वारा शिकायतों को सुना गया एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया।

## नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता और प्रदर्शनी से किया गया स्वच्छ हवा के प्रति जागरूक

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

छात्रों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों पर नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें छात्रों ने साफ-सुथरी हवा के महत्व को दर्शाया है। पोस्टर प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें प्रदूषण को नियंत्रित करने के उपायों को चित्रित किया गया अलीगढ़ के एसएसएलडी वार्ष्णेय कॉलेज में वायु प्रदूषण के प्रभाव और उसके समाधान के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कॉलेज के छात्रों और स्थानीय लोगों को नाटक, वाद-विवाद प्रतियोगिता और प्रदर्शनी से स्वच्छ हवा के प्रति जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ अंशुल मनी, समन्वयक वर्षा शर्मा, ऋतिका शर्मा, कार्तिक शर्मा, अनुज कुमार ने किया। प्रदूषण के कारण बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं और मानव स्वास्थ्य पर उसके प्रभाव पर चर्चा हुई। कॉलेज के छात्रों ने शपथ ली कि वे वायु प्रदूषण नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# प्रधान प्रतिनिधि ने विद्यालय में घुसकर प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों को पीटा

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सिकरोहर ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय मेंअभिलेखों की जानकारी के लिए पहुंचे प्रधान प्रतिनिधि ने विद्यालय में घुसकर भद्दी भद्दी गलियां व पिस्तौल लहराते हुए शिक्षकों को दौड़ा दौड़ा कर जमकर पीट दिया। घटना के बाद विद्यालय में हड़कंप मच गया। इससे पूरे दिन शिक्षण कार्य बाधित रहा। विद्यालय के बच्चे भी खौफ में रहे। शिकायत पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

उच्च प्राथमिक विद्यालय सिकरोहर में करीब शनिवार? सुबह 11꞊30 बजे सभी शिक्षक शिक्षण कार्य में व्यस्त थे। इसी दौरान प्रधान प्रतिनिधि रमेश राजभर ने अचानक पहुंच कर प्रधानाध्यापक कल्पनाथ से अभिलेखों के बारे में जानकारी मांगी।किसी कागजात पर दस्तखत करने को लेकर प्रधान प्रतिनिधि आग बबूला हो गए। और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए प्रधानाध्यापक को पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि प्रधानाध्यापक का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की गई। जिससे वह कुछ देर के लिए बेहोश हो गए। बीच बचाव के लिए पहुंचे सहायक अध्यापक गिरीश चंद्र , संजय उपाध्याय, शिक्षिका आस्था श्रीवास्तव, रेहाना अंजुम, अनीता अवस्थी को भी भद्दी भद्दी गालियां देते हुए पीटा गया। शिक्षक शिक्षिकाएं जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। आरोपित ने लाइसेंसी पिस्तौल लहराते हुए सभी को लात घूंसो व कुर्सियां फेंक कर जमकर पीटा। विद्यालय के अभिलेख फाड़ दिए। शिक्षिकाओं ने किसी तरह स्कूल में अपने आप को बंद कर जान बचाई। विद्यालय में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। चीख पुकार से स्कूल के बच्चे भी खौफजदा रहे। घटना के बाद से पूरे दिन शिक्षण कार्य बंद रहा। घटना से शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षक संघ ने मामले में आरोपित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि आरोपित अपराधिक प्रवृत्ति का है पूर्व में भी हत्या के मामले में जेल जा चुका है। सूचना पर पहुंचे एबीएसए हिमांशु कुमार मिश्रा,एसडीम सौरभ शुक्ला व सीओ सिटी देवेंद्र कुमार मौर्य ने घटना के संबंध में पूरे मामले की जानकारी ली। आरोपित के विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस को कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानाध्यापक की तहरीर पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, दो मजदूरों की मौत, ड्राइवर घायल

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 730 बौद्ध परिपथ पर बेलहा मोड़ के पास सरिया लदी हुई ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो मजदूरों की दबकर दर्दनाक मौत हो गई, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर को तुलसीपुर से सरिया लोड कर ट्रैक्टर ट्राली अयोध्या के लिए जा रही थी । राष्ट्रीय राज मार्ग 730 बौद्ध परिपथ पर बेलहा के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली सड़क के किनारे गहरी खाई में पलट गई । ट्रैक्टर ट्राली पलटने से 2 मजदूर सरिया के नीचे दब गए, जिनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई । मृतक की पहचान देवरी मांझी निवासी वैशाली बिहार तथा घायल ड्राइवर मोहन मांझी पुत्र निवासी वैशाली बिहार के रूप में हुई है, जबकि दूसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हुई है । स्थानीय लोगो की सहायता से नीचे दबे मजदूरों को पुलिस ने बाहर निकाला और घायल को जिला मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचवाया, जहां पर इलाज चल रहा है।

## अलीगढ़ परिक्षेत्र से कुंभ में जाएंगी रोडवेज की 100 बसें, रेलवे भी चलाएगा स्पेशल ट्रेन

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अलीगढ़ से महाकुंभ के लिए 100 रोडवेज बसें जाएंगी। महाकुंभ के दौरान दिल्ली-प्रयागराज मार्ग पर मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। प्रयागराज में अगले वर्ष 2025 में होने वाले महाकुंभ मेले के लिए परिवहन निगम ने भी कमर कस ली है। महाकुंभ में अलीगढ़ से जाने वाले श्रद्धालुओं को आनेपरेशानी न हो, इसके लिए परिवहन निगम ने करीब 100 बसें संचालित होंगी। उधर, रेलवे ने भी अतिरिक्त ट्रेनें संचालित करने की योजना बना ली है। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि महाकुंभ के दौरान यात्रियों की संख्या को देखते हुए बसों का संचालन किया जाएगा। अलीगढ़ परिक्षेत्र के सभी डिपो से बसों का संचालन होगा। यात्रियों की संख्या के अनुरूप बसों की संख्या व फेरे बढ़ाए जाएंगे।

# काव्य संध्या एंव उत्कृष्ट सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**




जनपद के जलालपुर में जय माँ शीतला फाउंडेशन के बैनर तले काव्य संध्या एंव उत्कृष्ट सम्मान समारोह शनिवार को रामलीला मैदान में आयोजित किया गया।मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र द्वारा माँ सरस्वती ,माँ दुर्गा की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरान्त कार्यक्रम की शुरुआत हुआ । राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ने सफाई कर्मचारियों का सम्मान करने के उपरान्त उद्बोधन में कहा कि आज स्वयं अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहा हूं। इस तरह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कार्यक्रम संयोजक एंव नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र और जय माँ शीतला फाउंडेशन की टीम इसके लिए बधाई के पात्र है।उन्होंने ने श्री शीतला माता मठिया मंदिर के पुजारी नीरज जलालपूरी समेत महिलाओं को भी सम्मानित किया। सनातन गौरव महंत राजू दास महाराज ने पत्रकार बंधुओं,व्यापारियों,डाक्टरों,विचार परिवार,वरिष्ठ नेताओं,कमला पंडित महंत वीरेंद्र महाराज का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक एंव नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। अन्य उपस्थिति अतिथियों का संरक्षक कृष्ण कुमार मिश्र,रोहित पांडे, विनोद श्रीवास्तव विकाश निषाद, ने स्वागत किया। लोक गायिका प्रतिमा यादव की टीम द्वारा काव्य संध्या पर शानदार प्रस्तुति दी गई। तालियों से पंडाल गूंजा उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जय माँ शीतला फाउंडेशन अध्यक्ष अमित गुप्ता और संचालन ललित मोहन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर पूर्व सासंद रितेश पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव, डॉ मिथिलेश त्रिपाठी,कपिल देव वर्मा , जिला उपाध्यक्ष रजनीश सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्त, ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवन नाथ,समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# जागरूकता रैली को सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर में शनिवार को बड़ा परेड ग्राउंड से 8 दिसंबर 2024 से शुरू होने वाले पल्स पोलियो अभियान के संबंध में जन जागरूकता हेतु एक वाहन रैली निकाली गई। रैली को हरी झंडी दिखाकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने रवाना किया।

जानकारी के अनुसार 7 दिसंबर को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने आम जनमानस से अपील किया कि पोलियो जैसे खतरनाक बीमारी से बचाव हेतु पल्स पोलियो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने एवं बच्चों को पोलियो जैसी बीमारी से बचाने के लिए अपने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो ड्राप अवश्य पिलाएं। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर अजय कुमार शुक्ला, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार चौधरी, डॉ मीनाक्षी चौधरी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा यूनिसेफ डीएमसी शिखा श्रीवास्तव डॉ सिंथु, श्याम मिश्रा ,विनोद त्रिपाठी, समीर सिद्दीकी, डॉ जावेद अख्तर, शैलेश मिश्रा व दिलीप मिश्रा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 19 दिसंबर से, कई देशों के वैज्ञानिक करेंगे शिरकत

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

सम्मेलन के मुख्य अतिथि इंडो-फ्रेंच सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एडवांस रिसर्च, नई दिल्ली के निदेशक प्रो नितिन सेठ और सेंटर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च के निदेशक, सीडीआरआई व आईआईटीआर, लखनऊ के पूर्व निदेशक प्रो आलोक धवन होंगे। अलीगढ़ के मंगलायतन विश्वविद्यालय में 19 से 21 दिसंबर तक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। जिसमें कई देशों के वैज्ञानिक शिरकत करेंगे। इसमें करीब 35 वैज्ञानिकों के संबोधन होंगे। यहां लगभग 150 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में वरिष्ठ वैज्ञानिक अवार्ड, युवा वैज्ञानिक अवार्ड, जूनियर वैज्ञानिक अवार्ड के साथ ही फेलो अवार्ड प्रदान किए जाएंगे। साथ ही साथ बायोमेडिकल, बायोटेक्नोलॉजी, फार्मेसी के क्षेत्र में वैज्ञानिकों को लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से पुरस्कृत किया जाएगा। मंगलायतन विश्वविद्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें वीसी प्रो परमेंद्र कुमार दशोरा ने बताया कि मंगलायतन विश्वविद्यालय व एसोसिएशन ऑफ बायोटेक्नोलॉजी एंड फार्मेसी (एबीएपी) द्वारा 18 वां वार्षिक अधिवेशन और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 19, 20 व 21 दिसंबर को विभिन्न सत्रों में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक विश्वविद्यालय के सभागार में किया जाएगा।

जिसमें बायोफार्मास्यूटिकल्स और ट्रांसलेशन रिसर्च में उभरते रुझान एवं मानव स्वास्थ्य के लिए अनुसंधान विषय पर चर्चा होगी। सम्मेलन में भारत के साथ-साथ यूएसए, कोलंबिया, तंजानिया, नेपाल आदि देशों के वैज्ञानिक भाग लेंगे। सम्मेलन की स्मारिका भी प्रकाशित की जाएगी। यहां करीब 35 वैज्ञानिकों के संबोधन होंगे। यहां प्रस्तुत शोधपत्रों को सम्मेलन के बाद इस्कोपस इंडेक्स जर्नल में प्रकाशित किया जाएगा।

कुलसचिव ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने बताया कि सम्मेलन में मिनिस्ट्री ऑफ केमिकल एंड फर्टिलाइजर ऑफ इंडिया, इंडो फ्रेंच सेंटर फॉर प्रमोशन ऑफ एडवांस रिसर्च के वैज्ञानिक भी भाग लेंगे।

## मेडिकल में होगा कैंसर के मरीजों का आधुनिक इलाजन

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

कैंसर मरीजों के इलाज के लिए मशीन खरीदने के लिए उच्च शिक्षा वित्त संस्था को प्रस्ताव भेजा गया है। यह मशीन कैंसर मरीजों के लिए लाभप्रद होगी। जहां कैंसर होगा, उसका कीमो होगा। इससे आसपास कोशिकाओं की क्षति नहीं होगी। एएमयू के जवाहरलाल नेहरु (जेएन) मेडिकल कॉलेज में कैंसर के मरीजों को आधुनिक उपचार मिल सकेगा। इसके लिए 40 करोड़ कीमत की मशीन खरीदी जा रही है। इस मशीन से सीधे कैंसर वाले हिस्से पर रेडिएशन डाला जाता है जो दूसरे सेल को खत्म करने के बजाय केवल कैंसर सेल को खत्म करता है। एएमयू के जेएन मेडिकल कालेज में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मौजूदा समय में 4566 कैंसर पीड़ितों का यहां इलाज चल रहा है। अभी तक रेडियोथेरेपी विभाग में कोबाल्ट मशीन से कैंसर के मरीजों की सिकाई की जाती है। अलीगढ़ से सटे जिलों के कैंसर मरीज यहां उपचार कराने आ रहे हैं। मरीजों की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए आधुनिक मशीन खरीदने की तैयारी हो रही है।

# कुलाधिपति से मिले मां पाटेश्वरी विश्व विद्यालय के कुलपति



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय से सटे हुए विकासखंड सदर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोयलरा में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के नवनियुक्त कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने कुलाधिपति उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की । उन्होंने निर्माणाधीन विश्वविद्यालय में अब तक की प्रगति से कुलाधिपति को अवगत कराया। जानकारी के अनुसार मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के नवनियुक्त कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह ने 03 दिसंबर को एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर में पदभार ग्रहण किया था। उसके पश्चात उनकी यह कुलाधिपति से पहली शिष्टाचार मुलाकात थी। शिष्टाचार भेंट के दौरान नवनियुक्त कुलपति ने कुलाधिपति को निर्माणाधीन विश्वविद्यालय के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विश्वविद्यालय के आगामी सत्र से संचालन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कुलाधिपति राज्यपाल उत्तर प्रदेश ने मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के सुदृढ़ व्यवस्था व अकादमिक उन्नति के लिए हर सम्भव सहयोग का आश्वासन दिया।

## एसबीआई कार्ड ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का आंकड़ा पार किया

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एसबीआई कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि देश भर में अभिनव समाधान प्रदान करने और ग्राहकों के अनुभवों को बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह उपलब्धि भारत के क्रेडिट कार्ड परिदृश्य को बदलने में एसबीआई कार्ड की महत्वपूर्ण भूमिका और डिजिटल इंडिया की करेंसी के अपने वादे को भी रेखांकित करती है। 1998 में अपनी स्थापना के बाद से, एसबीआई कार्ड ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए व्यापक उत्पादों को डिजाइन करने में अग्रणी रहा है। खासे विचार विमर्श के बाद जारी कोर कार्डों से लेकर प्रीमियम ब्रांडों के साथ को-ब्रांडेड साझेदारियों तक, रिवाड्र्स-संचालित और जीवनशैली-केंद्रित आफरों तक, एसबीआई कार्ड ने लगातार भारतीय क्रेडिट कार्ड उद्योग में ग्राहक-केंद्रित नवाचार के लिए नए मानदंड स्थापित किए हैं और बाजार में अपनी लीडरशिप को मजबूत किया है। एसबीआई कार्ड ने वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 24 के बीच कार्ड्स-इन-फोर्स में लगभग 25त्न सीएजीआर और स्पेंड्स में 26त्न सीएजीआर की मजबूत वृद्धि देखी है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा कि एसबीआई कार्ड ब्रांड लाइफ को आसान बनाएं के मूल्यवान सिद्धांत पर आधारित है। 2 करोड़ कार्ड जारी करने का आंकड़ा पार करना हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर रखे गए विश्वास और आत्मविश्वास का प्रमाण है।

# 132 केवी के लाइन को हटाने की कार्यवाही में तेजी लाए का मंडलायुक्त एवं डीएम ने दिया निर्देश



**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

शनिवार को देवीपाटन मंडल कमिश्नर शशिभूषण लाल सुशील एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा निर्माणधीन मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मंडलायुक्त एवं डीएम ने सभी ब्लॉक के कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाए। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखी एवं समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने 132 केवी की विद्युत लाइन को भी हटाने की कार्यवाही में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।

इस दौरान डीआईजी देवीपाटन मंडल, सीडीओ हिमांशु गुप्त, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जयदेव परिदा, एनटीपीसी टांडा के बने नये परियोजना प्रमुख

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जयदेव परिदा ने शनिवार को एनटीपीसी टांडा के नये परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। परिदा के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर परियोजना के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

जयदेव परिदा की प्रथम नियुक्ति एनटीपीसी लिमिटेड में बीते 6 सितंबर 1989 को कहलगाँव परियोजना के मेकेनिकल इरेक्शन विभाग में हुई थी। पदोन्नतियाँ प्राप्त करते हुए वह एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यालयों, कहलगाँव, तालचेर थर्मल, सीपत तथा बाढ़ में कार्यरत रहे। टांडा आने से पूर्व परिदा एनटीपीसी औरैया के परियोजना प्रमुख के रूप में सेवा दे रहे थे7

एनर्टीपीसी टांडा आगमन के दौरान जयदेव परिदा ने आयोजित बैठक में विभागाध्यक्षों के साथ संवाद स्थापित कर परियोजना में कम्पनी व्यापार संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा उपरांत चल रहे वित्तीय वर्ष के एमओयू लक्ष्य प्राप्ति पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।

इसके साथ-साथ परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी टांडा ने सभी विभागाध्यक्षों के कार्मिक क्षेत्रों में चल रहे गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर उपस्थित विभागाध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। एनटीपीसी टांडा परिवार द्वारा नवागंतुक परियोजना प्रमुख का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# पूरनपुर में महिला अस्पताल का संचालन शुरू न होने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

- पूरनपुर के 50 बेड के मदर चाइल्ड विंग के संचालन में हो रही, लोगों में रोष
- पहले निर्माण एजेंसी ने कार्य पूरा कराने में की देरी, अब स्वास्थ्य महकमा दिखा रहा लापरवाही

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**




नगर में 50 बेड के मदर चाइल्ड बिंग का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। वर्ष 2024 समाप्त होने में तीन सप्ताह शेष हैं, लेकिन इस साल भी भवन संचालन के आसार नहीं दिख रहे हैं। यह हाल तब है जब अस्पताल का भवन तैयार है और कुछ जरूरी संसाधन भी उपलब्ध हैं, लेकिन शासन से स्टाफ मिलने में देरी हो रही है। गौरतलब है कि पूरनपुर में गर्भवती महिलाओं के उचित इलाज के लिए 50 शैय्या युक्त एमसीएच विंग का निर्माण कराया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा भवन का निर्माण कार्य पूरा करने में लापरवाही बरती गई और अब हैंडओवर होने के बाद भी स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। अस्पताल का संचालन न होने से क्षेत्र की महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे लोगों में रोष व्याप्त है। पूरनपुर देहात में महिला चिकित्सालय के पुराने भवन को ध्वस्त कर 50 बेड के मदर चाइल्ड विंग के नए भवन का निर्माण करीब 7.34 करोड़ रुपए की लागत से फरवरी 2019 में शुरू किया गया था। निर्माण कार्य जून 2021 में पूरा होना था लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते कार्य पूरा नहीं हो सका। मुख्य चिकित्साधिकारी ने कई बार निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए लेकिन इसका असर नहीं हुआ। दिसंबर 2022 में सीएमओ ने निरीक्षण किया लेकिन उनको तमाम खामियां मिलीं थीं। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2023 में भी अस्पताल का निरीक्षण किया लेकिन खामियां जस की तस पाई गईं। आला अधिकारियों ने नवंबर या दिसबंर माह में नए भवन में महिला अस्पताल शिफ्ट कर संचालन शुरू होने की बात कही गई लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वर्ष 2024 में निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने भवन का हैंडओवर ले लिया। इस दौरान अस्पताल के लिए डॉक्टर, स्टाफ और संसाधनों की डिमांड शासन को भेजी गई है। स्टाफ और डॉक्टरों की कमी अस्पताल के संचालन में आड़े आ रही है। हालांकि सीएमओ द्वारा नए साल से पहले अस्पताल का संचालन शुरू करने की बात कही जा रही है।



> शीघ्र ही लखनऊ पहुंचकर चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण के कैबिनेट मंत्री बृजेश पाठक जी से वार्ता की जाएगी। स्टाफ और संसाधन की डिमांड पूरी कराकर शीघ्र ही अस्पताल का संचालन शुरू कराया जाएगा। जिससे क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके।
>
> **बाबूराम पासवान, भाजपा विधायक पूरनपुर।**



> पूरनपुर में 50 शैय्या युक्त महिला अस्पताल स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर हो चुका है। अस्पताल के लिए डाक्टर, स्टाफ और संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में शासन को डिमांड पहले ही भेजी जा चुकी है। कुछ संसाधन उपलब्ध भी हो गए हैं। अस्पताल का संचालन शुरू कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।
>
> **डा.आलोक शर्मा, सीएमओ, पीलीभीत**

# आवारा गोवंशीय पशुओं को पकड़वाने की मांग, सीएम को भेजा पत्र

- पशुओं को गौशाला भेजने में प्रशासनिक अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप
- गौशालाओं में अव्यवस्थाओं का आरोप, कार्रवाई की मांग

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**





आवारा गोवंशीय पशु राहगीर और ग्रामीणों पर हमला कर उनकी जान ले रहे हैं। पशुओं का झुंड फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहा है। समाजवादी पार्टी युवा नेता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर बेसहारा पशुओं को पड़कर गौशाला भिजवाने की मांग की।
पूरनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम गजरौला जप्ती निवासी परमजीत सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में बताया कि क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी के चलते आवारा गोवंशीय पशुओं को गौशाला नहीं भेजा जा रहा है।आवारा गोवंशीय पशु सड़कों परत राहगीरों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। तहसील क्षेत्र की सड़कों पर रात के अंधेरे में इन पशुओं से टकराकर राहगीरों की मृत्यु हो रही हैं। बीते दो माह में आवारा गोवंशीय पशुओं से दो दर्जन से अधिक हादसे हो चुके हैं। जिसमे कई लोगों की मृत्यु भी हो चुकी है जबकि कई लोग घायल हुए हैं। इन दिनों किसानों के खेतों में गेहूं की फसल तैयार हो रही। आवारा पशुओं का झुंड फसलों को नुक़सान पंहुचा रहा हैं। किसान सर्द रातों में ठिठुर कर फसलों की रखवाली करने को मजबूर हे। रात्रि में फसल रखवाली के दौरान हिंसक पशु किसानों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। तहसील क्षेत्र की गौशालाओं में भी अव्यवस्थाएं व्याप्त है। गौशालाओं में पशुओं के चारे की व्यवस्था न होने से पशुओं की दशा सही नहीं है। प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से लापरवाह बने हुए हैं। जिससे किसानों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है क्षेत्र में घूम रहे आवारा गोवंशीय पशुओं को पकड़वाकर गौशालाओं में भेजा जाने की मांग की। पत्र में बताया हिंसक वन्य जीव जंगल से निकलकर आबादी में पहुंचकर ग्रामीणों पर हमलावर हो रहे हैं। तृणभोजी वन्य जीव किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। आबादी से सटे जंगल क्षेत्र में तार फेंसिंग कराने की मांग की। गोवंशीय पशुओं को पकड़वाने में लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की।

# घर वापस लौट रहे युवक की बाइक सांड़ से टकराई मौके पर हुई मौत, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र में घर बापस लौट रहे युवक की बाइक रात के समय गुलड़िया ता सुजनी के पास अचानक सांड से टकरा गई। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दियोरिया कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया।
दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव बकैनियां दीक्षित निवासी कुंवरपाल 30 पुत्र सरदा सिंह देर रात बीसलपुर से अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह गांव सुजनी के पास पहुंचे तभी अचानक उनकी बाइक के सामने सांड़ आ गया और उनकी बाइक सांड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कुंवरपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। तब तक घायल कुंवर पाल ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक कुंवरपाल की पत्नी ममता देवी का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक के दो बच्चे हैं एक बेटा 8 साल, बेटी 1 साल की है। बताया जा रहा है कि मृतक कुंवरपाल अपनी ननिहाल सफौरा से अपने खेत जुताई करवा कर वापस अपने गांव बकैनियां दीक्षित लौट रहा था। तभी अचानक गांव सुजनी के पास सांड़ से बाइक टक्कर होने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। कोतवाली प्रभारी दिगंबर सिंह ने बताया कि सड़क दुघर्टना में बकैनियां दीक्षित निवासी कुंवरपाल की सुजनी के पास मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर सूचना दर्ज की गई है।

# बदलापुर महोत्सव में वैदिक रीति रिवाज के साथ 501 जोड़ों ने लिया सात फेरे

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- बदलापुर के विकास के लिए 18 करोड़ परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण शिलान्यास
- देर रात तक चलता रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा देखने के लिए जुटी अपार भीड़



बदलापुर। सल्तनत बहादुर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय बदलापुर महोत्सव शुभारंभ किया गया।
महोत्सव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन एवं उर्जा एवं अतिरिक्त उर्जा स्त्रोत विभाग उ0प्र0/प्रभारी मंत्री ए0के0 शर्मा राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव, विधायक मड़ियाहुं डा0 आर के पटेल, बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र जिलाधिकारी डा दिनेश चन्द्र एवं मौनी बाबा की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।
प्रभारी मंत्री के द्वारा लगभग 18 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया गया। उन्होने ग्राम पटटी दयाल में वर्कशाप का उद्घाटन किया।
प्रभारी मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्र्तगत स्वीकृत ऋण के तहत 07 लाभार्थियों को डेमो चेक वितरित किया गया। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अन्र्तगत 03 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी वितरित किया गया।
उन्होने 07 किसानो को टैक्टर की चाभी देकर कस्टम हायरिंग सिस्टम अनुदान से लाभान्वित करते हुए सम्मानित किया गया।
प्रभारी मंत्री के द्वारा प्रतिभावन खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।
करीब 11 दिव्यांगो को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वितरित किया गया।
मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीब कन्याओं का विवाह वैदिक मत्रोंच्चारण के साथ सम्पन्न कराया गया, इस दौरा प्रभारी मंत्री सहित जनप्रतिनिधियों और अधिकारीगण द्वारा नवविवाहितों को पुष्प वर्षा कर आर्शीवाद देते हुए उनके वैवाहिक जीवन की मंगलकामना की गयी। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी वर-वधुओं को उपहार तथा गृहस्थी की सामग्री प्रदान किये गये।
कार्यक्रम की शुरूवात बेसिक शिक्षा विभाग के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। महोत्सव में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ ही रजिस्ट्रेशन भी किया गया।
प्रभारी मंत्री ने कहा कि बदलापुर महोत्सव के शानदार, भव्य आयोजन में योगदान देने वाले जनपदस्तरीय अधिकारियों से लेकर आम जनमानस में एक उत्साह दिख रहा है। विधायक बदलापुर के नेतृत्व में त्रीव ग्रति से विकास हो रहे है। आज करीब 501 जोड़ो का पंजीकरण कराते हुए विवाह सम्पन्न कराया गया जिसमें 11 मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे।
राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र एवं वचितं तक पहुंचना चाहिए। उ0प्र0 सरकार ने गरीब असहाय बेटियों के हाथ पीले करने का फैसला लिया है। उन्होने कहा कि आज बडी संख्या में लोग परिणय सूत्र में बधे है।
विधायक बदलापुर ने कहा कि इस भव्य महोत्सव का उददेश्य है कि क्षेत्रीय प्रतिभाओं का सम्मान करना और उन्हे मंच उपलब्ध कराना साथ ही गरीब घर की बेटियों को अपनी बेटी के समान विवाह कराना। पात्रों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान करना।
जिलाधिकारी ने कहा कि इस भव्य शानदार महोत्सव के आयोजन के साथ ही आज मा.मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से सामूहिक विवाह आयोजित कराया गया तथा विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाकर लोगों को जानकारी दी जा रही है तथा शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए शासन प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है।
इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पॉल शर्मा,मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेन्द्र सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### घर में घुसकर मुर्गी को दबोच ले गया तेंदुआ, बाल बाल बचा परिवार

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर। जंगल से सटे घर में घुसे तेंदुआ ने आंगन में घूम रही मुर्गी को दबोच लिया। घर के अंदर तेंदुआ की दखल से परिवार में खलबली मच गई।शोर शराबा करने पर तेंदुआ मुर्गी को दबोच कर जंगल की ओर भाग गया। बराही रेंज के जंगल से सटे गांव चुका चिमटिया निवासी शंकर का घर जंगल से सटा हुआ है। शनिवार दोपहर शिकार की तलाश में जंगल से निकला तेंदुआ ? ग्रामीण के घर में घुस गया।घर के आंगन में तेंदुआ को देख परिवार के लोग सहम गए।तेंदुआ ने घर में मौजूद मुर्गी को दबोच लिया।शोर शराबा पर आस पड़ोस के दर्जनों ग्रामीण एकत्र हो गए।जिसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। ग्रामीण ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी तेंदुआ घर में घुस आया था।हमला कर आधा दर्जन बतख को निवाला बना लिया था।तार फेंसिंग न होने के कारण हिंसक वन्य जीव आबादी में पहुंचकर हमलावर हो रहे हैं।

### सघन क्षय रोग खोजी अभियान का राज्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** शनिवार को जनपद में 100 दिवसीय सघन क्षय रोग खोजी अभियान का शुभारंभ संजय सिंह गंगवार राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उ.प्र. द्वारा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट पीलीभीत में किया गया। जिसमें राज्य मंत्री श्री गंगवार ने मेडिकल यूनिट बैंक को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर राज्य मंत्री के साथ विधायक स्वामी प्रवक्तानंद उपस्थित रहे। इस अवसर पर संजय सिंह गंगवार राज्य मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें, उत्तर प्रदेश एवं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद द्वारा 27 छह रोगियों को पोषण पोटली भी वितरित की गई। यह अभियान प्रदेश के 15 जनपदों में प्रारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक कुमार द्वारा बताया गया की 100 दिवसीय अभियान दिनांक 7 दिसंबर 2024 से 25 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक घर में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की जांचे, 18.5 किग्रा से कम बीएमआई बाली कुपोषित जनसंख्या, मधुमेह रोगी, धूम्रपान एवं नशा करने वाले लोगों का इलाज प्राप्त कर रहे टी.बी. रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति, इलाज पूरा कर चुके टी.बी. रोगियों एवं एच.आई.वी. ग्रसित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनको उपचार प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, डा. अशोक रस्तोगी, संयुक्त निदेशक, स्वास्थ्य भवन, लखनऊ, डॉ. भरतेश सेट्टी, यूपीटीएसयू, डॉ. हरिदत्त नेमी, जिला छह रोगी सहित अन्य उपस्थित है।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने नए कानूनों शाहिद विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर किया जगरूक

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के तहत 40वीं जनपदीय शैक्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह में छात्राओं को नये कानूनों/ पॉक्सो एक्ट एवं विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे 卐मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत शनिवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ने गाधी स्टेडियम, पीलीभीत में 40वीं जनपदीय शैक्षिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समापन समारोह में सम्मलित विभिन्न स्कूलों के छात्राओं/बालिकाओं को पॉक्सो एक्ट, गुड टच, बैड टच के बारे में,घरेलू हिंसा, साइबर अपराधों/साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनायें एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 के विषय में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि खेलों से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है साथ सभी विजेता खिलाड़ियों व शिक्षकों का उत्साह वर्धन करते हुए बधाई दी।

# मामूली बात पर दो पक्षों में संघर्ष

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

सहारनपुर जनपद के लखनौती क्षेत्र में बेगी नाजर गांव में रास्ते से बाइक निकालने को लेकर दो पक्षों में मारपीट और पथराव हो गया। संघर्ष में एक युवती सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठियां फटकार कर दोनों पक्षों को दौड़ाया। क्षेत्र के गांव बेगी नाजर में रास्ते में कीचड़ जमा हैं। वहीं पर हाशिम का मकान है। शनिवार दोपहर दूसरे पक्ष से नवाब वहां से निकल रहा था तो उसने अपनी बाइक हाशिम के मकान की तरफ से निकालने का प्रयास किया। इसी बात को लेकर हाशिम और नवाब में कहासुनी हो गई। शोर-शराबा सुनकर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ जमा हो गए। थोड़ी ही देर में कहासुनी मारपीट में बदल गई और देखते ही देखते पथराव शुरू हो गया। इसकी सूचना किसी ग्रामीण ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठियां फटकार कर झगड़ा कर रहे लोगों को दौड़ाया।

# एसपी के आदेश पर नामजद रिपोर्ट की दर्ज

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र में पांच साल की बेटी के साथ गई विवाहिता को पति का परिचित युवक अपने घर ले गया। इसके बाद डरा धमकाकर विवाहिता से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर चाकू दिखाकर माँ बेटी को मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने एसपी के आदेश पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 27 नवंबर की सुबह नौ बजे वह काम से टिकरी माफी बाजार पांच वर्षीय पुत्री के साथ गई थी। वहां पर उसके पति के परिचित गांव पतरसिया निवासी प्रमोद कुमार मिला। वह बातों में उलझाकर चाय पिलाने के बहाने अपने टिकरी माफी में स्थित मकान पर ले गया। आरोप है कि पांच वर्षीय पुत्री को दूसरे कमरे में बंद कर दिया। फिर पीड़िता को छत पर दूसरे कमरे में ले गया। आरोप है कि चाकू निकालकर हमला किया। इसके बाद जमीन पर गिरा दिया। इसके बाद पीड़ित से दुष्कर्म किया। उसने चीखने चिल्लाने की कोशिश की तो प्रमोद कुमार ने धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो महिला और पुत्री को मार देगा। इसके बाद मकान से बाहर निकाल दिया। वह किसी तरह अपने घर पहुंची, लेकिन लोकलाज के कारण किसी से कुछ नहीं कहा। जिससे प्रमोद कुमार के हौसले बुलंद हो गए।एक दिसंबर को दोबारा मिला और फिर से संबंध बनाने के लिए धमकाया।
पीड़िता ने अपने पति को सारी घटना बताई। दो दिसंबर को थाना बरखेड़ा पहुंचकर कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। मगर, कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई। इंस्पेक्टर बरखेड़ा मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक में घुसकर शाखा प्रबंधक तथा गार्ड से झगड़े के मामले में पांच पर प्राथमिकी दर्ज

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

नगर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बीसी चला रहे युवक की बीसी बैंक प्रशासन द्वारा बंद कराने से क्षुब्ध होकर बीसी संचालक ने अपने पांच अन्य साथियों के साथ बैंक शाखा में पहुंचकर शाखा प्रबंधक को बंधक बनाने तथा कैश लूटने की नियत से कैश काउंटर की ओर बढ़ने लगे। इसी बैंक के गार्ड द्वारा रोकने पर उससे भी धक्का मुक्की की। शाखा प्रबंधक ने घटना की प्राथमिकी कोतवाली में तहरीर देकर पंजीकृत कराई है।
कोतवाली में पंजीकृत कराई प्राथमिकी में रामलीला मार्ग स्थित यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने आरोप लगाते हुए कहा है कि 4 दिसंबर को सायं 4 बजे लगभग सभी अधिकारी व बैंक के कर्मचारी शाखा में कार्यरत थे। लखनऊ से आई ऑडिट टीम भी ऑडिट कर रही थी। इसी समय अवधेश बिहारी उर्फ अवधेश गंगवार निवासी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद वार्ड नंबर 1 अपने साथी रमेश गंगवार निवासी पटेल नगर, अभिषेक शर्मा निवासी चंदपुरा तथा राजेश कुमार पुत्र झब्बू लाल ढकिया रंजीत के अतिरिक्त दो अन्य लोगों के साथ शराब पीकर बैंक के अंदर घुस आए और गार्ड के द्वारा घुसने से मना करने पर उसे धक्का मुक्की करने लगे तथा भद्दी भद्दी गलियां देने लगे और जान से मारने की धमकी दी। शाखा प्रबंधक को केबिन में बंधक बनाने का प्रयास किया। केबिन से बाहर आने पर कैश काउंटर की ओर लूट की नियत से बढ़ने लगे। वैसे ही बैंक गार्ड द्वारा पुनः रोके जाने पर उन्होंने बंदूक छीनने का भी प्रयास किया और हाथापाई की। उपरोक्त सभी अपराधी किस्म के लोग हैं। जिनमें अवध बिहारी के विरुद्ध पूर्व से भी संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। अभिषेक तथा अवध बिहारी के पास अवैध हथियार भी थे।
अवध बिहारी की बीसी भी अपराध के कारण बंद कर दी गई। कुछ दिनों बाद उन्होंने गुमराह कर पत्नी के नाम से वीसी पुनः बनवा ली और कार्य करने लगे।
कार्य संतोषजनक न होने पर वीसी पुनः समाप्त कर दी गई। इसी कारण वह बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों से रंजिश मानते चले आ रहे हैं। पुलिस ने शाखा प्रबंधक की तहरीर पर उक्त सभी के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दी है।

# बाल्मीकि जयंती पर खुरपतियों द्वारा पुलिस की गाड़ी पर पत्थर फेंकने का एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार तलाश जारी

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

पिछले महीने जनपद में निकाली गई वाल्मीकि जयंती पर में खुराफात करने को लेकर कुछ युवकों ने पुलिस की गाड़ी पर पत्थर फेंक दिया था। जिसको लेकर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ के जेल भेज दिया हैं। और उसके तीन साथी फरार हैं। जिनकी पुलिस द्वारा लगातार तलाश जारी हैं।
बताते चले कि बाल्मीकि जयंती पर खुरपतियों द्वारा हुए पथराव के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी।
शनिवार रात सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके तीन साथी अभी भी फरार है। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बता दें कि 17 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती के दौरान बिजलीघर तिराहे पर कुछ युवकों ने कोतवाली की गाड़ी पर पत्थर फेंक दिया था। जिसमें कोतवाल की गाड़ी का शीशा टूट गया था। इस मामले में पुलिस की ओर से अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपियों की सीसी कैमरे के आधार पर तलाश कर रही थी। एक सूचना के आधार पर शनिवार को कोतवाली की ठेका चौकी प्रभारी मनवीर सिंह ने पुलिस टीम के साथ आरोपी उज्जवल पुत्र बबलू राजपूत निवासी मोहल्ला थान सिंह सुनगढ़ी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है।

> पथराव करने वाले खुरपतियों में एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और तीन आरोपी अभी फरार चल रहे हैं। जिनकी तलाश की जा रही है, उनको जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।
>
> **राजीव कुमार सिंह**
> **प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली, पीलीभीत**

# राज्य मंत्री ने मेडिकल कॉलेज में किया निरीक्षण, रोगियों का जाना हाल



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**


गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज शनिवार को मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर निरीक्षण किया और वहां एमरजेंसी में भर्ती रोगियों का हाल चाल जाना।
राज्यमंत्री श्री गंगवार आज मेडिकल कॉलेज में न्यूरिया में गतदिवस सड़क हादसे में घायल हुए लोगों को देखने पहुंचे थे लेकिन सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि घायलों को बरेली रेफर कर दिया गया है।
इसपर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बरेली स्थित चिकित्सालय के डॉक्टरों से फोन पर वार्ता कर घायलों को समुचित इलाज की व्यवस्था करने को कहा। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने मेडिकल कॉलेज के एमरजेंसी वार्ड में भर्ती मरीजों का हाल चाल जाना और उनको दवाओं आदि दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा।
इसपर रोगियों एवं उनके परिजनों ने व्यवस्था ठीक होने की बात कही।

### 10 महा पूर्व हुई महिला के साथ घर में घुस कर मारपीट के मामले में बरखेड़ा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट की दर्ज




**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र में 10 माह पूर्व घर में घुसकर महिला के साथ हुई मारपीट के मामले में अब बरखेड़ा पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें कहा गया कि करीब दस माह पूर्व सुबह साढ़े सात बजे उसके पति मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। वह अपने घर में झाड़ू लगा रही थी। तभी गांव के प्रेमपाल,राजू व श्रीकृष्ण पुत्रगण तिलकराम, तिलकराम पुत्र लोकीराम, तारावती पत्नी तिलकराम और सुमन पत्नी प्रेमपाल अपने अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया। तो आरोपियों ने उसको लाठी डंडों से पीटना शुरु कर दिया। आरोप है कि मारपीट के दौरान उसके सोने के कुंडल भी छीनते हुए प्रेमपाल, राजू और श्रीकृष्ण ने छेड़छाड़ भी की। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों ने उसको बचाया। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच चल रही है।

# पलटा होटल में लगी आग से हुआ बवाल





**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

कोतवाली देवा के ग्राम पलटा में बीती रात एक होटल में संदिग्ध अवस्था में आग लग गयी। होटल मालिक ने अपने पटीदार व उनके पुत्रों पर आगजनी का आरोप लगाते हुए कोतवाली देवा में मुकदमा भी दर्ज करवा दिया। जबकि दूसरी तरफ दूसरे पक्ष ने भी पूरी घटना को साजिषन बताते हुए मुकदमें में फर्जी फंसाने का आरोप लगाया और मारपीट के घटना की तहरीर भी दी। पुलिस ने इस घटना का मुकदमा दर्ज करके दोनो पक्षों के चार लोगों को धारा 151 के तहत पाबंद करके नवाबगंज तहसील भेज दिया। चर्चा यह है कि साजिशकर्ता के मुख्य जनक ग्राम प्रधान को बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली देवा के ग्राम पलटा निवासी जयकरन मिश्रा पुत्र लक्ष्मी नारायन मिश्रा गांव के किनारे एक होटल खोलकर अपने व अपने परिवार की जीविका चला रहे थे। उनके पड़ोस में ही लगभग 50 मीटर दूर उनके पटीदार गांव के ही दयाषंकर मिश्रा पुत्र दुलारे ने भी अपना होटल खोल रखा था। लेकिन इस होटल में मांसाहारी भोजन का कारोबार ज्यादा होता था दयाषंकर मिश्रा के होटल पर रहने वाले लोग आयेदिन जयकरन के होटल के बगल लगे पीपल के पेड़ के नीचे नल पर मांस धोने के लिए आ जाते थे। जिसका हमेषा जयकरन मिश्रा विरोध कर रहे थे। जयकरन का कहना था कि मैं हमेषा इस पीपल के पेड़ की पूजा करता हूं और आयेदिन भी भण्डारा भी करवाता हूं। इसी वजह से मेरे विरोधी दयाषंकर मुझसे रंजिष मानते थे। बीती रात लगभग 10 बजे दयाषंकर मिश्रा के होटल में आग लग गयी। वहीं अपने होटल में जयकरन गांव के ही दो व्यक्तियों के साथ में सो रहा था। बगल से निकले एक दूध वाले ने आवाज देकर जयकरन मिश्रा को बताया कि देखा आग लगी हुई है। इसी बीच दयाषंकर अपने पुत्रों के साथ में आ करके जयकरन की पिटाई करने लगा और यह आरोप लगाने लगा कि तुमने और तुम्हारे लड़को ने मेरे होटल में आग लगायी है थोड़ी देर में दयाषंकर और जयकरन में मारपीट होने लगी। मारपीट में दोनो लोगों के बेटों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। किसी ने पुलिस को इस घटना की सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने दोनो पक्षों के लोगों को पकड़कर थाने ले आयी। अतिरिक्त थाना प्रभारी अनिल कुमार पाण्डेय ने दयाषंकर मिश्रा की तहरीर पर जयकरन और उनके तीन बेटों का नाम देकर आगजनी का मुकदमा दर्ज करा दिया। वहीं जयकरन ने भी उक्त आगजनी में फर्जी फसाये जाने और सोते समय दयाषंकर और उनके बेटों द्वारा जानलेवा हमला करने की तहरीर दी। पुलिस ने जयकरन की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज करके कार्यवाही शुरु कर दी है। शनिवार को पुलिस ने दोनो पक्षों के चारो लोगों को गिरफ्तार कर उपजिलाधिकारी नवाबगंज के न्यायालय में भेज दिया। पीड़ित जयकरन का कहना था कि मुझे और मेरे बेटों को फसाने के लिए एक सोची समझी रणनीति के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया है। इस घटना के साजिषकर्ता मेरे गांव के प्रधान ही हैं।

उन्होने यह भी बताया कि दबंगो ने खुद आग लगायी और मुझे और मेरे दो बेटों को मारापीटा और बाद में हम लोगों को आगजनी का मुल्जिम बना दिया। इस सम्बन्ध में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय का कहना था कि दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी। कुल मिलाकर अगर इस पूरे मामले की जांच किसी उच्चाधिकारी से करवा ली जाये तो सारी हकीकत सामने आ जायेगी और ग्राम प्रधान की पोल पट्टी भी खुल जायेगी।

### नामजद मुकदमें में उठे सवाल

कोतवाली देवा के ग्राम पलटा निवासी दयाषंकर ने आगजनी का मुकदमा जो जयकरन और उनके बेटों पर दर्ज कराया है उसमें से कोई भी घटना के समय मौजूद नही था जयकरन के दो बेटे तो चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे थे और उसके बाद ही दोनो पक्षों में मारपीट हुई जबकि मुकेष मिश्रा जो पत्रकार भी है वह तो उस समय बाराबंकी में एक शादी समारोह में मौजूद थे।

### 9 को एसपी से मिलेगा पत्रकारों का प्रतिनिधि मण्डल– संतोष शुक्ला

**बाराबंकी।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएषन उ.प्र. के जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला ने पत्रकार मुकेष मिश्रा को आगजनी के फर्जी मुकदमें में फंसाये जाने की कड़ी निन्दा की है। श्री शुक्ला ने कहा कि वैसे तो पुलिस सही मुकदमा दर्ज करने में दर्जनों बार थाने के चक्कर कटवाती है और उसके बाद सोर्स सिफारिष के बाद ही किसी तरह से मुकदमा दर्ज करती है। लेकिन पलटा गांव की आगजनी की घटना की पुलिस ने कोई भी जांच पड़ताल करने की जहमत ही नही उठायी। जैसे ही दयाषंकर मिश्रा ने कोतवाली में जाकर तहरीर दी पुलिस ने आनन फानन में आगजनी का मुकदमा दर्ज कर लिया। यह अपने आप में बड़ा सवालिया निषान है। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि आगामी 9 दिसम्बर को पुलिस अधीक्षक दिनेष कुमार सिंह को इस मामले को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# अपने देश की मशीन तमाम देशों में उपयोगी सिद्ध हो रही: अनुप्रिया पटेल

- केन्द्रीय राज्यमंत्री ने 100 दिवसीय टीवी अभियान को दिखाई हरी झंडी, वितरित की पोषण पोटली

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय टीवी अभियान का शुभारंभ करने केंद्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं रसायन व उर्वरक मंत्रालय अनुप्रिया पटेल शहर के जीआईसी ऑडिटोरियम पहुंची। जहां उनका भाजपा व अपना दल के जिलाध्यक्ष सहित प्रशासनिक अमले ने जोरदार स्वागत किया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को टीवी मुक्त बनाना मात्र सरकार का संकल्प नहीं है बल्कि इसमें आप सभी की जन भागीदारी बहुत मायने रखती है। यह जन भागीदारी का आंदोलन है। पूरे देश में 347 जिले ऐसे हैं, जहां आज भी टीवी के रोगी बड़ी संख्या में पाए जा रहे हैं। इन देश के 347 जिलों में यूपी के 15 जिले शामिल हैं। इन जनपदों में सघन अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार ने बहुत से नए-नए तरीके अपनाए हैं। ताकि हम बेहतर स्क्रीनिंग कर पीड़ित का उपचार कर सके। टीवी परीक्षण करने वाली अपने देश की मशीन तमाम देशों में उपयोगी सिद्ध हो रही है। इसकी मदद से आज सरलता से टीवी मरीज की जांच संभव है। इसके अतिरिक्त आज हमारे पास पोर्टेबल एक्स-रे मशीन है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से सहयोग की अपील की ताकि टीबी जैसे गंभीर रोग को जड़ से खत्म किया जा सके। कार्यक्रम के समापन से पूर्व अनुप्रिया ने 10 लाभार्थी को पोषण पोटली वितरित की। फिर 6 ग्राम प्रधानों सहित अभियान में सहयोग करने वाले 5 निक्षय मित्रों को और 5 टीवी चौंपियन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। फिर जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी को देखा और वाहनों की एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सर्वश्री केंद्रीय संयुक्त सचिव सौरभ जैन, यूपी प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा, मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पिंकी जोवल, एससीएसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, जिला पंचायत अध्यक्षता राजरानी रावत, सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अवधेश कुमार यादव, नवाबगंज उप जिलाधिकारी आर जगत साईं, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, अपना दल जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दुकानों के आगे रखे बेंच तख्त हुए ग़ायब, दुकानदारों में मचा हड़कंप

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



दुकानों के आगे रखे बेंच, तख्त आदि हटाने का अल्टीमेटम जारी किया गया है।

फतेहपुर। नगर क्षेत्र में शनिवार सुबह दुकानों के आगे रखे बड़ी संख्या में बेंच व तख्त गायब देख दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। खबर फैल गई कि इन्हें चोर चुरा ले गए। इस पर बड़ी संख्या में पहुंचे कोतवाली में दुकानदारों का जमावड़ा लग गया। और सभी लोगों ने कोतवाली पुलिस से मुकदमा दर्ज करने की मांग करने लगे। वही बाद में दुकानदारों को पता चला कि अतिक्रमण साफ करने की लिए नगर पंचायत द्वारा अभियान चलाया गया था। बड़ी संख्या में दुकानदारों की भीड़ देखकर एसडीएम ने लोगों से वार्ता के पश्चात बेंच, तख्त आदि समान वापस कर दिया।

मालूम हो नगर में मेन रोड समेत सभी मुख्य मार्गों पर बाइक चारपहिया छोड़ दीजिए पैदल चलना लोगों को मुहाल है। मुख्य सड़क पर पूरे दिन जाम व झाम की स्थिति अनवरत बनी रहती है। गौरतलब है सड़क क्रास करना लोगों के लिए आसान नही रहता। इससे निपटने के लिए प्रशासन द्वारा दुकानों के आगे रखे बेंच, तख्त आदि हटाने का अल्टीमेटम जारी किया गया है। इस क्रम में शनिवार सुबह करीब छह बजे दुकाने खुलने से पहले नगर पंचायत की टीमें पटेल चौक से बस स्टाप तक दुकानों के आगे मौजूद बेंच आदि बिना दुकानदारों के जानकारी लाद ले गई। एक साथ करीब 50 दुकानों के आगे बेंच, तख्त आदि गायब देख हड़कम्प मच गया। इसे लेकर बड़ी संख्या में व्यापारी एकत्र हो गए। इसकी जानकारी मिलते ही व्यापार मंडल अध्यक्ष रवींद्र वर्मा, महामंत्री मो0 वहीद, उपाध्यक्ष राकेश वर्मा भी कोतवाली पहुंच गए। जिसके बाद दुकानदारों का हुजूम मुकदमा दर्ज कराने कोतवाली आ पहुंचा। यहां पता चला कि अतिक्रमण हटाने के नाम पर कार्रवाई नगर पंचायत द्वारा की गई थी। कुछ ही देर में एसडीएम व ईओ की जगह पर कार्यभार संभाल रहे राजेश विश्वकर्मा भी कोतवाली आ गए। अचानक हुई अतिक्रमण अभियान को लेकर उनकी व्यापारियों से वार्ता हुई। दुकानदारों में इस बात को लेकर आक्रोश भी था कि सरेआम अतिक्रमण कर सड़क घेरने वाले चर्चित दुकानदारों पर कभी कोई कार्रवाई नही होती। आम दुकानदार ही चपेट में आते है। इस पर एसडीएम ने सभी दुकानदारों से नाली व सड़क पर अतिक्रमण साफ करने में सहयोग की अपील की। इस सम्बंध में होने वाले कार्यों का ब्यौरा सामने रखा। इसी के बाद दुकानदारों के जब्त किए गए बेंच व तख्त आदि नगर पंचायत टीम द्वारा उन्हें वापस कर दिया गया। मामले को लेकर नगर में पूरे दिन तरह-तरह की चर्चाएं चलती रही।

# नाबालिग किशोरी से व्यक्ति ने किया दुराचार का प्रयास, पुलिस ने भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



फतेहपुर। नगर में नाबालिग किशोरी के साथ दुराचरण के आरोपी युवक को शनिवार सुबह जेल भेज दिया गया। पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटना को लेकर आसपास क्षेत्र में आक्रोश का माहौल रहा। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ जगतराम कन्नौजिया ने पीड़ित परिवार से बातचीत कर उन्हें पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया।

मामला नगर के एक मोहल्ले की 10 वर्षीय बालिका कक्षा तीन की छात्रा है। शुक्रवार रात नौ बजे वह घर के सामने एक परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। इस दौरान दुकानदार इनामुद्दीन ने उससे जबरदस्ती छेड़छाड़ कर उसके साथ दुराचरण किया। उसके चंगुल से छुटी बालिका ने मां व अन्य लोगों को रो रो कर आपबीती सुनाई तो उन्होंने इसकी जानकारी अपने पति को दी। जिस पर बालिका के पिता ने सूरतगंज क्षेत्र में किसी कार्य से गये थे सूचना मिलते ही वह तत्काल लौट कर वह पत्नी के साथ विरोध जताने दुकानदर के पास पहुंचे तो आरोपी इनामुद्दीन ने जान से मारने की धमकी देते हुए उन पर लोहे की राड से हमला कर दिया। हमले में दोनों बाल बाल बचे। पत्नी ने चीख पुकार मचायी तो आसपास के लोग एकत्र हो गए। इसी के बाद पिता ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी। कुछ देर में पीआरवी व सिपाही मौके पर आ गए। इस बीच खबर फैलने पर आरोपी की दुकान पर आक्रोशित भीड़ जमा हो गई। लेकिन पुलिस आनन फानन आरोपी को कब्जे में लेकर कोतवाली ले आयी। यहां भी लोगों का जमावड़ा हो गया। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया। शनिवार सुबह कोतवाली में सीओ ने पीड़ित परिवार से भेंट कर उन्हें सांत्वना देते हुए पूर्ण सुरक्षा मिलने की बात कही। आरोपी इनामुद्दीन शादीशुदा है। बताते है कि उसकी पुत्री की शादी तक हो चुकी है। ऐसी कुत्सित व निन्दनीय घटना को लेकर नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

# बच्चों को खुला आकाश दें: मो.नदीम

- दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव का राज्य सूचना आयुक्त ने किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



आनंद भवन स्कूल के पूर्व छात्र संघ द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सांस्कृतिक महोत्सव रिफ्युज़न 24 का उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने किया। प्रधानाचार्या सिस्टर अर्चना थॉमस ने मुख्य अतिथि और सभी उपस्थितजनों का गर्मजोशी से स्वागत किया। राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम ने छात्रों और पूर्व छात्रों के समग्र विकास में सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मुझे खुशी होती है जब कोई एलुमनाई एसोसिएशन आगे बढ़ती है। एलुमनाई एसोसिएशन पुराने रिश्तों को जिंदा रखती है। हमने यह सलाह दिया है कि हमारे सरकारी प्राइमरी व मिडिल स्कूलों में भी ऐसी एसोसिएशन बननी चाहिये। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों को अपने हुनर दिखाने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को खुला आकाश दे अपने सपनों को बच्चों पर न थोपे। कई बार देखा जाता है कि अभिभावक अपने सपनों को बच्चों पर थोपने का प्रयास करते है यह बहुत अच्छा नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने बच्चों से कहा की सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है उनसे लिये निरन्तर कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इस मौके पर एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष अहमद फराज, आशीष रस्तोगी, मो. अरीब, जनरल सेक्रेटरी सहित कॉलेज के शिक्षक और पूर्व छात्र उपस्थित रहे।

# ग्राम्य विकास के जन सूचना अधिकारियों से राज्य सूचना आयुक्त का संवाद



**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**

**फतेहपुर।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सूचना के अधिकार के प्रति जागरूक बनाने की आवश्यकता है। इस कार्य में ग्राम्य विकास के जन सूचना अधिकारियों को सहयोग करना चाहिए। जन सूचना अधिकारी ग्रामीणों को ऑनलाइन आवेदन करने और सुनवाई के लिए प्रेरित कर सकते है। जिससे उनको व्यर्थ परेशान ना होना पड़े।

राज्य सूचना आयुक्त बाराबंकी जनपद की फतेहपुर तहसील में ग्राम विकास के जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आरटीआई में जनकल्याण और पारदर्शिता की भावना समाहित है। इसके माध्यम से ग्रामीणों, निर्धनों की समस्या का समाधान होता है। इनको वांछित सूचना मिल जाने मात्र से इनकी समस्या का समाधान आसान हो जाता है। जनसूचना अधिकारियों को ऐसे लोगों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सूचना आयोग विगत कुछ वर्षों से लंबित आवेदनों के समाधान का अभियान चला रहा है। इसमें उल्लेखनीय सफलता भी मिल रही है। जनसूचना अधिकारी इस अभियान की गंभीरता को समझें और इसमें सहयोग करें।

# 19 करोड़ 16 लाख से बदलेगी ग्राम पंचायतों की सूरत, बजट हुआ पास

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी**



फतेहपुर। नगर क्षेत्र स्थित फतेहपुर ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक की गयी। जिसमें 1176.61 लाख श्रम बजट व 784.40 लाख सामग्री बजट पास हुआ। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए साढे चार करोड के प्रस्ताव की मांग की क्षेत्र पंचायत के सदस्यों द्वारा की गयी है।

मालूम हो शनिवार को ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए बीडीओ सन्तोष सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा कई नई योजनाएं शुरू की गयी है इन सभी योजनाओं को आनलाइन देखकर आवेदन कर लाभ लिया जा सकता है राज्य वित्त और पन्द्रहवें वित्त का जो धन बचा हुआ है उसको विकास कार्य में खर्च किया जाये जिससे कि गांव का विकास हो सकेगा। उन्होने कहा कि गांव में संचालित स्वयं सहायता समूह की दीदी यदि अच्छा कार्य करती है तो उनको भी आगे बढने के लिए सरकार अच्छा पैसा खर्च कर रही है। ग्राम प्रधान व सचिव गांव में सर्वे करें कि जो लाभार्थी है उन्ही को आवास का आवंटन किया जाये जिससे सरकार की मंशा के अनुरूप गरीब को छत प्रदान की जा सके। अपात्रों का चयन बिल्कुल न करें। उन्होने बताया कि क्षेत्र पंचायत पन्द्रहवें वित्त एवं राज्य वित्त के अन्तर्गत साढे चार करोड आगामी वित्तीय वर्ष में प्रस्ताव की मांग की गयी है। 4 लाख 96 हजार 548 मानव दिवस के सापेक्ष 4 लाख 49 हजार 354 की पूर्ति की गयी है। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने गांव में विकास कार्यों को कराये जाने को लेकर ब्लाक प्रमुख से आग्रह किया है।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य हंसराज वर्मा, ललित कुमार, पूजा सिंह, पूर्ति निरीक्षक अखिलेश तिवारी, सीडीपीओ रंजना सिंह, डा0आशीष कुमार वर्मा, ग्राम प्रधान देशराज वर्मा, विशेष कुमार, विपिन वर्मा, प्रेमचन्द्र वर्मा सहित समस्त प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद थे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राजकीय बालिका हाई स्कूल में कैरियर काउंसिलिंग में बच्चों को पुलिस ने दिए टिप्स

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में बिल्हौर ब्लॉक क्षेत्र के अलियापुर चौराहा स्थित राजकीय बालिका हाईस्कूल में कैरियर काउंसिलिंग मेला लगाया गया। इसमें शामिल छात्र-छात्राओं को उनके कॅरियर की बाबत सुझाव दिए गए। मेले में बच्चों को उनके कैरियर बनाने की बाबत जानकारी दी गई। इस मेले का मकसद बच्चों को अपने सपनों को समझने, भविष्य की योजना बनाने और सही दिशा में अवसर दिए जाने पर जोर दिया गया। नोडल अधिकारी गरिमा जायसवाल, थाने के एसआई रितु, उप निरीक्षक वेद प्रकाश, हेड कांस्टेबल जयपाल सिंह, आईटीआई अध्यापक प्रखर शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग से डॉ निगम, बीडीसी अध्यक्ष रोहित गौतम। राजकीय बालिका हाईस्कूल की प्रिंसिपल रामरानी पालीवाल व अतिथि पुलिस टीम ने मेले शुभारंभ किया। बच्चों से उनके भविष्य की बाबत सवाल पूछने के बाद उनको उस दिशा में प्रयास करने के संबंध में जानकारी दी गई। यह भी कहा गया कि वे अपने मन में भलीभांति तय कर लें कि उनको किस दिशा में कैरियर बनाना है। मेले में स्कूल की छात्राओं ने अपने बनाए कई माडल पेश किए। इसमें तमाम संभ्रांत लोग और स्कूल स्टाफ में रुचि, ममता, कंचन, शिखा गुप्ता, राजेश बहादुर चंदेल आदि शामिल रहे।

### डीएम व ईओ नगर पालिका ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण, दिए निर्देष

**जन एक्सप्रेस । बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह व नगर पालिका ईओ संजीव शुक्ला देर रात सर्दी में रैन बसेरे का हाल जानने निकले बस स्टॉप, देवा रॉड सहित तमाम रैनबसेरों का निरीक्षण किया। रैन बसेरों में पीने के पानी, बिस्तर, साफ सफाई, लाइट, कंबल आदि की व्यवस्था को देखा। इस दौरान जिलाधिकारी ने रैन बसेरा में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रैन बसेरे में ठहरने आए आगंतुकों के रजिस्टर को देखा, जिसमें आगंतुकों के नाम, मोबाइल नंबर, और आने का स्थान दर्ज किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिया कि रैन बसेरा में ठहरने वाले सभी आगंतुकों के विवरण सही तरीके से रजिस्टर में अंकित किए जाएं। इसके साथ ही, जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा में अलाव की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रेलवे स्टेशन कुएं के पास वाली नगर पालिका की भूमि पर भी रैनबसेरे की जल्द व्यवस्था की बात कही। जिलाधिकारी के इस निरीक्षण से रैन बसेरा में ठहरने वालों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान ईओ संजीव शुक्ला ने सिविल लाइन चौकी प्रभारी संजय यादव से कहा कि देर रात में गश्त के दौरान खुले में अगर कोई व्यक्ति मिले तो उसे रैन बसेरों में दाखिल करवाए ताकि कोई भी जाड़े का शिकार न हो।



### बिल्हौर ब्लॉक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र में विकास खंड क्षेत्र बिल्हौर अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। बीआरडी इंटर कालेज के खेल मैदान पर आयोजित प्रतिस्पर्धा में बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।छात्र एवं छात्राओं ने खो-खो कबड्डी गोला फेंक लम्बीकूद ऊंची कूद आदि में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक राहुल सोनकर बच्चा ने फीता काटकर किया इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया गया।बिल्हौर विधायक राहुल सोनकर बच्चा एवं खंड शिक्षा अधिकारी रवी कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दौड़ की प्रतियोगिता में झंडी दिखाकर किया।बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिये विधायक राहुल बच्चा सपत्नी उपस्थित हुए।

# मिड डे मील कन्वर्जन कास्ट में वृद्धि नाकाफी, ऊंट के मुंह में जीरा

- परिर्वतन लागत मे मामूली बढ़ोतरी को लेकर विरोध जारी रहेगा-उदय शंकर शुक्ल जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ

**जन एक्सप्रेस । दिलीप उपाध्याय/सोनू पाठक**



बस्ती। लगातार बढ़ती महंगाई और शिक्षक संघ की विरोध को देखते हुए केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने मध्यान्ह भोजन (मिड डे मील) के परिवर्तन लागत (कन्वर्जन कास्ट) में मामूली बढ़ोतरी तो की है, लेकिन इसको लेकर शिक्षक संघ इस बढ़ी हुई मामूली परिवर्तन लागत को लेकर विरोध में है, शिक्षक संघ इस मामूली वृद्धि को ऊंट के मुंह में जीरा बताते हुए विरोध जारी रखने का ऐलान कर रहे हैं।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने प्राइमरी स्तर पर परिवर्तन लागत 5.45 से 6.19 व उच्च प्राइमरी में 8.17 से 9.29 रुपए कर दिया है, प्राइमरी स्तर पर महज 74 पैसे की मामूली वृद्धि हुई है व उच्च प्राथमिक स्तर पर एक रुपए 1.12 पैसे प्रति विद्यार्थी की दर से वृद्धि की गई है। जबकि सरकार द्वारा समूह के माध्यम से हर बृहस्पतिवार को चना या टिक्की दिया जा रहा है जिसके लिए प्रति बच्चों को 5 रुपया दिया जा रहा है।

वहीं उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष व सदर अध्यक्ष शैल शुक्ल का कहना है कि एमडीएम की परिवर्तन लागत बढ़ाने की मांग को लेकर कई बार जिलाधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन दिए, प्रदेश स्तर पर भी मामला उठाया गया लेकिन परिवर्तन लागत में मामूली वृद्धि ही की गई जो अभी भी नाकाफी है। क्योंकि गैस सिलेंडर 930 रुपया रिफाइंड मसाले वह अन्य खाद ब्रांडेड यूज करने पड़ते हैं। इस महंगाई में भी फल के लिए मात्र चार रुपए प्रति विद्यार्थी मिलते हैं जिसमें एक केला भी नहीं मिलता है,

इसको लेकर शिक्षक परेशान है। संगठन की मांग है कि मिड डे मील व्यवस्था को किसी एनजीओ को दे दिया जाए जिससे शिक्षक सिर्फ शिक्षण कार्य में ही ध्यान दें पाए। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष अभय यादव का कहना है की परिर्वतन लागत में इतनी कम बढ़ोतरी करना परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ मजाक जैसा है। एक तरफ सरकार विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए तमाम दावे करती है, वहीं परिवर्तन लागत में इतनी कम वृद्धि करना उनके साथ सरासर नाइंसाफी है।

ऐसे में शिक्षक सबसे ज्यादा परेशान होगा क्योंकि उसे गुणवत्ता पूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में पहले की तरह परेशानी आती रहेंगी।

### बोले जिम्मेदारान

मध्यान भोजन के लिए जो राशि शासन द्वारा निर्धारित है उसी में विद्यालयों में गुणवत्तायुक्त भोजन बनाना है। कनवर्जन कास्ट निर्धारण मामला शासन स्तर का है। जिसकी दरें समय-समय पर शासन स्तर से बढ़ती रहती हैं।

**संजय कुमार शुक्ल**
**ए.डी.बेसिक, बस्ती मण्डल**

# '2014 के बाद गरीबी से बाहर आए 25 करोड़ लोग, पीएम ने लक्ष्य को हकीकत में बदला'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। अहमदाबाद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि 2014 से पहले की सरकारें कल्याणकारी राज्य के संविधानिक मकसद को हासिल करने के लिए टुकड़ों में काम करती थीं। लेकिन इस अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हकीकत में बदल दिया। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने इस बात को समझा कि भारत की साठ करोड़ आबादी जब तक गरीब रहेगी, तब तक देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने बीते दस वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला। अहमदाबाद में गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के वार्षिक कार्यक्रम में कहा, %एक सरकार अकेले इतना बड़ा काम नहीं कर सकती अगर ट्रस्ट, व्यक्ति और सेवा संगठनों को साथ लाया जाए, तो हम जल्दी ही इस समस्या से बाहर निकल सकते हैं। उन्होंने बताया कि संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने यह निष्कर्ष निकाला था कि कल्याणकारी राज्य की स्थापना ही संविधान का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। इसके तहत हर व्यक्ति का कल्याण, समान विकास और हर परिवार का सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना था।

### '65 करोड़ लोगों को हर महीने मुफ्त अनाज वितरित किया'

शाह ने कहा, 2014 से पहले की सरकारें अपने-अपने समय में जितना कर सकती थीं, उन्होंने किया। लेकिन सांख्यिकी (स्टैटिक्स) के छात्र के रूप में मेरी राय है कि पहले सभी सरकारों ने इस लक्ष्य को टुकड़ों-टुकड़ों में पूरा करने की कोशिश की। गृह मंत्री ने कहा, 2014 में जनता की ओर से चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने संकल्प लिया कि कोई भी घर बिना शौचालय के नहीं रहेगा। कोई भी व्यक्ति बिना घर और गैस सिलेंडर के नहीं रहेगा। मोदी ने यह भी सुनिश्चित किया कि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए और हर महीने 65 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त वितरित किया गया। दुनिया में कहीं भी ऐसा उदाहरण नहीं मिलता।

### 'गरीबी से बाहर निकले 25 करोड़ लोग'

उन्होंने कहा कि मोदी ने कल्याणकारी राज्य के लक्ष्य को हकीकत में बदलने का काम किया और 2014 से 60 करोड़ लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के बाद 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए। शाह ने यह भी कहा कि सरकार अकेले इतनी बड़ी समस्या से नहीं निपट सकती और इस का में ट्रस्ट, व्यक्तियों और सेवा संगठनों का योगदान जरूरी है। उन्होंने की सराहना करते हुए कहा कि यहां कई शिक्षण संस्थान और गुरुकुल मिलकर इस दिशा में काम कर रहे हैं।

## कसम...!

मित्रों मानो मेरी बात....
संसार में....कसम खाना....!
कसम से...सबसे आसान...और...
सबसे कठिन काम है...
जान भी नहीं सका है कोई,
अब तक कसम का असली मरम...
मान्यताओं के अनुसार....!
झूठी खाने पर कसम,
व्यक्ति हो जाता है भसम....
मित्रों कसम का तो हमेशा से ही,
बना हुआ है समाज में भरम....
कसम की बात आते ही...!
सबको याद आने लगते हैं,
अपने अच्छे-बुरे सब करम....
समाज में....कसम के नाम पर....
झूठा व्यक्ति झट से हो जाता है गरम
और सच्चा....अगर भूल से भी....
झूठा जो साबित हुआ कभी....!
महसूस करता है वह अतिशय शरम
मित्रों....कसम का मतलब है...!
साफगोई का अंतिम कदम....
कसम का मतलब है,
निर्णय आर-पार का हरदम....
कसम....विश्वास का चरम है....
निर्जीव है....मगर लोगों को...
डराने के लिए....समाज में....
ज़िन्दा और चलता-फिरता बरम है...
मित्रों....मनुष्य का शरीर....!
कसम का हरम है....और....
मन-बुद्धि-विचार-विवेक...
इसके धरम हैं....जिनके कारण....!
कसम समाज में थोड़ा-बहुत नरम है
रुपये-पैसे ने भी...पर्दे
के पीछे से...
कसम के नाम पर.....!
समाज में लगा रखा मरहम है....
मित्रो...कसम अभिमान होता है....
कसम संघर्षों का विराम होता है....
कभी पीड़ा तो कभी उत्साह होता है,
सच तो यह है कि...कसम का दायरा
बेहद अपार होता है....
कसम....कभी सच को....
उजागर करने के लिए....!
सामाजिक मजबूरी है.....
कभी लोगों के बीच...
अनायास ही.बढ़ाती दूरी है....
बक्खात और मित्रो...!
कसम खाने को...निश्चित तौर पर...
व्यक्ति में साहस होना जरूरी है....!!
कसम खाने को...निश्चित तौर पर...
व्यक्ति में साहस होना जरूरी है....!!



-जितेन्द्र कुमार दुबे
अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ

# जीएसटी बढ़ाने की तैयारी में सरकार?

## राहुल गांधी बोले, गरीब और मध्यम वर्ग की मेहनत की कमाई को लूटा जा रहा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार जीएसटी स्लैब बढ़ाने की तैयारी कर रही है? कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुछ ऐसे ही संकेत देकर सरकार पर हमला बोला। एक्स पर पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ़ कॉरपोरेट टैक्स के मुक़ाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ़ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज़्यादा वसूली की तैयारी कर रही है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है। इसके जरिये आपकी ज़रूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1500 रुपये से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12त्र से बढ़ाकर 18त्र करने जा रही है। यह घोर अन्याय है। अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स से लूटा जा रहा है। राहुल गांधी ने लिखा कि हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे। राहुल गांधी के इस पोस्ट के बाद एक बार फिर जीएसटी को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

### सीबीआईसी ने खारिज की थी जीएसटी दरों में बदलाव की अटकलें

हाल ही में जीएसटी की दरों में बदलाव को लेकर लगातार तेज हो रही अटकलों को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने खारिज किया था। बोर्ड ने कहा था कि जीएसटी परिषद ने अभी तक जीएसटी दर में बदलाव पर कोई चर्चा नहीं की है। परिषद को जीओएम ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की सिफारिशें भी नहीं मिली हैं। वहीं वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में अलग-अलग चीजों पर टैक्स तय करने वाले मंत्री समूह जीओएम ने तीन दिसंबर को बैठक की थी। इसमें फैसला हुआ था कि समाज के लिए नुकसानदेह वस्तुओं पर टैक्स को बढ़ाया जाएगा। इसके मद्देनजर सिगरेट, तंबाकू, कोल्ड ड्रिंक्स समेत अन्य कार्बोनेटेड ड्रिंक्स और इनसे जुड़े उत्पादों पर 35 फीसदी टैक्स लगाने का फैसला किया गया था। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह ने कपड़ों पर टैक्स दरों के युक्तीकरण पर फैसला किया था। इसके तहत 1500 रुपये तक के रेडीमेड गारमेंट्स पर 5 फीसदी, 1500 से 10 हजार तक के कपड़ों पर 18 फीसदी और 10,000 से ऊपर के कपड़ों पर 28 फीसदी टैक्स लगाने की सिफारिश की गई थी।

## नई कैबिनेट में गृह मंत्रालय पर फंसी बात, विभागों के बंटवारे पर आज स्थिति साफ होने की उम्मीद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के सीएम पद, एकनाथ शिंदे और अजित पवार के डिप्टी सीएम पद की शपथ लेने के बाद विभागों के बंटवारे को लेकर चर्चा चल रही है। सूत्रों के मुताबिक शिवसेना शिंदे की ओर से गृह मंत्रालय की मांग की जा रही है। माना जा रहा है कि मंत्रिपरिषद की स्थिति रविवार तक स्पष्ट हो जाएगी। इसके बाद फडणवीस के नेतृत्व वाली कैबिनेट 11 और 12 दिसंबर तक अपनी जगह ले लेगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी वाले महायुति गठबंधन ने बहुमत हासिल किया था। आंतरिक दबाव और खींचतान के बीच 12 दिन बाद पांच दिसंबर को महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री ने शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद अब नई कैबिनेट के गठन पर फोकस है, जो कुछ मुश्किल नजर आ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि शिवसेना नेता उदय सामंत और संजय शिरसाट ने खुले तौर पर शिवसेना को गृह मंत्रालय देने की मांग कर दी है। इस मांग को पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी स्वीकार कर लिया है। क्योंकि जब फडणवीस डिप्टी सीएम थे तो शिंदे ने उनको गृह मंत्रालय दिया था। भाजपा और एनसीपी के सूत्र बताते हैं कि कैबिनेट के गठन और विभागों के आवंटन को लेकर महायुति के तीनों घटक दल के नेता आंतरिक बैठकें कर रहे हैं। बताया जाता है कि चुनाव में मिले बड़े बहुमत ने महायुति गठबंधन के सामने समस्या खड़ी कर दी है। क्योंकि हर दल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में महायुति ने बाजी मारते हुए 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की। इसमें भाजपा ने अकेले 132 सीट पर जीत पाई। पहले कहा गया कि कैबिनेट में मुख्यमंत्री के साथ 21-22 मंत्री पद होंगे। वहीं शिवसेना ने 11 से 12 और अजित पवार की एनसीपी ने 9 से 10 विभागों की मांग की है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस को मिला मैसेज, जांच शुरू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस को शनिवार को व्हाट्सएप पर यह मैसेज मिला। मैसेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि पीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला मैसेज राजस्थान के अजमेर से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले संदिग्ध की तलाश में पुलिस टीम को अजमेर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन के व्हाट्सएप नंबर पर कुछ घंटे पहले यह संदेश भेजा गया। इसमें कहा गया कि दो आईएसआई एजेंटों और पीएम मोदी को निशाना बनाने के लिए बम ब्लास्ट करने की साजिश की जा रही है। जांचकर्ताओं को संदेह है कि संदेश भेजने वाला मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति है या शराब के नशे में उसने संदेश भेजा है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर पहले भी ऐसे धमकी भरे संदेश मिल चुके हैं। इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी। कॉल का पता पश्चिमी उपनगरों के अंबोली से लगाया गया और इसके बाद मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस की एक टीम ने महिला कॉलर का पता लगाया और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। जांच के बाद महिला मानसिक रूप से अस्थिर पाई गई और कॉल को शरारत के तौर पर पाया गया। अधिकारी ने बताया कि महिला का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

## असम में मुख्मंत्री हिमंत बिस्व सरमा के मंत्रिमंडल का विस्तार, राज्यपाल ने दिलाई चार मंत्रियों को शपथ



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को चार मंत्रियों के शपथ लेने के साथ अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम सरमा के मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले चार नये मंत्रियां प्रशांत फूकन, कौशिक राय, कृष्णेंदु पॉल और रूपेश गोआला हैं। ये सभी भाजपा के विधायक हैं। शपथ समारोह में मुख्यमंत्री के साथ उनके कैबिनेत के अन्य मंत्री भी शामिल थे। भाजपा नेता प्रशांत फूकन डिब्रूगढ़ से चार बार विधायक रह चुके हैं। कृष्णेंदु पॉल पथारकांडी से दो बार, जबकि कौशिक रॉय और रूपेश गोआला क्रमशः लखीपुर और डूम डूमा से एक बार विधायक रह चुके हैं। इन नए मंत्रियों के शपथ के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अब 19 सदस्यीय मंत्रिपरिषद के प्रमुख हैं। सीएम सरमा ने कहा, ÷हमारे मंत्रालय में बराक घाटी से कोई प्रतिनिधित्व नहीं था।आज हमने अपने मंत्रिपरिषद में चार मंत्रियों को शामिल किया है। एक पद अभी भी खाली है और उसे आने वाले दिनों भर दिया जाएगा। असम में कई विकास गतिविधियां चल रही है। चार मंत्रियों को शामिल किये जाने से मंत्रिपरिषद मजबूत हो गई है।

### पुलिस ने पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा

असम पुलिस ने बांग्लादेश से दो महिला समेत छह घुसपैठियों को पकड़ा और पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, असम पुलिस ने सतर्क कदम उठाते हुए छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ कर उन्हें वापस भेज दिया। उन सभी को सीमा पार भेज दिया गया। घुसपैठियों की पहचान मोहम्मद दीदारुल इस्लाम, संटू खान, इस्माइल हुसैन राहत, साकिब हुसैन, शाति अख्तर और मीम शेख के तौर पर की गई है। मुख्यमंत्री ने यहा नहीं बताया कि इन सभी घुसपैठिओं को भारत-बांग्लादेश सीमा के किस सेक्टर पर रोका गया था। अबतक भारत में अवैध तरीके से घुसपैठ करने के आरोप में 167 लोगों को पकड़ा गया है। बाद में उन्हें उनके देश वापस भेज दिया गया।

## अपने बयान से पलटे कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, बोले, सत्ता साझाकरण पर कोई समझौता नहीं हुआ

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने शनिवार को अपने बयान पर यूटर्न लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी को भी उनके और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच सत्ता साझेदारी को लेकर किसी भी तरह के समझौते के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। सत्ता साझाकरण को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। हम बस आपसी राजनीतिक समझ के साथ काम कर रहे हैं। राज्य के डिप्टी सीएम और राज्य कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि सत्ता में आने से पहले उनके और सीएम सिद्धारमैया के बीच एक समझौता हुआ था। इसके जवाब में सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि ऐसा कोई समझौता नहीं था और वह आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। इस मामले में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि किसी को भी किसी समझौते के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। कोई सत्ता-साझाकरण जैसा ऐसा कुछ नहीं है। हम दोनों राजनीतिक समझ के साथ काम कर रहे हैं। मैंने कभी किसी फॉर्मूले के बारे में बात नहीं की, ऐसा कुछ भी नहीं है। मुख्यमंत्री को कुछ जिम्मेदारी सौंपी गई है और मुझे भी कुछ जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं उसी के अनुसार काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि सीएम ने जो भी कहा है, वह अंतिम है और यह मामला अब बंद हो चुका है या खत्म हो चुका है। मुख्यमंत्री जो भी कहेंगे वह अंतिम होगा, इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि हाईकमान ही निर्णय लेगा और सभी उसका पालन करेंगे। सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद काफी प्रतिस्पर्धा थी। कांग्रेस ने शिवकुमार समझा-बुझाकर उपमुख्यमंत्री बनाया। इस दौरान खबरें आई थीं कि दोनों के बीच रोटेशन मुख्ममंत्री फॉर्मूला पर समझौता हुआ है, जिसमें दो साल शिवकुमार भी मुख्यमंत्री रहेंगे। हालांकि पार्टी ने इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की थी। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री बनने की अपनी इच्छा को कभी छिपाया नहीं है।

## शंभू बॉर्डर पर बैठे किसान, पंधेर बोले, 12 दिन से चल रही है भूख हड़ताल, आज दोपहर 12 बजे दिल्ली रवाना होगा जत्था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। किसानों के मुद्दों को लेकर शंभू बॉर्डर पर चल रहा विरोध प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसानों के साथ हो रही क्रूरता को लेकर अब और चुप नहीं बैठा जा सकता। उन्होंने घोषणा की कि बुधवार को दोपहर 12 बजे 101 किसानों का एक जत्था शांतिपूर्वक तरीके से दिल्ली के लिए रवाना होगा। सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमारी भूख हड़ताल ने 12वें दिन में प्रवेश कर लिया है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने बताई ओडिशा दौरे की वजह, कहा, राज्य के विकास के लिए कई बार प्रोटोकॉल तोड़ा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बांगिरिपोसी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को ओडिशा दौरे की वजह बताई। उन्होंने कहा कि राज्य और उनके पैतृक मयूरभंज जिले के विकास कार्यों में गति लाने के लिए मैंने कई बार प्रोटोकॉल तोड़ा और राज्य का दौरा किया है। अपने पांच दिवसीय दौरे के अंतिम दिन राष्ट्रपति ने तीन रेलवे लाइनों के साथ ही आदिवासी शोध कार्य और विकास केंद्र, दंडबोस एयरपोर्ट और उप मंडलीय अस्पताल की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सामान्य तौर राष्ट्रपति का अपने राज्य और जिले में दौरा करने का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि मैंने यहां के लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए कई बार प्रोटोकॉल तोड़ा और यहां बार-बार आई। क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप मैंने वह सब करने का प्रयास किया है जो मुझसे हो सकता था। राष्ट्रपति ने कहा कि जब मैं झारखंड की राज्यपाल थी तो मैंने कई बार रेलमंत्री से जनजातीय क्षेत्रों विकास के लिए कई बार कहा। जब मैं 2000 में ओडिशा की परिवहन मंत्री थी तो मैंने राज्य में कई क्षेत्रों में रेल विकास के लिए रेल मंत्री से कहा था। तब इस पर काम नहीं आगे नहीं बढ़ सका था। मैं प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का धन्यवाद करती हूं कि वहां अब कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों का प्यार और स्नेह उनको यहां पर खींच लाया है। तमाम अहम कामों में व्यस्त रहने के बाद भी मैं अपने क्षेत्र के विकास को लेकर चिंतित रहती हूं। मैं यहां के लोगों और यहां की जरूरतों को जानती हूं। मेरे लिए जितना संभव होगा, मैं अपने कार्यकाल में उतना इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करती रहूंगी। राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी कहा कि हां मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मैं किसी से अनुचित अनुरोध नहीं करूंगी। मयूरभंज राज्य का सबसे बड़ा जिला है और यहां की कुछ आवश्यकताएं हैं। सरकार ने उन जरूरतों को समझा है। मैं उनको सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं। रेलवे संपर्क में ओडिशा में उल्लेखनीय परिवर्तन हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि जिन परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई है, उनसे क्षेत्रीय संपर्क बढ़ेगा तथा क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। वह लोगों के प्यार, स्नेह और आशीर्वाद से ही इस मुकाम पर पहुंच सकी हैं। मुझे इस धरती की बेटी होने पर गर्व है। जिम्मेदारी और व्यस्त कार्यक्रम मुझे मेरी जन्मभूमि और लोगों से दूर नहीं कर सकते। राष्ट्रपति के रूप में अपने ढाई साल के कार्यकाल के दौरान मैंने कई बार राज्य का दौरा किया है। राष्ट्रपति शुक्रवार को अपने पैतृक गांव उपरबेड़ा में अपने स्कूल गईं और यहां उन्होंने संथाली महिलाओं के साथ नृत्य भी किया।

# बेल्लारी में मातृ मृत्यु का आंकड़ा बढ़कर हुआ पांच, सीएम बोले, दोषियों पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू



कर्नाटक के बेल्लारी में करीब एक महीने के अंदर मातृ मृत्यु का आंकड़ा बढ़कर पांच तक पहुंचने के मामले का राज्य सरकार ने संज्ञान लिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने कहा है कि वह इस मामले में विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि नवंबर में बेल्लारी में बच्चों को जन्म देने वाली चार महिलाओं की मौत हुई थी। अब बेल्लारी मेडिकल कॉलेज एवं रिसर्च सेंटर में गुरुवार रात को एक और महिला की मौत हुई। इन सभी मामलों की जांच विकास आयुक्त के नेतृत्व में एक एक्सपर्ट कमेटी की तरफ से की जा रही है। सिद्धारमैया ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा, अब तक पांच मौतें हो चुकी हैं। जब यह आंकड़ा चार पर था, तब मैंने बैठक की थी। हमने इसके बारे में कल मंत्रिमंडल की बैठक में भी बात की। स्वास्थ्य मंत्री (दिनेश गुंडू राव) आज बेल्लारी का दौरा कर रहे हैं। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी भी हैं। सिद्धारमैया ने बताया कि यह मातृ मृत्यु के मामले रिंगर लैक्टेट सॉल्यूशन (मांओं में कम खून या कम रक्तचाप पर दिया जाने वाला इंजेक्शन) की खराब गुणवत्ता के कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले ही ड्रग कंट्रोलर को निलंबित कर दिया है और सॉल्यूशन देने वाली कंपनी को भी निलंबित कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम पहले ही कई कार्रवाई कर चुके हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई भी की जाएगी। गौरतलब है कि सीएम ने 30 नवंबर को इन मामलों के मद्देनजर एक उच्चस्तरीय बैठक की थी। तब उन्होंने इन मौतों को लेकर एक जांच बिठा दी थी।

### भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को घेरा

इस बीच पूर्व मंत्री बी. श्रीरामुलु के नेतृत्व में भाजपा ने बेल्लारी में प्रदर्शन किए। उन्होंने सरकार पर मातृ मृत्यु के मामलों को गंभीरता से न लेने का आरोप लगाया। स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडु राव पर निशाना साधते हुए श्रीरामुलु ने कहा कि मंत्री आज सिर्फ सरकार की इज्जत बचाने के लिए बेल्लारी आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मामले को बेलगावी में होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान उठाएगा। उन्होंने सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि ऐसी घटनाएं आगे न हों। उन्होंने पूछा- क्या दो लाख रुपये का मुआवजा काफी है? इस तरह की मौतों पर रोक लगनी चाहिए। हर एक पीड़िता के परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाना चाहिए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (राज्य ब्यूरो प्रमुख- संतोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)